नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जन-जन की आवाज
द न्यूज फिफ्टीन
RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in
वर्ष :01 | अंक : 189 | नई दिल्ली, गुरुवार 05 सितम्बर 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 |

किल में राघव जुयाल की एक्टिंग देख डर गई थीं... पेज-12

एक नजर

अमृत उद्यान आज विशेष रूप से शिक्षकों के लिए खुला रहेगा

नई दिल्ली, एजेंसी। शिक्षक दिवस के अवसर पर कल गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में स्थित अमृत उद्यान विशेष रूप से शिक्षकों के लिए खुला रहेगा। इसके लिए वे नॉर्थ एवेन्यू रोड के पास राष्ट्रपति भवन के गेट संख्या-35 से आ सकते हैं। उनकी सुविधा के लिए केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से गेट संख्या- 35 तक निःशुल्क शटल बस सेवा भी उपलब्ध होगी। वहीं, अमृत उद्यान ग्रीष्मकालीन वार्षिक संस्करण- 2024 सोमवार को छोड़कर, 16 अगस्त से 15 सितंबर, 2024 तक सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक (अंतिम प्रवेश- शाम 05:15 बजे) आम लोगों के लिए खुला रहेगा। यह प्रवेश निःशुल्क है।

आगंतुक राष्ट्रपति भवन की वेबसाइट (https://visit.rashtrapatibhavan.gov.in) पर ऑनलाइन अपना स्लॉट बुक कर सकते हैं। इसके अलावा आगंतुक गेट संख्या- 35 के बाहर रखे गए सेल्फ सर्विस कियोस्क के माध्यम से भी स्वयं को रजिस्टर कर सकते हैं।

छात्रों को संवैधानिक मूल्यों की जानकारी देते रहें शिक्षक : खड़गे

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा है कि वे छात्रों को बराबर संवैधानिक मूल्यों की जानकारी देते रहें ताकि इतिहास की मनगढ़ंत बातें बताने के प्रयासों को रोका जा सके। श्री खड़गे ने आरोप लगाया कि कुछ समय से देश में अनेकता में एकता के भाव को चोट पहुंचाने का प्रयास हो रहा है और इतिहास को मनमाने तरीके से भावी पीढ़ी को बताने का प्रयास किया जा रहा है। संवैधानिक मूल्यों पर हमला हो रहा है इसलिए शिक्षकों का दायित्व है कि देश के भविष्य को बराबर संवैधानिक मूल्यों की जानकारी देते रहें। श्री खडगे ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को यहां जारी संदेश में कहा,मेरे प्रिय साथियों, आज शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी की पहली लिस्ट जारी

सीएम सैनी समेत 67 उम्मीदवारों का ऐलान

चंडीगढ़, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में कुल 67 उम्मीदवारों के नाम शामिल किए गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लाडवा विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतारा जाएगा। पार्टी ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से प्रमुख नेताओं को चुनावी मैदान में उतारने का निर्णय लिया है। भाजपा ने सीएम नायब सिंह सैनी को चुनावी मैदान में उतारने के अलावा पंचकूला से ज्ञान चंद गुप्ता, अम्बाला कैंट से अनिल विज, जगाधरी से कंवर पाल गुर्जर, रतिया से सुनीता दुग्गल, आदमपुर से भव्य बिश्नोई और सोहना से तेजपाल तंवर को उम्मीदवार बनाया है।

भाजपा की ओर से केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद कई दौर की मशक्कत के बाद यह सूची जारी की गई है। लिस्ट के मुताबिक हरियाणा भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ को बादली से उम्मीदवार बनाया गया है। हाल ही में भाजपा में शामिल हुए देवेंद्र सिंह बबली, संजय कबलाना और श्रुति चौधरी क्रमशः टोहाना, बेरी और तोशाम से चुनाव लड़ेंगे। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती सिंह अटेली से चुनाव लड़ेंगी। कैप्टन अभिमन्यु, कुलदीप बिश्नोई के बेटे भव्य बिश्नोई और पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल के नाम भी इस सूची में शामिल हैं।

हरियाणा विधानसभा की सभी 90 सीटों के लिए एक ही चरण में मतदान होगा। पहले चुनाव की तारीख एक अक्टूबर निर्धारित थी। उसे बदलकर 5 अक्टूबर कर दिया गया। वहीं विधानसभा चुनाव के नतीजे 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। हरियाणा में मौजूदा भाजपा सरकार का कार्यकाल 3 नवंबर 2024 को खत्म हो रहा है। पिछसे विधानसभा चुनाव के नतीजों की बात करें तो भाजपा 40 सीट तो वहीं कांग्रेस 31 सीट जीतने में कामयाब रही थी। अन्य पार्टियों के खाते में 19 सीटें आईं, जिसमें जजपा भी शामिल थी। पिछले विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा और जजपा ने एक साथ सरकार बनाई थी।

मुख्यमंत्री नायब सैनी की सीट बदली गई

सीएम नायब सैनी करनाल की बजाय अब लाडवा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे. तीन मंत्रियों के टिकट काटे गए हैं. बवानी खेड़ा से विशंभर वाल्मीकि, सोहना से संजय सिंह और रनिया से रणजीत चौटाला को बीजेपी ने टिकट नहीं दिया. पूर्व मंत्री संदीप सिंह का भी पेहवा से टिकट कट गया है. रणजीत चौटाला निर्दलीय चुनाव जीतकर विधायक बने थे. उन्हें मंत्री भी बनाया गया था. बाद में बीजेपी में शामिल हो गए थे. बीजेपी की टिकट पर हिसार से लोकसभा चुनाव भी लड़ा था लेकिन अब उन्हें रनिया से विधानसभा चुनाव की टिकट नहीं दी गई. जेजेपी के तीन मौजूदा विधायकों को बीजेपी ने टिकट दिया है. देवेंद्र बबली टोहाना, रामकुमार गौतम सफीदों. उकलाना से अनूप धानक को टिकट दिया गया है.

मौजूदा नौ विधायकों का टिकट कटा

67 उम्मीदवारों की पहली सूची में मौजूदा नौ विधायकों का टिकट काट दिया है. दो विधायकों की सीट बदली गई है. डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा को नलवा की जगह बरवाला तो वहीं कोसली के विधायक लक्ष्मण यादव को कोसली की जगह रेवाड़ी से टिकट दिया गया है. राज्य मंत्री विशंभर वाल्मीकि का टिकट कट गया है. कपूर वाल्मीकि को उम्मीदवार बनाया गया है.

भाजपा उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

क्रम संख्या	सीट	उम्मीदवार
1	लाडवा	नायब सिंह सैनी
2	कालका	शक्ति रानी शर्मा
3	पंचकुला	ज्ञान चंद गुप्ता
4	अंबाला कैंट	अनिव विज
5	अंबाला शहर	असीम गोयल
6	मुलाना	संतोष सरवन
7	सुढ़ौरा	बलवंत सिंह
8	जगाधरी	कंवर पाल गुर्जर
9	यमुनानगर	घनश्याम दास अरोड़ा
10	रादौरा	श्याम सिंह राणा
11	शाहबाद	सुभाष कलसाना
12	थानेसर	सुभाष सुधा
13	पेहोवा	सरदार कमलजीत सिंह अजराना
14	गुहला	कुलवंत बाजीगर
15	कलायत	कमलेश ढांडा
16	कैथल	लीला राम गुर्जर
17	नीलोखेड़ी	भगवान दास कबीरपंथी
18	इंद्री	राम कुमार कश्यप
19	करनाल	जममोहन आनंद
20	घरौंदा	हरविंदर कल्याण
21	पानीपत ग्रामीण	महिपाल ढांडा
22	पानीपत शहर	प्रमोद कुमार विज
23	इसराना	कृष्ण लाल पंवा
24	समालखा	मनमोहन भड़ाना
25	खरखौदा	पवन खरखौदा
26	सोनीपत	निखिल मदान
27	गोहाना	अरविन्द शर्मा
28	सफीदों	राम कुमार गौतम
29	जींद	कृष्ण लाल मिड्ढा
30	उचान कलां	देवेन्द्र अत्री
31	टोहाना	देवेन्द्र सिंह बबली
32	फतेहाबाद	डूडा राम बिश्नोई
33	रतिया	सुनीता दुग्गल
34	कालांवाती	राजिंदर देशुजोधा
35	रनिया	शीशपाल कंबोज
36	आदमपुर	भव्य बिश्नोई
37	उकलाना	अनूप धानक
38	नारनौंद	कैप्टन अभिमन्यु
39	हांसी	विनोद भयाना
40	बरवाला	रणबीर गंगवा
41	हिसार	कमल गुप्ता
42	नलवा	रणधीर पनिहार
43	लोहारू	जेपी दलाल
44	बधरा	उमेद पातुवास
45	दादरी	सुनील सांगवान
46	भिवानी	घनश्याम सर्राफ
47	तोशाम	श्रुति चौधरी
48	बवानी खेड़ा	कपूर वाल्मीकि
49	मेहम	दीपक हुड्डा
50	गढ़ी सांपला-किलोई	मंजू हुड्डा
51	कालानौर	रेनू डाबला
52	बहादुरगढ़	दिनेश कौशिक
53	बादली	ओम प्रकाश धनखड़
54	झज्जर	कप्तान बिरधाना
55	बेरी	संजय कबलाना
56	अटेली	आरती सिंह राव
57	नांगल चौधरी	अभय सिंह यादव
58	कोसली	अनिल दहिना
59	रेवाड़ी	लक्ष्मण सिंह यादव
60	बादशाहपुर	राव नरबीर सिंह
61	गुड़गांव	मुकेश शर्मा
62	सोहना	तेजपाल तंवर
63	पलवल	गौरव गौतम
64	पृथला	टेक चंद शर्मा
65	बल्लभगढ़	मूल चंद शर्मा
66	फरीदाबाद	विपुल गोयल
67	तिगांव	राजेश नागर

उन्नत साझीदारी में बदलेंगे, भारत-ब्रुनेई द्विपक्षीय संबंध

बंदर सेरी बेगवान। भारत एवं ब्रुनेई दारुस्सलाम ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत साझीदारी के स्तर तक ले जाने के इरादे के साथ रक्षा, व्यापार और निवेश, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण, संस्कृति के साथ-साथ लोगों से लोगों के आदान-प्रदान तथा नई और उभरती प्रौद्योगिकियों और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने के लिए सहमति जतायी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यहां ब्रुनेई की राजधानी बंदर सेरी बेगवान के इस्ताना नुरुल ईमान में ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया के साथ बैठक में ये विचार विमर्श हुआ। श्री मोदी के सुल्तान के महल में पहुंचने पर सुल्तान ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने सुल्तान को उनके निमंत्रण के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि किसी भारतीय शासनाध्यक्ष की ब्रुनेई की पहली द्विपक्षीय यात्रा हमारे देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की भारत की गहरी इच्छा को दशार्ती है। इस साल ब्रूनेई की आजादी की 40वीं वर्षगांठ है। सुल्तान के नेतृत्व में ब्रूनेई ने परंपरा और निरंतरता के लिए एक महत्वपूर्ण संगम के साथ प्रगति की है। ब्रूनेई के लिए उनका 'वावासन 2035' विजन सराहनीय है।

उन्होंने कहा, 'गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य-सत्कार के लिए सुल्तान और पूरे शाही परिवार का मैं हृदय से बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूँ। भारतीय प्रधानमंत्री की ब्रूनेई की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा है। लेकिन यहाँ मिले अपनेपन से मुझे, हमारे दोनों देशों के सदियों पुराने संबंधों का एहसास हर पल हम अनुभव कर रहे हैं।

श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनकी यात्रा भारत की विगत 10 वर्षों से चली आ रही 'एक्ट ईस्ट' नीति को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को ध्यान में रख कर आयोजित की गयी है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत साझीदारी तक ले जाने का स्वागत किया। उन्होंने कहा, 'भारत और ब्रूनेई के बीच गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। इस साल हम अपने राजनयिक संबंधों की चालीसवीं सालगिरह मना रहे हैं। इस अवसर पर हमने निर्णय लिया है कि अपने संबंधों को उन्नत साझीदारी का दर्जा देंगे। हमारी साझीदारी को रणनीतिक दिशा देने के लिए हमने सभी पहलूओं पर व्यापक चर्चा की।

विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार और निवेश, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण, संस्कृति के साथ-साथ लोगों से लोगों के आदान-प्रदान सहित कई विषयों पर बातचीत की। वे आईसीटी, फिनटेक, साइबर सुरक्षा, नई और उभरती प्रौद्योगिकियों और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग का पता लगाने और आगे बढ़ाने पर सहमत हुए।

विनेश और बजरंग ने की राहुल से मुलाकात

तेज हुई हरियाणा से चुनाव लड़ने की अटकलें

नई दिल्ली, एजेंसी। हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। कुछ दिनों से अटकलें लगाई जा रही हैं कि पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। इस बीच बुधवार को विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। इसके बाद अब कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों पहलवानों की टिकट पक्की हो सकती है। दरअसल, कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने की अटकलों के पीछे की वजह यह मानी जा रही है कि साल 2023 से चल रहे भारतीय पहलवानों के विरोध के पीछे की वजह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के तत्कालीन अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह थे।

पहलवानों ने उन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद से ही पहलवानों की भाजपा से नाराजगी साफ तौर पर दिखाई देने लगी थी। विनेश फोगाट ने पिछले शनिवार को किसान आंदोलन के 200 दिन पूरे होने पर किसानों के प्रति अपना समर्थन जताया थी। वह शंभू और खनौरी बॉर्डर पर पहुंची थीं। इस दौरान विनेश से यह भी पूछा गया कि क्या वह चुनाव लड़ेंगी? इस पर पहलवान ने जवाब दिया कि वह राजनीति के बारे में नहीं जानतीं, लेकिन किसानों का पूरा समर्थन करती हैं। विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलों ने उस समय और भी जोर पकड़ लिया जब दोनों ने राहुल गांधी से मुलाकात की।

कांग्रेस एक-दो दिन में हरियाणा में अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करने वाली है। वहीं, उम्मीदवारों की सूची जारी होने से पहले पहलवानों की यह मुलाकात इस बात के संकेत को और मजबूत कर रही है कि पहलवान फोगाट और पुनिया हरियाणा विधानसभा चुनाव कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर लड़ सकते हैं। 27 अगस्त 2024 को हरियाणा के जींद में एक कार्यक्रम में विनेश फोगाट ने कहा था कि उन पर राजनीति में आने का दबाव है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह इस बारे में अपने बड़ों से सलाह लेंगी। विनेश ने कहा था कि जब उनका मन स्थिर और साफ होगा, तब वह सोचेंगी कि आगे क्या करना है।

सहारा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, मिलेंगे निवेशकों के पैसे !

सर्वोच्च न्यायालय से आई अच्छी खबर, ग्रुप को दिया अहम आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सहारा समूह से कहा कि वह अपने शीर्ष अधिकारियों और मौजूदा शेयरधारकों के बारे में जानकारी देने के साथ ही उन संपत्तियों की सूची भी उपलब्ध कराए, जिन्हें बेचकर 10 हजार करोड़ रुपये जुटाए जा सकते हैं। निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए यह राशि सेबी-सहारा रिफंड खाते में जमा कराई जानी है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिया था निर्देश

शीर्ष अदालत ने 31 अगस्त, 2012 को सहारा समूह की कंपनियों-सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसआइआरईसीएल) और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एसएचआइसीएल) को निर्देश दिया था कि वे निवेशकों से एकत्र की गई राशि को तीन महीने के भीतर 15 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज के साथ सेबी को वापस करें।

पैसा लौटाने के लिए समाधान निकालेगी अदालत

जस्टिस संजीव खन्ना, एमएम सुंदरेश और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने बुधवार को कहा कि निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए न्यायालय को कोई व्यावहारिक समाधान निकालना होगा, क्योंकि यह मामला एक दशक से अधिक समय से लंबित है।

सहारा समूह ने क्या कहा ?

सहारा समूह ने कहा है कि वह करीब 10 हजार करोड़ रुपये जमा कराने के लिए कोई योजना पेश करेगा। यह मामला बार-बार नहीं चल सकता। न्यायालय द्वारा 25 हजार करोड़ रुपये जमा कराने का निर्देश दिए जाने के बाद से 10 साल से अधिक समय बीत चुका है। हमें कोई व्यावहारिक समाधान निकालना होगा, क्योंकि कंपनी ने अब तक सिर्फ 15 हजार करोड़ रुपये ही जमा कराए हैं।

ग्रुप की तरफ से पेश हुए वकील कपिल सिब्बल

जस्टिस खन्ना ने कहा कि सहारा समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मंगलवार को बताया कि कंपनी शेष राशि जमा करने के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत करेगी। सेबी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने कहा कि 2023 में सुब्रत राय के निधन के बाद कोई नहीं जानता कि कंपनी का नेतृत्व कौन करेगा और अदालत के आदेश के अनुपालन में वह पैसा कैसे जमा करेगी।

त्रिपुरा के दो उग्रवादी गुटों के साथ हुआ शांति समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी। त्रिपुरा में तीन दशक से अधिक समय से चल रहे उग्रवादी हिंसा और संघर्ष से निजात पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत बुधवार को यहां केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में राज्य के दो गुट-नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।

मुख्यमंत्री, त्रिपुरा
अमित शाह
AMIT SHAH

गृह मंत्री ने इस समझौते को त्रिपुरा में 'विकास और शांति के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता' बताया है और कहा कि यह पूर्वोत्तर के विकास के लिए मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने में 'मील का पत्थर' है। गृह मंत्रालय में आयोजित हस्ताक्षर समरोह में उपस्थित एनएलएफटी और एटीटीएफ के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह आनंद का विषय है कि आपने 35 साल द्वंद्व और संघर्ष को समाप्त करने के लिए हथियार डालकर आप मुख्यधारा में शामिल हुए है और समस्त त्रिपुरा के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने सत्ता संभालने के बाद पूर्वोत्तर में शांति स्थापना और विकास के लिए बातचीत का रास्ता अपनाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली और पूर्वोत्तर के बीच फासले को रेल, सड़क और विमान के जरिये किया ही किया, साथ ही उन्होंने दिलों को जोड़ने का भी काम किया है।

गाँव-गली से निकल अपनी मेहनत के बल पर मुकाम पाना बड़ी बात : प्रो. योगेश सिंह

अंतर्राष्ट्रीय पहलवान एवं अभिनेता संग्राम सिंह ने की डीयू कुलपति से मुलाकात

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि गाँव-गली से निकल अपनी मेहनत के बल पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना बड़ी बात है। प्रो. योगेश सिंह ने यह शब्द अंतर्राष्ट्रीय पहलवान एवं अभिनेता संग्राम सिंह से बातचीत के दौरान कहे। संग्राम सिंह बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय कुलपति से मुलाकात करने पहुंचे थे। इस अवसर पर उन्होंने अपनी सेवाएँ निशुल्क डीयू को उपलब्ध करवाने की पेशकश भी की। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष एवं पीआरओ अनूप लाठर भी उपस्थित रहे। संग्राम सिंह द्वारा अपनी संघर्ष पूर्ण जीवन यात्रा सुनाए जाने पर कुलपति ने कहा कि छोटे से बीज से बड़ा वट वृक्ष बनता है। कुलपति ने कहा कि ऐसे व्यक्ति सदा देश हित में ही काम करते हैं और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं। गौरतलब है कि संग्राम सिंह कई वास्तविक हिन्दी टीवी कार्यक्रमों में भी आ चुके हैं। वह बिग बॉस के 7वें संस्करण में भी नजर आए थे। संग्राम का जन्म हरियाणा के रोहतक जिला के मदीना गांव में हुआ। उनका जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था।

संग्राम को रूमेटाइड अर्थराइटिस की बीमारी थी और अपने जीवन के पहले आठ वर्षों तक वे व्हीलचेयर तक ही सीमित रहे। उनके पिता उम्मेद सिंह एक सेवानिवृत्त सेना के जवान हैं। उनकी मां रामोदेवी एक गृहिणी हैं। संग्राम सिंह ने 1999 में दिल्ली पुलिस के साथ एक खिलाड़ी के रूप में अपना करियर शुरू किया और अखिल भारतीय पुलिस खेल 2005 में उन्होंने दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक जीता। 2012 में दक्षिण अफ्रीका में एक मैच के बाद, उनकी शैली, सहनशक्ति और कुश्ती की प्रकृति के लिए उन्हें विश्व कुश्ती पेशेवरों (डब्ल्यूडब्ल्यूपी) द्वारा विश्व के सर्वश्रेष्ठ पेशेवर पहलवान का खिताब दिया गया था। 2015 में संग्राम सिंह ने पोर्ट एलिजाबेथ में लास्ट मैन स्टैंडिंग फाइट में जो ई. लीजेंड को हराकर डब्ल्यूडब्ल्यूपी कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैम्पियनशिप जीती। 2016 को दक्षिण अफ्रीकी पहलवान अनंजी को हराकर दूसरी बार डब्ल्यूडब्ल्यूपी कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैम्पियनशिप जीती, बेल्ट भारत में ही रही। पहलवान संग्राम सिंह ने पूरे भारत से कई बच्चों को गोद लिया है ताकि उन्हें शिक्षित किया जा सके और उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य प्रदान किया जा सके।

दिल्ली सरकार की नाकामी पर चर्चा हुई कोंडली में कांग्रेस की बैठक में : मौर्य

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के दिशा निर्देश अनुसार कोंडली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक मीटिंग का आयोजन न्यू कोंडली ब्लॉक के पार्क में कोंडली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुज कुमार मौर्य को अध्यक्षता में किया गया है जिसमें जिला जिला पटपड़गंज के ऑब्जर्वर पूर्व चेयरमैन ईश्वर सिंह बागड़ी कोंडली विधानसभा से बी.एल.ए. धर्मपाल मौर्य पूर्व विधायक अमरीश गौतम पूर्व निगम पार्षद विद्या देवी हीरा लाल वर्मा पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, भोला सिंह जाटव मंडल अध्यक्ष फूल कुमार, दिनेश कसाना, चेरियन जोसेफ, महिला अध्यक्ष बदर इरफान, राधिका सिंह मंजू दीक्षित, चंचल धीर एवं कोंडली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न हिस्सों में बारिश, और वर्षा होने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के विभिन्न हिस्सों में बुधवार दोपहर बारिश हुई, जिससे कई जगहों पर जलभराव हो गया। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले कुछ घंटों में और अधिक बारिश होने का अनुमान जताया है। दक्षिण, मध्य, उत्तर, नई दिल्ली सहित दिल्ली के कई हिस्सों में तथा नोएडा और गुरुग्राम के कुछ हिस्सों में भारी यातायात जाम देखा गया। मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में कहा, आगामी कुछ घंटों में दिल्ली में हल्की से मध्यम बारिश, हल्की आंधी, बिजली चमकने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। येलो अलर्ट खराब मौसम तथा स्थिति के और अधिक बिगड़ने की आशंका को दशार्ता है, जिससे जन-जीवन प्रभावित हो सकता है। मौसम विभाग देश में मौसम संबंधी अलर्ट जारी करने के लिए चार रंगों का उपयोग करता है। ये रंग और इनके संदेशग्रीन (किसी कार्रवाई की जरूरत नहीं), येलो (नजर रखें और निगरानी करते रहें), ऑरेंज (तैयार रहें) और रेड (कार्रवाई/सहायता की जरूरत) हैं। दिल्ली में आर्द्रता का स्तर 85 प्रतिशत दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

बंगाली समाज द्वारा निकाला गया कैंडल मार्च : वाजपेयी

नई दिल्ली, एजेंसी। बंगाली समाज गांधी नगर द्वारा पश्चिम बंगाल की डॉक्टर मौमिता देवनाथ की नृशंस हत्या के विरोध में कैंडल मार्च काली माता मंदिर से झील चौक तक निकाला गया। गांधीनगर के विधायक अनिल बाजपेई ने बताया कि उपस्थित सभी महिलाओं पुरुष एवं बच्चों ने अपने हाथों में कैंडल लेकर एक किलोमीटर से अधिक तक पैदल मार्च किया। सभीं लोग डॉक्टर मौमिता के हत्यारों को फांसी दो फांसी दो व वी वांट जस्टिस पश्चिम बंगाल की सरकार को बर्खास्त बर्खास्त करने की मांग कर रहे थे। अंत में उपस्थित सभी लोगो ने डॉक्टर मौमिता देवनाथ की तस्वीर के सामने कैंडल जलाकर 2 मिनट मौन रखकर श्री प्रभू से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में ऋषि राय, डॉक्टर अरिंदम राय, संजय कुमारदेवाशीष राय, अनितानना रुद्रा, नैतिक दास, स्त्रीया रुद्रा, नैतिक, मालती कट्टा स्निग्धा, मुस्कान, पिंकी, चानन्ना, मीनू शर्मा कीर्ति गोयल समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

एसओएल में बीए व बीकॉम प्रोग्राम हिट

सर्वाधिक 44 हजार दाखिले बीए प्रोग्राम कॉम्बिनेशन में हुए
14 हजार विद्यार्थियों ने कराया बीकॉम में अपना दाखिला

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विश्वविद्यालय के नियमित कॉलेजों के दाखिले के समान ही एसओएल(स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग) में भी बीए व बीकॉम प्रोग्राम दाखिला लेने में हिट साबित हो रहे हैं। एसओएल में अन्य प्रोग्राम के मुकाबले में इन्हीं दो कोर्सेज में सर्वाधिक दाखिले हो रहे हैं। डीयू के नियमित कॉलेजों में दाखिले के लिए तीसरी सीट आवंटन सूची के बाद एसओएल में दाखिला लेने वालों की संख्या और बढ़ जाएगी। वही पहले ही यहां दाखिला लेने की अंतिम तिथि को 31 अगस्त से बढ़ाकर 15 सितंबर तक कर दिया गया है। लगभग दो महीने की दाखिल प्रक्रिया के दौरान अब तक एसओएल में करीब 1 लाख 18 हजार से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। जबकि 80 हजार से अधिक ने फीस का भुगतान कर अपने दाखिले को पक्का कर लिया है। इस बार अभी दाखिला लेने की रफ्तार थोड़ी धीमी है दरअसल ऐसा कहा जा रहा है कि कई छात्रों ने अन्य विश्वविद्यालयों या संस्थानों में दाखिला ले लिया है। अभी दाखिला प्रक्रिया समाप्त होने में 10 दिन का समय है ऐसे में उम्मीद है कि दाखिला लेने वालों का आंकड़ा बढ़ जाएगा। कैंपस ऑफ ओपन लर्निंग (सीओएल) की निदेशक प्रो. पायल मागो ने बताया कि स्नातक स्तर पर एक लाख 18 हजार पंजीकरण हुए हैं जबकि 80549 विद्यार्थियों ने फीस का भुगतान कर दिया है। सर्वाधिक 44 हजार दाखिले बीए प्रोग्राम कॉम्बिनेशन में हुए हैं। इनमें से बीए प्रोग्राम राजनीति विज्ञान कॉम्बिनेशन में 17 हजार दाखिले हो चुके हैं। जबकि बीकॉम में 14 हजार, राजनीति विज्ञान ऑनर्स में 11 हजार, बीकॉम ऑनर्स में 10 हजार, इतिहास ऑनर्स में सात हजार दाखिले हुए हैं। सिविल सर्विसेज की तैयारी करने वाले लेते हैं आर्ट्स कोर्सेज में दाखिले आर्ट्स से जुड़े कोर्सेज में ज्यादा दाखिला होने पर प्रो. मागो ने कहा कि राजनीति विज्ञान, इतिहास, समाजशास्त्र, भूगोल जैसे कोर्सेज की पढ़ाई करके छात्र सिविल सर्विसेज की तैयारी करना चाहते हैं, इसलिए वह इन कोर्सेज में दाखिला लेने में ज्यादा रूचि दिखाते हैं।

बाबरपुर जिला कांग्रेस कमेटी के 15 ब्लॉकों में मासिक बैठक का आयोजन

जुबेर अहमद, जितेन्द्र बघेल हुए बैठकों में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के निर्देश पर बाबरपुर ज़िला के 19 ब्लॉकों में से 15 ब्लॉकों में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष चौधरी जुबैर अहमद ने की और मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी जितेंद्र बघेल, अशोक जैन, पूर्व विधायक वीर सिंह धींगान, भीष्म शर्मा, डेली गेट सैयद नासिर जावेद शामिल हुए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चौधरी जुबैर अहमद ने कांग्रेस कार्यकताओं, नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब एक परिवार की तरह हैं और इसी परिवार ने अपनी मेहनत की बदौलत बाबरपुर ज़िला ने जो पहचान पूरी दिल्ली में बनाई है, उसकी दूसरी मिसाल देखने को नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि चाहे एमसीडी चुनाव 2022, हो या लोकसभा चुनाव 2024 दिल्ली में कांग्रेस को मजबूत करने और इसका वोट प्रतिशत बढ़ाने में बाबरपुर ज़िला कांग्रेस कमेटी के एक एक सिपाही ने अहम भूमिका निभाई है, जिसका सकारात्मक परिणाम हम सभी देख चुके है। जुबैर अहमद ने कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक है और हमें दोगुनी गति से काम करना है। इसीलिए दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से हर महीने बैठकें आयोजित करने का निर्देश है। जिसको बाबर पूर ज़िला कांग्रेस कमेटी के लोग एक दूसरे के सहयोग से बखूबी निभा रहे है। बैठक में न सिर्फ कांग्रेस के लोग शामिल हो रहे हैं, बल्कि बड़ी संख्या में आम लोग भी शामिल हो रहे हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि विधानसभा चुनाव में बदलाव तय है। वीर सिंह धींगान और डेली गेट सैयद नासिर जावेद ने संयुक्त रूप से कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अब तक जितने भी अभियान या आंदोलन चलाए हैं उनमें आम लोगों की समस्याओं को शामिल किया है और उनके अधिकारों की बात की है। हमारे नेता राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश में नफरत फैलाने वालों को बताया कि यह देश सबके सहयोग से चलेगा और इस देश में एक विचारधारा को कभी जगह नहीं मिल सकती। उन्होंने कहा कि सभा में आए लोगों की संख्या इस बात की गवाह है कि एक बार फिर कांग्रेस का युग आ रहा है। बैठक में कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं ने भी संगठन की मजबूती के लिए अपने विचार व्यक्त किए। प्रमुख प्रतिभागियों में रियाजुद्दीन राजू, रियासत साहिल, सरताज अहमद, राजकुमार शर्मा, शहजाद खान, हाजी जरीफ, संजय गौड, देव आनन्द. डक्टर जहांगीर, कुलदीप भाटी, मुकेश पांचाल, भारत कौशिक, हरेन्द्र सिंह लकी, मुहम्मद आकुल, नवीन शर्मा, सतीश बेदी, संजय गुप्ता मोहम्मद नदीम, चौधरी अजीत सिंह, जमशेद खान, फैजान कुरैशी, मोहम्मद आमिर, दानिश सैफी, संजीव शर्मा, मयंक चतुर्वेदी, जरार सिद्दीकी, राजेन्द्र प्रधान, नसीम अख्तर, के.एस.कमल, हारून इदरीसी, बाबर खान, वसीम सिद्दीकी, के आलावा बड़ी तादाद मे कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

दस साल के शासन में आप पार्टी नें कर दिया दिल्ली का बुरा हाल : ईश्वर बागड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के निदेर्शानुसार गोकुल पुर विधानसभा के जोहरीपुर ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी की मासिक बैठक हुई आयोजन रोशन लाल के निवास कन्हैया विहार चौक जोहरीपुर गाँव में हुई जिसकी अध्यक्षता पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष अली हसन ने की मंच का संचालन शशि केन पूर्व जिला उपाध्यक्ष ने किया जिसमें ऐनजीओ सहित व अन्य कार्यकर्ता एवं के पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

ईश्वर सिंह बागड़ी ने समस्याओं के बारे में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सड़कों की हालत जगह जगह गड्ढे टूटी फूटी नाली सफाई ना होना हर जगह पानी का भरना आज ये हाल है। दिल्ली सरकार व दिल्ली नगर निगम अधिकारी विधायक एवं निगम पार्षद कहा सोये हुए है इन ग्यारह साल में दिल्ली का बुरा हाल कर दिया आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए संगठन का विस्तार एवं मजबूत कार्य योजना के तहत सभी कार्यकताओं की जिम्मेदारी तय किए जाने पर जोर दिया। बैठक में ईशवर सिंह बागड़ी पूर्व चेयरमैन एन एल निगम, सुमंत मलिक, नरेश पाल भागमल वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता कमरुद्दीन सैफी मिडिया प्रभारी ऋषभ कुमार सुलभ कुमार राम स्वरूप कुंवर पाल आशीष टांक पूर्व वाइस चेयरमैन एससी अजीत टांक नेता प्रमोद जैनत यूवा नेता ज्यानंद झा जाकिर उल हसन आजाद सिद्दीकी रहिसुद्दीन आशु भाई मुन्ना पाल बृज पाल बागडी इमरान मलिक ओमकार सूर्यवंशी ललित चोहान ओमदत सुमन लता शबाब सैफी शफीक सैफी दानिश सैफी राजकुमार दर्शन कुमार मोहित शर्मा तुषार कुमार सहित करीब एक सौ पचास कांग्रेस नेतागण एवं कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आईएनए नाले की तुरंत सफाई शुरू करें अधिकारी : उपराज्यपाल

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आईएनए मार्केट के सामने स्थित एमसीडी के नाले का निरीक्षण कर अधिकारियों को तुरंत इसकी सफाई करने के निर्देश दिए। एलजी के इस दौरे को पिछले 10 वर्षों में इस क्षेत्र में किसी भी उच्च पदस्थ अधिकारी का पहला दौरा माना जा रहा है। आईएनए मार्केट के पास स्थित यह 6.5 किलोमीटर लंबा नाला, जो कुशक नाले में मिलकर अंततः यमुना नदी में बहता है, भारी अतिक्रमण और अनुचित ढंग से बनाए गए खंभों के कारण बुरी तरह जाम हो गया है। इसके कारण नाले में पानी का प्रवाह बाधित हो गया है, जिससे न केवल जलजमाव की समस्या पैदा होती है, बल्कि आसपास के क्षेत्रों जैसे आईएनए मार्केट, सेवा नगर, सदिक नगर, अंसारी नगर, साउथ एक्स पार्ट 1 और एम्स क्रॉसिंग में जलभराव की स्थिति बन जाती है। एलजी के आदेश के बाद पहले ही दिन हजारों टन मलबा हटाया गया। यह सफाई अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक कि पूरा नाला साफ नहीं हो जाता।

पार्क में युवक पर चाकू से हमला

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली में जहांगीरपुरी के आई ब्लाक स्थित पार्क में एक बदमाश ने युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकू पेट में लगने के कारण युवक की आतें बाहर आ गईं। वहीं, दोस्तों की मदद से घायल युवक को पास के ही बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया। घायल युवक के दोस्तों के बयान के आधार पर महेंद्रा पार्क थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। मोहित अपने परिवार के साथ जहांगीरपुरी में रहता है। मोहित ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह अपने दोस्त चांद के साथ जहांगीरपुरी आई-ब्लाक स्थित एक पार्क में बैठकर बातें कर रहा था। तभी अभिषेक नाम का व्यक्ति पार्क में आया। चांद से अपशब्द कहने लगा। वहीं, देखते ही देखते दोनों के बीच बहस होने लगी। इस दौरान अभिषेक चांद को जान से मारने की धमकी देने लगा। कहने लगा कि इससे पहले भी वह हत्या के केस में जेल से वापस आ चुका है। तभी अभिषेक ने अपने जेब से एक चाकू निकाला और चांद पर जानलेवा हमला कर दिया। चांद के पेट में चाकू लगते ही, वह पार्क में गिर गया। उसके पेट से आतें बाहर आ गईं। इस दौरान उसका काफी खून बहने लगा। मोहित ने बताया कि शोर मचाने पर मेरा दोस्त रितेश घटनास्थल पर आ गया। हम दोनों तुरंत चांद को पार्क से उठाकर पास के ही बाबू जगजीवन राम अस्पताल लेकर गए। हालत गंभीर देख डॉक्टर ने उसे अन्य बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां घायल का इलाज जारी है। पुलिस ने मोहित के बयान के आधार पर आरोपित के खिलाफ बीएनएस की धारा 109 (1) के तहत मामला दर्ज कर आरोपितों का पता लगा रही है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि जल्द ही आरोपित को पकड़ लेगी।

एक नजर

रोडरेज में बीच बचाव करने पर सुरक्षाकर्मी को पीटा

नई दिल्ली, एजेंसी। सफदरजंग में एक सितंबर को रोडरेज में बीच बचाव करना सुरक्षाकर्मी को भारी पड़ गया। कार सवार युवक ने उसकी जमकर पिटाई की और फिर उसका मोबाइल लेकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल 36 वर्षीय राजू करण श्रीवास्तव मूलतः गया, बिहार का रहने वाला है। उसने बताया कि वह महिपालपुर में किराए के मकान में रहता है और ग्रीन पार्क स्थित एक घर में सुरक्षाकर्मी है। एक सितंबर की दोपहर ग्रीन पार्क में वह अपनी ड्यूटी पर था। इसी दौरान एक कार सवार से बाइक टच हो गई। इसके बाद बाइक और गाड़ी वाले के बीच झगड़ा होने लगा। पीड़ित ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ घटनास्थल पर पहुंचा और दोनों पक्षों को शांत कर झगड़ा बंद करा दिया। बाइक सवार दोनों युवक मौके से चले गए, लेकिन गाड़ी में सवार एक शख्स उतरा और उसने पीड़ित को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी सूरज को गिरफ्तार कर उसके पास से फोन बरामद किया।

अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। द्वारका जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने 28 अगस्त को हथियार तस्करी के आरोप में 23 वर्षीय तौफीक मोहम्मद को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से दो पिस्तौल और पांच कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि तौफीक अपना गिरोह चलाता है। इस गिरोह के बाकि साथियों लवकुश और नासिर को पुलिस ने मार्च में गिरफ्तार किया था। इन्होंने रमजान, आमिर और तौफीक के नामों का खुलासा किया था। टीम तभी से आरोपी की तलाश कर रही थी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त निशांत गुप्ता ने बताया कि कुछ दिन पहले पुलिस को तौफिक के अलवर में होने की सूचना मिली, जहां पर छापा मारकर उसे गिरफ्तार किया गया।

चोरी की स्कूटी पर अदालत पहुंचा चोर, गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। शाहदरा जिला एसटीएफ ने सोमवार को एक चोर को गिरफ्तार किया। ये अदालत में चोरी के एक मामले की सुनवाई के लिए चोरी की ही स्कूटी से अदालत पहुंचा था। इसकी निशानदेही पर कुल पांच दोपहिया वाहन बरामद हुए हैं। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि जांच में इसके खिलाफ हत्या, लूट और वाहनचोरी के कुल 11 आपराधिक मामले दर्ज मिले हैं। आरोपी की पहचान अमित शर्मा उर्फ भोला के रूप में हुई है।

साल 2010 में अपने गुर्गों के साथ मिलकर ऑटो लूटने के दौरान ऑटोचालक की हत्या कर दी थी। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, सोमवार को एसटीएफ टीम को आरोपी के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। पता चला कि अमित नामक एक चोर कड़कड़डूमा अदालत में अपने चोरी के एक मामले की सुनवाई में शामिल होने के लिए चोरी की एक स्कूटी से आने वाला है। सूचना के बाद तत्काल पुलिस टीम अदालत के बाहर सादे कपड़ों में योजनाबद्ध तरीके से तैनात हो गई। सुबह के समय आरोपी ने अमित ने अपनी स्कूटी कड़कड़डूमा अदालत के बाहर खड़ा किया था। पुलिस स्कूटी के पास ही आरोपी के आने का इंतजार करने लगी। शाम करीब 4.30 बजे एक व्यक्ति स्कूटी के पास आया और स्टार्ट करने के दौरान पुलिस ने इसे दबोच लिया। पूछताछ में इसकी पहचान अमित शर्मा उर्फ वेद प्रकाश शर्मा के रूप में हुई। इसकी स्कूटी भजनपुरा इलाके से चोरी पाई गई। इसके बाद मामला दर्ज कर इसे गिरफ्तार कर लिया गया। इसकी निशानदेही पर चोरी के चार अन्य दोपहिया वाहन बरामद कर लिए गए। इसने अपने एक सहयोगी विशाल गुप्ता के बारे में बताया कि उसके साथ मिलकर ही यह वारदात को अंजाम देता था। पुलिस विशाल की तलाश कर रही है।

कोचिंग सेंटर हादसा : स्पेशल कोर्ट ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली, एजेंसी। राउज एवेन्यू कोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नगर में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में सिविल सेवा के तीन अभ्यर्थियों की डूबने से मौत के मामले में छह लोगों को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) निशांत गर्ग ने अभिषेक गुप्ता, देशपाल सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह, सरबजीत सिंह और परविंदर सिंह को 18 सितंबर तक हिरासत में भेज दिया। एसीएमएम ने सीबीआई की ओर से दायर न्यायिक हिरासत की मांग वाले आवेदन पर यह आदेश पारित किया। आरोपियों को उनकी चार दिन की सीबीआई हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया था। केंद्रीय एजेंसी ने अदालत से कहा कि आगे उनसे हिरासत में पूछताछ की जरूरत नहीं है। सीबीआई ने विभिन्न कथित अपराधों के लिए मामला दर्ज किया है जिसमें आपराधिक लापरवाही, कर्तव्यों की उपेक्षा और स्थानीय अधिकारियों के अधिकारियों सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा किए गए भ्रष्ट आचरण शामिल हैं। इससे पहले 31 अगस्त को अदालत ने सभी आरोपियों को चार दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया गया था।

सड़ी-गली हालत में घर से युवक का शव बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी। चंदर विहार स्थित एक घर से सोमवार को सड़ी-गली हालत में शव बरामद हुआ है। जांच में सामने आया कि भूपिंदर के एचआईवी से ग्रसित होने पर रिश्तेदारों ने अकेला छोड़ दिया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बहन को शव सौंप दिया है। चंदर विहार की गली संख्या 29 से गुजरते समय हर्षित मिश्रा ने बदबू आने पुलिस को सूचना दी थी। एसआई मनोज कुमार ने मौके पर पहुंचकर देखा तो फर्श पर शख्स की सड़ी गली हालत में लाश पड़ी थी। जांच में पता चला कि भूपिंदर नशे का आदी था और वह कुछ समय पहले एचआईवी से ग्रसित हो गया था। रिश्तेदारों ने उसे अकेला छोड़ दिया था। इस बीच बीमारी और भूख की वजह से उसकी मौत हो गई।

मिलन विहार में दिव्यांग लोगों के लिए लगाया गया जांच शिविर : आदेश भारद्वाज

नई दिल्ली, एजेंसी। विगत लगभग 20 वर्षो से 108 बेसहारा बुजुर्गो को गोद लेकर उनकी देखभाल करती आ रही सामाजिक संस्था हेरिटेज इंडिया ने हमेशा की तरह ही मानवीय पहल करते हुए बुराड़ी विधानसभा के मिलन विहार में दिव्यांग लोगों के लिए एक जांच शिविर लगवाया। इस शिविर में विभिन्न रोगों और शारीरिक अक्षमताओं की जांच के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद रही। इस शिविर में जांच के बाद लगभग 250 से ज्यादा दिव्यांगों को चिन्हित कर अलग अलग तरह की मदद मिलेगी जिसमे से किसी को सुनने की मशीन, किसी को कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर या बैसाखी, कृत्रिम आंख और नेत्रहीनों के लिए हाथ की छड़ी चश्मे जैसे जरूरी यंत्र या उनसे जुड़ी दूसरी अन्य चीजे उपलब्ध कराई जाएंगी।

संस्था के अध्यक्ष एस एन दुबे और संस्था के राष्ट्रीय सलाहकार आदेश भारद्वाज ने बताया कि हमारी यह संस्था एक लंबे समय से 108 बेसहारा बुजुर्गों को गोद लेकर उनके आश्रय से लेकर उनके भोजन, दवाएं और कपड़ों का इंतजाम करती आ रही है। हमे कई जरूरत मंद और अन्य लोगों द्वारा कुछ गरीब और मजबूर दिव्यांग लोगों के लिए कृत्रिम अंग और उनके जीवन को सरल बना देने वाली कुछ जरूरी चीजे को उपलब्ध करवाने के लिए कहा गया था। लेकिन जब हमने इसका खाका तैयार किया तो हमें सर्वप्रथम यह महसूस हुआ कि सबसे पहले उन दिव्यांगों की जांच जरूरी है कि अगर किसी को कृत्रिम हाथ, पैर या कोई और कृत्रिम अंग चाहिए तो वह किस साइज का हो, दाएं हाथ या पैर या फिर बाएं। इसके लिए पहले हमने जांच शिविर का आयोजन कर ऐसे लोगों को चिन्हित किया।

केंद्र व राज्य सरकार की राजनीतिक लड़ाई दिल्ली बना लापरवाह अधिकारियों की राजधानी

सबसे आगे लापरवाही में दिल्ली जल बोर्ड का ड्रेनेज विभाग जिसकी चर्चा दिल्ली के कोने कोने है

हरी विहार, ककरोला वार्ड (नई दिल्ली): मामला है ककरोला वार्ड का जहा दो साल पहले डीजेबी के ड्रेनेज विभाग द्वारा स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए सीवर लाइन डाली गई लेकिन स्थानीय निवासियों के अनुसार तब से ही वह नरकीय जीवन जीने के लिए बेबस हो गए। आइए जानते है ऐसा क्यों कह रहे है स्थानीय निवासी, जब से जल, मल/मूत्र निकासी की सुविधा के लिए सीवर डाले गए उसके कुछ महीने पश्चात से पीने का पानी में बदबू आनी शुरू हो गई और अब सीवर का पानी आता, सीवर ओवरफ्लो हो सड़को पर बहने लगे व घरों में बैक मारने लगे जिसके लिए लोग रोजाना डीजेबी से शिकायत करने लगे।

शिकायतो का सिलसिला थमा नहीं था की एक मुख्य रोड पर जमीन ही धंस गई तो ज्ञात हुआ यहां लगभग सात फुट का पाइप का हिस्सा जोडना था मगर ठेकेदार ने बचे हुए दो फिट के पाइप से काम चला काम समाप्त कर दिया और डीजेबी के ड्रेनेज विभाग के अधिकारियो ने काम समाप्त की घोषणा करते हुए ठेकेदार को मेडल भी दे दिया। जब यह मामला रणबीर सिंह सोलंकी, विख्यात समाज सेवी, चेयरमैन (फेडेरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रीक्ट वेलफेयर फोरम, दिल्ली) के सामने आया तो उन्होंने संज्ञान लेते हुए तत्काल टीम के साथ मुआयना कर समस्या को गंभीरता से डीजेबी के सभी प्रमुख अधिकारियों को बताया जिसको मीडिया ने भी उठाया। मुख्य अभियंता अनिल शर्मा जो पहले से ही पालम विधानसभा में ड्रेनेज विभाग द्वारा लगभग पांच साल पहले डाले सीवर सिस्टम का हैंडओवर लेने के बाद से रोजाना दो चार हो रहे है और आए दिन उनके ऑफिस पर धरने प्रदर्शन हो रहे है इसलिए मामले को गंभीरता से ले तत्काल ड्रेनेज विभाग के संबधित अधिकारों के साथ निस्कर्ष कर उचित करवाई करने का निर्देश दिया जिसके चलते ड्रेनेज विभाग की लापरवाही उजागर हुई और अभी इसका हैंडओवर अभी ड्रेनेज विभाग से नही लिया गया है। रणबीर सिंह सोलंकी जी ने बताया ड्रेनेज विभाग के अधिकारी श्याम बिहारी के निरीक्षण में जहा जहा भी सीवर लाइन डाली गई है।

वहा की जनता नरकीय एवम दयनीय स्थिति में जी रही है, अधिकारियों को सरकार तनख्वाह अपनी शिक्षा व अनुभव का उपयोग कर सही से कार्य कराने के लिए देती है लेकिन फिर भी सरकारी धन से होने वाले कामों जो जनता की सुविधा के लिए हो रहे है वहीं जनता इन किए गए कामों से त्रस्त है। पालम एवम मटियाला विधानसभा के क्षेत्र वासियों ने मांग कि श्याम बिहारी द्वारा जहा भी आज तक काम हुए उनकी विभागीय कमेटी बना जांच हो और साथ ही विजिलेंस जांच भी हो जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग निजी स्वार्थ में न हो और ऐसे अधिकारी व ठेकेदार बेनकाब हो साथ ही इस कार्य को करवाने के लिए मुख्य अभियंता अनिल शर्मा का धन्यवाद करते है।

नोएडा में एसीआर का शातिर लुटेरा मुठभेड़ में घायल

ऋषि तिवारी

नोएडा। थाना सेक्टर-63 नोएडा में पुलिस ने एक पुलिस मुठभेड़ के दौरान एनसीआर के एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है। पुलिस इसके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। अपर पुलिस उपायुक्त ह्रदेश कठेरिया ने बताया है कि आज सुबह को थाना सेक्टर-63 पुलिस बदमाशों की तलाश में चेकिंग कर रही थी, तभी बहलोलपुर गांव के पास एक बदमाश बाइक पर सवार होकर आता हुआ दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस ने उसे रूकने का इशारा किया।बदमाश रुकने की बजाए पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाता हुआ भागने लगा। उन्होंने बताया की जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी गोली चलाई। अपर उपायुक्त ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाई गई गोली दीपक राय पुत्र सोमप्रकाश राय निवासी जनपद संत कबीर नगर हाल निवासी छिजारसी कॉलोनी सेक्टर-63 के पैर में लगी है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने बताया कि इसकी निशानदेही पर विभिन्न जगहों से लूटे हुए 6 मोबाइल फोन, चोरी की मोटरसाइकिल जो की घटना में प्रयुक्त होती थी, अवैध हथियार आदि बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि उक्त बदमाश के ऊपर नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली के विभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज है। उन्होंने बताया कि इस बदमाश ने एनसीआर में लूटपाट की दर्जनों वारदातें करनी स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि उक्त बदमाश के पास से कुछ दिन पूर्व थाना सेक्टर-63 क्षेत्र से एक मीडिया कर्मी का लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है।

पुलिस की वाहवाही लूटने का नया तरीका, वारदात के समय घटना को बताया लूट

ऋषि तिवारी

ग्रेटर नोएडा। 28 अगस्त 2024 को शाम करीब 7:45 बजे सरस्वती इन्कलेव कुलेसरा में स्थित एक मकान में डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस घटना में वादी के घर में घुसकर करीब 10,000 रुपये नकद और कीमती ज्वैलरी की लूट ली गई। जब वादी अचानक मौके पर पहुंच गया तो आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे तमंचा और चाकू दिखाकर डराया। उस दौरान पुलिस ने डकैती को लूट में तब्दील कर दिया और कहा कि वारदात के समय पीड़ित परिवार भी घर में नहीं था।

एडिशनल डीसीपी ह्रदेश कटारिया ने बयान जारी करते हुए कहा था कि लूट के वक्त 4 बदमाश मौके पर मौजूद थे। जिनमें से एक बदमाश निगरानी कर रहा था और तीन बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। लेकिन अब इसमें हैरान कर देने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस उस वारदात को लूट बताती रही और अब खुलासे के वक्त डकैती बता रही है। अब पुलिस ने कहा है कि एक गैंग है, जिसमें 7-8 सदस्य हैं। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 2 अवैध तमंचे, 4 जिंदा और 2 खोखा कारतूस, घटना में इस्तेमाल बाइक, स्विफ्ट डिजायर कार , 39,700 रुपये कैश और करीब 2 तोला गला हुआ सोना बरामद किया। बता दे कि डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया है कि गौतमबुद्ध नगर जिले के थाना इकोटेक-3 के अंतर्गत एक संगठित गिरोह द्वारा डकैती की घटना को अंजाम देने के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह 8-10 सदस्यों का एक संगठित समूह है, जो अलग-अलग स्थानों पर रैकी करके एकांत में बने घरों को निशाना बनाता है। गिरोह के सदस्य अलग-अलग जिलों में भी बंद पड़े मकानों की रैकी कर चोरी और लूट की घटनाओं को अंजाम देते हैं। डीसीपी ने बताया कि गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई। जिसने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान पुलिस ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर आ रहे दो बदमाश आमिर और दिलशाद को रोकने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दोनों को घायल कर दिया और उन्हें मौके पर ही हिरासत में ले लिया। मुठभेड़ के दौरान इनके अन्य साथी मौके से फरार हो गए। अन्य बदमाश दूसरी कार में सवार थे। पुलिस अब उनकी तलाश कर रही है।

नोएडा में पुलिस पर गोली चलाकर भाग रहा एसीआर का शातिर लुटेरा मुठभेड़ में हुआ घायल

नोएडा, एजेंसी। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने एक पुलिस मुठभेड़ के दौरान एनसीआर के एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है। पुलिस इसके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि आज सुबह को थाना सेक्टर-63 पुलिस बदमाशों की तलाश में चेकिंग कर रही थी, तभी बहलोलपुर गांव के पास एक बदमाश बाइक पर सवार होकर आता हुआ दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस ने उसे रूकने का इशारा किया। बदमाश रुकने की बजाए पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाता हुआ भागने लगा। उन्होंने बताया की जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी गोली चलाई। अपर उपायुक्त ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाई गई गोली दीपक राय पुत्र सोमप्रकाश राय निवासी जनपद संत कबीर नगर हाल निवासी छिजारसी कॉलोनी सेक्टर-63 के पैर में लगी है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

उन्होंने बताया कि इसकी निशानदेही पर विभिन्न जगहों से लूटे हुए 6 मोबाइल फोन, चोरी की मोटरसाइकिल जो की घटना में प्रयुक्त होती थी, अवैध हथियार आदि बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि उक्त बदमाश के ऊपर नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली के विभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज है। उन्होंने बताया कि इस बदमाश ने एनसीआर में लूटपाट की दर्जनों वारदातें करनी स्वीकार की है।

परिवार सोता रहा, घर में घुसकर लाखों का सामान ले गए चोर

नोएडा,एजेंसी। सेक्टर-11 स्थित घर से बदमाश गहने, नगदी और कीमती सामान चोरी करके ले गए। घटना के समय पीड़ित परिवार घर में ही सो रहा था। सेक्टर-24 पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-11 निवासी राहुल कौशिक ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि वह एक सितंबर की सुबह करीब पांच बजे सोकर उठे तो अलमारी का सामान बिखरा मिला। उन्होंने इसकी जानकारी पत्नी श्वेता को दी। दोनों ने चेक किया तो पता चला कि रात में बदमाश घर में घुसे और अलमारी का ताला तोड़कर गहने, नगदी और कीमती सामान चोरी करके ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

अंतरराष्ट्रीय स्वामी प्रज्ञानंद सम्मान से सम्मानित हुई डा.पुष्पा सिंह विसेन

दिल्ली सीरीफोर्ट आडोटोरियम में तीन सितंबर को,एक शाम स्वामी प्रज्ञानंद जी के नाम। भव्य समारोह स्वामी प्रज्ञा नंद जी महाराज के अवतरण दिवस पर सम्पूर्ण देश विदेश के साहित्यिक जगत में से पुष्पा विसेन को चयनित किया गया।यह वरिष्ठ साहित्यकार तो है ही।साथ ही अपने राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार एवं भाषाई एकता के संदर्भ में देश में और देश से बाहर विश्व स्तर पर काम करती रहती हैं। प्रोफेसर नामवर सिंह द्वारा स्थापित *नारायणी साहित्य अकादमी*की वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं इस अकादमी में दस वर्ष महासचिव के पद पर रहने के बाद अध्यक्ष के पद पर अपनी सुचिता और कर्मठता से चयनित हुई हैं। साहित्य और संन्यास दोनों में समरसता के साथ सामंजस्य बैठाते हुए आपने अपने सकारात्मक प्रवृत्ति के द्वारा सदैव हितकर कार्य किया है। यह सम्मान अनेक क्षेत्रों में श्रेष्ठ उपलब्धि प्राप्त विख्यात लोगों को दिया गया है।

साहित्य के क्षेत्र में चयन समिति ने पुष्पा विसेन उत्तर प्रदेश से,को चयनित कर इनकी योग्यता को गौरवान्वित किया है। इन्होंने सत्तर पुस्तकों की रचना की है हिंदी के सभी विधाओं में श्रेष्ठ कार्य करते हुए समाज को एक समग्र साहित्यिक सरोवर दिया है। कहानी, उपन्यास, काव्यात्मक एवं गद्यात्मक विधाओं में बाल साहित्य आदि रचते हुए स्वयं को साहित्यिक जगत में स्थापित किया है। प्रज्ञा पीठाधीश्वर साध्वी श्री विभानंदगिरि गुरु मां स्वयं एक विदुषी रचनाकारा भी हैं।और गुरुदेव स्वामी प्रज्ञानंद जी महाराज धर्म सम्राट ने अध्यात्म के साथ-साथ शिक्षाप्रद अनेक पुस्तकों की रचनाएं की जो आज हमारे समाज के लिए बहुत ही उपयोगी हैं।अन्य सम्मानित व्यक्तियों में डा.गणि राजेंद्र विजय, गुजरात से , डाक्टर पवन चिकित्सा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश से,श्री घनश्याम बंसल आईपीएस दिल्ली से ,श्री राजेश कुमार दिल्ली से कला के क्षेत्र में। इन सभी पांच महान हस्तियों को सम्मानित किया गया।

प्रज्ञा पीठाधीश्वर साध्वी श्री विभानंदगिरि गुरु मां के साथ संयोजक डा. महेश चौधरी एवं सूरीनाम से आएअतिथि राघवानन्द जी के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया। रात्रि भोजन एवं प्रसाद ग्रहण करने के बाद आयोजन का समापन किया गया।

शारदा यूनिवर्सिटी में पॉश प्रशिक्षण कार्यक्रम

ऋषि तिवारी

नोएडा। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में एक सप्ताह तक चलने वाले विशेष अभियान यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम, 2013 अभिविन्यास एवं सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को शारदा यूनिवर्सिटी में महिला सशक्तिकरण और कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए पॉश (प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हैरेसमेंट) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, क्राइम कंट्रोल एंड सोशल डेवलपमेंट संस्थान एवं शारदा स्कूल ऑफ लॉ द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अथिति एडीसीपी प्रीति यादव (नोडल कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम), कविता रावत (पॉश ट्रेनर) एवं डीन शारदा स्कूल ऑफ लॉ डॉ ऋषिकेश दवे मुख्य वक्ता रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाना है। प्रीति यादव ने कार्यक्रम के दौरान पॉश एक्ट की महत्वपूर्ण धाराओं पर विस्तार से चर्चा की और इसे प्रभावी रूप से लागू करने के उपायों पर प्रकाश डाला तथा पुलिस के कार्यों के महत्व को बताया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से प्रत्येक कर्मचारी को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों की जानकारी होनी चाहिए ताकि वे सुरक्षित कार्य वातावरण में अपना योगदान दे सकें। इस कार्यक्रम में शारदा यूनिवर्सिटी के संकाय सदस्यों और करीब 250 छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी समझ को गहरा किया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें एडीसीपी प्रीति यादव ने प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए सवालों के उत्तर दिए। सभी व्यक्तियों द्वारा शारदा यूनिवर्सिटी और एनजीओ की इस पहल की सराहना की गयी, जो कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में डॉ. रितु गौतम, डॉ. संस्कृति मिश्रा, और डॉ. अविनाश गोस्वामी द्वारा कार्यक्रम समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नोएडा पुलिस ने 25 से ज्यादा स्नेचिंग के मामलों में वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

नोएडा, एजेंसी। नोएडा पुलिस ने बुधवार को एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ दिल्ली में 20 और नोएडा में 10 स्नेचिंग के मामले दर्ज हैं। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने इस आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस इसकी कई दिनों से तलाश कर रही थी। आरोपी ने मोबाइल स्नैचिंग में दिल्ली-एनसीआर में आतंक मचा रखा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने इसके पुराने सभी मामलों को भी खंगाला। पुलिस ने बताया है कि 4 सितंबर को चेकिंग के दौरान थाना सेक्टर-63 पुलिस और स्नैचिंग करने वाले बदमाश दीपक राय के बीच हुई मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने दीपक को बहलोलपुर अंडरपास के पास सर्विस रोड से सटे हुए ग्रीन बेल्ट से गिरफ्तार किया गया है। बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया और इसी दौरान टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस उसके कब्जे से 6 स्नैचिंग किए हुए मोबाइल फोन, चोरी की बाइक (फेज वन मयूर विहार, दिल्ली से चोरी), एक 0.315 बोर का तमंचा, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। आरोपी शातिर किस्म का अंतरराज्यीय चोर/मोबाइल स्नैचर है। उसके खिलाफ 20 मामले दिल्ली और 10 मामले नोएडा में दर्ज हैं। उसके कब्जे से बरामद मोबाइल में से एक मोबाइल इसने एक पत्रकार से लूटा था। शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने एक सितंबर को रात में सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन के पास से इसे पीड़ित से स्नैच किया था।

एक नजर

आईआईएमटी में नए सत्र का शुभारंभ

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। आईआईएमटी कॉलेज में बुधवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नए शिक्षण सत्र की शुरूआत और फस्ट ईयर के छात्रों के आगमन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि रोजर विद अंकित के चेयरमेन अंकित भाटी व मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. मिताली जायसवाल रहे।

अंकित भाटी ने कहा कि किसी भी मुकाम को पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। वहीं डॉ. मिताली जयसवाल ने कहा कि किसी की काम को करने के लिए जज्बे की जरूरत होती है। नए छात्रों को कॉलेज के वातावरण से परिचित कराया गया। साथ ही विभिन्न विभागों और सुविधाओं की जानकारी दी गई।

समाज निर्माण के प्रति शिक्षक के कार्यों और योगदान पर चर्चा

गाजियाबाद, एजेंसी। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में शिक्षक ही राष्ट्र निमार्ता है विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वैदिक विदुषी आचार्या श्रुति सेतिया ने कहा कि शिक्षक स्वयं जलकर शिष्य को प्रकाशित करता है। शिक्षक में अपने छात्र को संस्कारवान बनाने के साथ देश प्रेम करना भी सिखाता है। शिक्षक अपने छात्रों को आग में तपा कर, सर्दी में ठिठुराकर तथा ज्ञान की वर्षा में भिगोकर उसे होनहार व्यक्ति बनाते हैं, जिससे वह अच्छे समाज का निर्माण कर सकें। मुख्य अतिथि शिक्षाविद जगदीश पाहुजा और अध्यक्ष कृष्णा पाहुजा ने भी शिक्षक के गुणों की चर्चा करते हुए उनके समाज निर्माण के प्रति समर्पण की सराहना की। परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया और प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गायिका प्रवीना ठक्कर, कौशल्या, कृष्णा, जनक, शोभा, सरला, रविन्द्र के मधुर भजन हुए।

सकारात्मक ऊर्जा के महत्व पर जोर दिया

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। शारदा विश्वविद्यालय में बुधवार को शारदा देवी की पुण्यतिथि पर सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें नारायण रेकी सत्संग परिसर की संस्थापिका राजेश्वरी मोदी (राज दीदी) ने जीवन में सुख और शांति, धन वैभव, उत्तम स्वास्थ्य प्राप्ति के सकारात्मक ऊर्जा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति अपने भाग्य का खुद ही विधाता है, लेकिन इसके लिए सकारात्मक ऊर्जा का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मांड में दो प्रकार की ऊर्जा संचारित हो रही है। इस दौरान वाइस चांसलर डॉ. सिबाराम खारा, रजिस्ट्रार विवेक गुप्ता, डायरेक्टर पीआर डॉ अजीत कुमार डॉ प्रमोद कुमार सहित विभिन्न विभागों के डीन और एचओडी मौजूद रहे।

निमार्णाधीन मॉल की आठवीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में निमार्णाधीन मॉल की आठवीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत हो गई। वह फाइबर शीट लगाने का काम कर रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बिसरख पुलिस के मुताबिक मूलरूप से बिहार सिवान का रहने वाला 22 वर्षीय रिजवान फिलहाल दिल्ली के नगली विहार एक्सटेंशन में परिवार के साथ रहता था। वह मंगलवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित निमार्णाधीन मॉल में फाइबर शीट लगाने के लिए आया था।

रिजवान मॉल की आठवीं मंजिल पर फाइबर शीट लगाने का काम कर रहा था। इसी बीच अचानक पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया। मॉल में काम कर रहे कर्मचारियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। यदि मृतक के परिजन कोई शिकायत करते हैं तो मामले में कार्रवाई की जाएगी।

स्कूल में वाटर कूलर लगाया

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा ने उच्च प्राइमरी स्कूल वैलाना में पढ़ रहे छात्र छात्राओं को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिये वाटर कूलर भेंट किया। क्लब के पूर्व अध्यक्ष सौरभ बंसल ने बताया कि वैलाना निवासी समाजसेवी ठाकुर भूपेंद्र सिंह ने क्लब से वाटर कूलर लगवाने का आग्रह किया था। इसे क्लब ने सहर्ष स्वीकार कर 150 लीटर ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर उपलब्ध करा दिया। इस मौके पर शैलेश वार्ष्णेय, केके शर्मा, एमपी सिंह, प्रीति अग्रवाल, ऋषि अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

साहिबाबाद इलेवन ने थंडर्स किलर्स को हरा लगातार तीसरी जीत दर्ज की

गाजियाबाद, एजेंसी। साहिबाबाद इलेवन की टीम ने बुधवार को एक्सटेंशन स्थित क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में थंडर्स किलर्स को चार विकेट से हरा लगातार तीसरी जीत दर्ज की। किफायती गेंदबाजी कर दो विकेट लेने वाले विनीत श्रीवास्तव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। एक्सटेंशन स्थित क्रिक हीरोज ग्राउंड पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है।

बुधवार को प्रतियोगिता में साहिबाबाद स्टार्स इलेवन और थंडर्स किलर्स के बीच मुकाबला खेला गया।थंडर्स किलर्स की टीम ने टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पूरी टीम 19.2 ओवर में 154 रन ही बना सकी। शिखर ने सबसे ज्यादा 46 रन और गेरीमल ने 41 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। साहिबाबाद स्टार्स की तरफ से विनीत श्रीवास्तव ने किफायती गेंदबाजी करते हुए दो महत्वपूर्ण विकेट झटके। इसके अलावा अंकित जैन को भी दो विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी साहिबाबाद स्टार्स इलेवन की टीम ने 19 ओवर में छह विकेट पर 156 रन बना अपना लगातार तीसरा मुकाबला जीता। अचिंत्य सिंह ने सर्वाधिक 36 रन ,राकेश ने 31 रन और जेम्स चौधरी ने 26 रन की पारी खेली। थंडर्स की टीम की तरफ से भूपेश ने दो विकेट हासिल किया। मैच में किफायती गेंदबाजी कर दो अहम विकेट लेने वाले विनीत श्रीवास्तव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

प्लॉट बेचने का झांसा देकर प्रॉपर्टी डीलर से धोखाधड़ी

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। प्रॉपर्टी डीलर के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि प्लॉट बेचने का झांसा देकर उससे 31 लाख रुपये हड़प लिए गए। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रॉपर्टी डॉलर जितेंद्र चौधरी ने पुलिस को बताया कि महिपाल 12 अप्रैल 2022 को अपने दो साथी सुखपाल और यतेंद्र के साथ उनके ऑफिस आया। उन्होंने कहा कि सुखपाल और यतेंद्र का 2010 वर्ग मीटर का आबादी का प्लॉट है। वे प्लॉट को बेचना चाहते हैं। पीड़ित के अनुसार दोनों पक्षों के बीच तीन करोड़ 45 लाख 72 हजार रुपये में प्लॉट का सौदा तय हुआ। पीड़ित ने बतौर बयान 31 लाख रुपये आरोपी पक्ष को दे दिए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पक्ष ने फर्जी और कूट रचित एग्रीमेंट टू सेल किया तथा रकम लेने के बावजूद प्लॉट उनके नाम ट्रांसफर नहीं करवाया। आरोपी पक्ष ने यह प्लॉट एक फर्म के मालिक के नाम ट्रांसफर कर दिया। पीड़ित के काफी कहने के बावजूद आरोपी पक्ष ने प्लॉट की रजिस्ट्री उनके नाम नहीं की। पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो जान से मारने की धमकी दी गई। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी महिपाल और दो सगे भाई सुखपाल और यतेंद्र के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

पत्रकार के सवाल पर भड़के मंत्री गिरीशचंद्र यादव, कहा- दो कौड़ी के आदमी ठीक कर दूंगा

जौनपुर। भाजपा के महा सदस्यता अभियान के संबंध में बुधवार को नगर के एक हॉल में खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव की पत्रकार वार्ता आयोजित थी। इस दौरान विकास कार्यों के सवाल पर मंत्री गिरीशचंद्र यादव भड़क उठे। इस दौरान एक चैनल के पत्रकार राजकुमार सिंह ने नमामि गंगे प्रोजेक्ट और शीतला चौकियां धाम सुंदरीकरण समेत विकास कार्यों पर जब सवाल किया तो राज्यमंत्री आग बबूला हो गए। बात बढ़ी तो उन्होंने पत्रकार को कहा कि ठीक कर दूंगा। उन्होंने एक राष्ट्रीय चैनल के पत्रकार को दो कौड़ी का आदमी बताया। इस पर पत्रकार ने भी कहा कि हमने भी आप जैसे कई मंत्री देखे हैं। इस दौरान तेज आवाज में बहस शुरू हो गई।

मौके पर मौजूद महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह, भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह, भाजपा नेता जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बीच-बचाव कर मंत्री को पत्रकार वार्ता स्थल से बाहर ले गए। इसकी चर्चा व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

आठ साल की बच्ची के साथ 48 साल के शख्स ने की हैवानियत, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

सोनभद्र सोनभद्र जिले में आठ साल की बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी की उम्र 48 वर्ष है। वह उसी गांव का रहने वाला है। परिचित होने के कारण वह बालिका को फुसलाकर अपने साथ ले गया और घिनौनी हरकत की। पीड़िता के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

यह है मामला

दुद्धी कोतवाली में दी तहरीर में एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी आठ वर्षीय बालिका घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला व्यक्ति ने बालिका को अकेला देखकर उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ घर ले गया। आरोपी के घर में भी उस वक्त कोई नहीं था। वहां उसने बालिका के साथ दुष्कर्म किया। उसके चंगुल से छूटकर घर पहुंची पीड़िता ने परिजनों को जानकारी दी तो वह सन्न रह गए।

पीड़ित के पिता की तहरीर पर आनन-फानन पुलिस ने केस दर्ज कर बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। बुधवार को रजखड़ पहाड़ी के पास से पुलिस ने आरोपी अखिलेश को गिरफ्तार कर लिया। सीओ दुद्धी प्रदीप सिंह चंदेल ने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी को दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत कोर्ट के लिए चालान कर दिया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

ओवरटेकिंग के दौरान टकराई निजी बसें, 100 से अधिक यात्री थे सवार, शीशा तोड़कर हाइवे पर गिरा युवक

रामसनेहीघाट (बाराबंकी)। बाराबंकी जिले के रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर सुमेरगंज के पास दो निजी बसों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में करीब 18 लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार मिल्कीपुर से लखनऊ जा रही सैनिक एक्सप्रेस की बस सुमेरगंज के पास पहुंची ही थी कि शाहगंज से लखनऊ जा रही बाला जी ट्रेवलर्स की बस ने ओवरटेक किया। चालक की लापरवाही से दोनों बसें टकरा गई।

दोनों बसों में 100 से अधिक यात्री सवार थे। टक्कर होते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। एक युवक बस का शीशा तोड़ हाईवे पर जा गिरा। मौके पर स्थानीय लोगों ने पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाना शुरू किया। इस दौरान हाईवे पर जाम लग गया।

हादसे में राजेपुर रामसनेहीघाट निवासी अर्जुन कुमार वर्मा (55), लखनऊ निवासी सुधा सिंह (24), पंकज (23), श्रद्धा सिंह (23), अकबरपुर निवासी संध्या उपाध्याय (45), भीटी अम्बेडकर नगर निवासी अमन कुमार अग्रहरि (22), रुदौली निवासी अनु सिंह (15), अम्बेडकरनगर निवासी शिवम (28) समेत 15 लोगों को सीएचसी भिजवाया। गंभीर घायल अम्बेडकरनगर निवासी अमन कुमार अग्रहरि को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया अन्य घायलों का उपचार सीएचसी पर जारी है।

आश्रम से लौटा डेरा प्रमुख: सातवीं बार 21 दिन की फरलो हुई पूरी, कड़ी सुरक्षा में सुनारिया जेल ले जाया गया

बागपत। डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम की 21 दिन की फरलो का समय पूरा होने पर उसे कड़ी पुलिस सुरक्षा में रोहतक की सुनारिया जेल ले जाया गया। वह रोहतक की सुनारिया जेल में दुष्कर्म व हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहा है। डेरा प्रमुख रोहतक की सुनारिया जेल से बीती 13 अगस्त को सातवीं बार 21 दिनों की फरलो पर बरनावा के डेरा सच्चा सौदा आश्रम में आया। आश्रम में वह अपनी मुंह बोली बेटी हनीप्रीत और परिवार के लोगों के साथ रहा। बता दें कि इससे पहले डेरा प्रमुख 17 जून 2022 को 30 दिन, 15 अक्टूबर 2022 को 40 दिन, 21 जनवरी 2023 को 40 दिन, 20 जोलाई 2023 को 30 दिन, 21 नवम्बर 2023 को 21 दिन, 19 जनवरी 2024 को 50 दिन और इस बार वह 13 अगस्त को 21 दिनों की फरलो लेकर बरनावा के आश्रम में आकर रहा। फरलो का समय पूरा होने पर बुधवार को डेरा प्रमुख को सुनरिया जेल ले जाने के लिए आश्रम बरनावा पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात किया गया। उसे सुनारिया जेल ले जाने के लिए हरियाणा पुलिस, इंस्पेक्टर बिनौली बरनावा आश्रम पहुंचे।

नियुक्ति पत्र पाने के बाद युवाओं ने जताया आभार, बोले- धन्यवाद योगी जी

लखनऊ लोकभवन सभागार में बुधवार को नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थियों ने एक सुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि सीएम योगी के प्रयासों से हम युवाओं को कड़ी मेहनत का फल प्राप्त हुआ है। चयनित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पारदर्शी एवं निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए उनका आभार जताया। अभ्यर्थियों ने 2017 से पहले और 2017 के बाद भर्ती प्रक्रिया में आए बदलाव के अपने अनुभव भी साझा किए। उन्होंने बताया कि 2017 से पहले जहां भाई भतीजावाद और भेदभाव होता था, भ्रष्टाचार और लूट होती थी, वहीं 2017 के बाद भर्तियों में पूरी पारदर्शिता और शुचिता का ध्यान रखा जा रहा है।

पूरा हुआ परिवार का सपना...आवास एवं विकास परिषद में सिविल अभियंता के पद पर चयनित हुईं कानपुर की रुकसाना बानो ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय से आने के बावजूद भर्ती प्रक्रिया में किसी तरह का भेदभाव नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हमारा चयन न धर्म के आधार पर हुआ है औ न जाति के आधार पर है। हमारी कड़ी मेहनत और ईमानदारी का फल इस सरकार ने हमें दिया है। इस सरकार में यदि आप योग्य हैं और आपमें क्षमता है तो सरकारी नौकरी पाना मुश्किल बात नहीं है।

ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी पा सकते हैं सरकारी नौकरी...ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में अवर अभियंता सिविल के पद पर नियुक्त हुए विष्णु दत्त त्रिपाठी मानते हैं कि ये सरकार की बहुत बड़ी सफलता है कि ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ा हुआ व्यक्ति भी आज कड़ी मेहनत के दम पर पारदर्शी तरीके से चयनित होकर सरकारी नौकरी पा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से आता हूं और आज सरकार की पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रिया की वजह से मुझे सरकारी नौकरी मिल पाई है। इसके लिए मुख्यमंत्री जी को दिल से धन्यवाद देता हूं।

डबल इंजन की सरकार युवाओं के लिए समर्पित...बिहार राज्य से आए अनुज कुमार गुप्ता का चयन लघु सिंचाई विभाग में अवर अभियंता के पद पर हुआ है। उनका मानना है कि यहां की सरकार युवाओं के प्रति समर्पित है, आज का कार्यक्रम इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस सरकार में युवाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया से नियुक्ति पत्र प्राप्त हो रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिस तरह पारदर्शिता के साथ नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ है, उसी तरह नौकरी पर रहते हुए पूरी तरह ईमानदारी और निष्पक्ष होकर कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि हम युवाओं की इच्छा है की यह सरकार राज्य में बनी रहे, ताकि इसी तरह युवाओं को रोजगार मिलता रहे।

वर्षों की मेहनत का मिला फल...अयोध्या जिले से आए हरिकांत कृषि विभाग में अवर अभियंता के पद पर चयनित हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार में इंटरव्यू और भाई भतीजावाद जैसे प्रकरण के कारण मेरे जैसे कई युवाओं को नौकरी नहीं मिल पाई थी। योगी सरकार ने मेरे जैसे हजारों युवाओं की मेहनत को समझा और युवाओं को उनकी काबिलियत के हिसाब से नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

चयनित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष जताया आभार

लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण के बाद 5 चयनित अभ्यर्थियों ने पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। बिजनौर निवासी मृदुल शर्मा ने कहा कि सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा करने के बाद मेरी इच्छा थी कि सरकारी नौकरी करूं। आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से परीक्षा संपन्न कराई गई, जिसमें मेरा चयन ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में अवर अभियंता सिविल के पद पर हुआ है। पद पर रहते हुए उत्तर प्रदेश के विकास में सहयोग भी कर सकूंगा। नियुक्ति पत्र के लिए सरकार और मुख्यमंत्री जी का बहुत बहुत आभार प्रकट करता हूं। वहीं, बस्ती निवासी सोनू कुमार ने कहा कि पॉलीटेक्निक कानपुर से डिप्लोमा करने के बाद मेरा चयन उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण में अवर अभियंता के तौर पर हुआ है। भर्ती प्रक्रिया पूर्ण रूप से निष्पक्ष एवं पारदर्शी रही। इसके किसी भी चरण में किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हुई। शपथ लेता हूं कि अपने विभागीय उत्तरदायित्वों का निर्वहन सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करूंगा तथा काम के प्रति कभी लापरवाही नहीं करूंगा।

उन्नाव के बांगरमऊ की निवासी कल्पना पाल ने कहा कि अवर अभियंता पद के लिए भर्ती प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मुख्यमंत्री जी का आभार प्रकट करती हूं। इसी तरह, अमेठी के देवेंद्र कुमार शुक्ला ने कहा कि निष्पक्ष तरीके से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री समेत सभी लोगों को धन्यवाद देता हूं।

अयोध्या के सुशील कुमार ने कहा कि मेरे पिता इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान चलाते हैं। बेहद सामान्य परिवार से होने के बावजूद निष्पक्ष भर्ती परीक्षा संपन्न कराने के कारण मेरा चयन लोक निर्माण विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर हुआ है। परीक्षा में किसी तरह की कोई धांधली नहीं हुई, जिसके लिए मुख्यमंत्री जी का बहुत बहुत आभार।

हाईकोर्ट ने कहा : दुर्भावनापूर्ण आपराधिक मुकदमा दर्ज कराना क्रूरता

प्रयागराज इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि पति व उसके नाबालिग भाई-बहनों सहित पूरे परिवार पर दुर्भावनापूर्ण आपराधिक मुकदमा दर्ज कराना क्रूरता है। ऐसे में विवाह जारी रखने की उम्मीद नहीं की जा सकती। 29 साल से बिना किसी कारण के पति से पत्नी अलग रह रही थी। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए याची पति की ओर से तलाक के लिए दाखिल अपील स्वीकार कर ली।

न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह व न्यायमूर्ति डी रमेश की खंडपीठ ने बंसत कुमार द्विवेदी की याचिका पर यह आदेश दिया। उत्तराखंड के हरिद्वार निवासी याची बंसत कुमार की शादी 29 अप्रैल 1992 को बलिया की युवती से हुई थी। याची पेशे से इंजीनियर है। शादी के बाद पत्नी दो साल तक उसके साथ रही। दोनों पक्षों के बीच इस दौरान कटु संबंध रहे। आठ नवंबर 1995 को युवती ने अपनी पति को स्थायी रूप से छोड़ दिया और अपने माता-पिता के घर बलिया चली आई। अब दोनों को अलग हुए 29 साल बीत गए। ऐसी परिस्थितियों में पति ने हरिद्वार में सिविल जज, सीनियर डिवीजन की अदालत में तलाक का मुकदमा दायर किया। पत्नी के अनुरोध पर सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश जारी कर मुकदमे की कार्यवाही को बलिया में स्थानांतरित कर दिया। ट्रायल कोर्ट बलिया ने तलाक आवेदन को खारिज कर दिया। इस आदेश को याची ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी।

वहीं, इस दौरान युवती ने अपने पति व पति के नाबालिग भाई-बहनों सहित परिजनों पर दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में आपराधिक मुकदमा दर्ज करा दिया। जबकि, युवती के भाई ने गवाही में इन दहेज मांगने के आरोपों को झूठा करार दिया।

बुलडोजर एक्शन पर अखिलेश ने सरकार पर कसा तंज CM योगी ने दिया ये जवाब, शुरू हुई जुबानी जंग

नोएडा उत्तर प्रदेश में बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बीच जुबानी जंग जारी है। इसकी शुरूआत बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव के रिएक्शन से हुई। उन्होंने कहा है कि 2027 में सपा की सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश के सभी बुलडोजरों का रुख गोरखपुर की ओर होगा। उन्होंने यह बात कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कही। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने तंज कसते हुए कहा कि दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले बुलडोजर नहीं चला सकते।

बुलडोजर दिमाग से नहीं स्टेयरिंग से चलता है: अखिलेश यादव...सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर जवाब देते हुए कहा कि बुलडोजर के पास दिमाग नहीं होता है वो स्टेयरिंग से चलता है। जनता कब स्टेयरिंग बदल दे कोई नहीं जानता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली वाले कब स्टेयरिंग बदल दे कोई नहीं जानता है। बता दें कि बुधवार को एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बयान दिया था कि बुलडोजर पर हर एक का हाथ फिट नहीं हो सकता। इसके लिए दिल और दिमाग दोनों चाहिए। उन्होंने कहा कि जिसमें बुलडोजर जैसी क्षमता और दृढ़ प्रतिज्ञा हो, वही बुलडोजर चला सकता है। दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले लोग बुलडोजर के सामने वैसे ही पस्त हो जाएंगे।

शिक्षकों के खिलाफ षडयंत्र रच रही है सरकार: अखिलेश यादव...69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों के प्रदर्शन पर अखिलेश यादव ने कहा कि इस समय सबसे ज्यादा कोई परेशान हैं तो वो शिक्षक हैं। हाईकोर्ट ने सूची रद्द कर दी है अब सरकार उनके खिलाफ षडयंत्र रच रही है।

बुलडोजर चलाने के लिए बुलडोजर जैसी इच्छाशक्ति चाहिए: सीएम योगी...मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि अपराधियों पर बुलडोजर चलाने के लिए बुलडोजर जैसी इच्छाशक्ति चाहिए। दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले बुलडोजर नहीं चला सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने यह बयान अखिलेश यादव की उस टिप्पणी के जवाब में दिया है जिसमें अखिलेश यादव ने कहा था कि सत्ता में आए तो 2027 के बाद बुलडोजर को गोरखपुर की तरफ मोड़ देंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब टीपू भी सुल्तान बनने के सपने देख रहे हैं। कुछ समय पहले एक नाटक आता था मुंगेरी लाल के हसीन सपने, आज वह लोग भी सपने देख रहे हैं। यह लोग सपना देख रहे हैं।

भेड़िये का आतंक: टॉर्च और लाठी के सहारे सुरक्षा कर रहे ग्रामीण, प्रशासन से नहीं मिल रही मदद

बहराइच। यूपी के बहराइच जिले में पिछले 50 दिनों से भेड़िए का आतंक है। शासन इसको लेकर तमाम तरह के दावे तो कर रहा है लेकिन ग्राउंड रिपोर्ट में यह हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। अमर उजाला की टीम को ग्रामीणों ने बताया कि साहब हमारी ग्राम पंचायत औराही में ही तीन मार्च को पहली बार भेड़िया ने हमला किया था। इसके बाद गांव में बड़ी-बड़ी गाड़ियों का रेला उमड़ा था। अधिकारियों ने बिजली, सौर ऊर्जा, दरवाजे और सुरक्षा के प्रबंध के वादे किए थे। वन टीमें भी आईं और गोला-पटाखा दिया, लेकिन अगस्त महीने में हुई बारिश से रास्ते पर पानी भर गया। इसके बाद एक महीना बीतने को है। कोई गांव नहीं आया है। करीब 450 लोगों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। बिजली के खंभों पर प्रकाश की भी व्यवस्था नहीं है। रातभर जाग कर टार्च व लाठी के सहारे परिजनों की सुरक्षा कर रहे हैं।

वमार्पुरवा में गांव के बाहर रखवाली कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सुरक्षा के लिए कोई टीम नहीं आती है। रास्ते पर भरे पानी के चलते प्रशासनिक अधिकारी भी यहां आने से कतरा रहे हैं। डीएम मैडम अगर रास्ता सही करवा दें तो हो सकता है हमारी भी सुरक्षा हो जाए। ग्रामीणों ने बताया कि आर्थिक तंगी के चलते कई घरों में दरवाजे भी नहीं लगे हैं। गांव के जिन घरों में दरवाजे नहीं लगे हैं वहां लोग अपनी सुरक्षा इस तरह की दरवाजे बनाकर कर रहे हैं। वहीं, कुछ का घर पूरी तरह खुला हुआ है ऐसे में उन पर खतरा बना रहता है।

सिकंदरपुर में मिले पीएसी जवान...अमर उजाला की टीम सिकंदरपुर गांव पहुंची। यहां सन्नाटा रहा। इस दौरान सड़क किनारे दो पीएसी जवान तैनात मिले। गांव की रखवाली में जुटे ग्रामीण भी हाथों में लाठी-डंडा लेकर टहल रहे थे। सिकंदरपुर गांव के दर्जनों घरों में दरवाजे नहीं मिले। गांव की गलियों में घुप्प अंधेरा रहा। कुछ स्थानों पर बिजली पोलों पर लाइट जलती मिली। यही नजारा औराही का भी रहा। ग्रामीणों ने बताया कि अभी कहीं भी हाईमास्ट या सोलर लाइट नहीं लगाई गई है। टार्च के सहारे सुरक्षा की जा रही है।

भेड़ों को बचाने के लिए बाहर लेटते हैं...घरों के बाहर लेटे कुछ ग्रामीणों से हमले का हवाला देते हुए सवाल किये गये। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोगों ने भेड़ पाल रखी हैं। भेड़िया भेड़ों पर हमला कर उन्हें न उठा ले जाए, इसलिए मजबूरी में बाहर लेटते हैं।

खौफ के साये में 45 गांव: गन्ने के खेतों में बाघों का डेरा, दहाड़ से ग्रामीणों की उड़ी नींद

लखीमपुर खीरी लखीमपुर खीरी में इन दिनों मोहम्मदी-महेशपुर रेंज के कई गांवों में बाघ की दहाड़ सुनी जा रही है। हमले में कई लोग घायल हो चुके हैं। एक सप्ताह पहले इमलिया गांव निवासी युवक की जान भी बाघ के हमले में जा चुकी है। मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं रोकने को वन विभाग कवायद में जुटा है। बाघों के आबादी में आने और हमलावर होने की बड़ी वजह बाढ़ बताई जा रही है। जिले में करीब दो महीने से शारदा, घाघरा, मोहाना, सुहेली नदियां उफान पर हैं। गांव कट रहे और पानी जंगल में भरा है। जंगल में जलभराव होने से वन्यजीव जंगल से बाहर निकल रहे हैं। प्रभावित इलाकों में ड्रोन से निगरानी कराई जा रही है। पिंजरे भी लगाए गए हैं।

जुलाई के पहले सप्ताह में हुई बारिश और बैराज से छोड़े गए पानी से जिले में बाढ़ आई थी। 200 से अधिक गांवों और दुधवा जंगल में पानी भर गया। शारदा और घाघरा के अलावा छोटी नदियां भी उफना गईं। नदियों का पानी लंबे समय तक जंगल में भरा रहा। पानी भरने के बाद सूखी जमीन की तलाश में वन्यजीव आबादी में पहुंच गया और कई हमले किए।

मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं और रोकथाम और विभागीय कार्यों की समीक्षा को पहुंचे वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने भी जंगल में बाढ़ का पानी होने की पुष्टि की। सवालों के जवाब में बताया कि वन्यजीव सूखी जमीन की तलाश में बाहर आ रहे हैं। बाढ़ का पानी जंगल में भर गया था। उधर, बाघों की आबादी भी बढ़ी है। इस वजह से अन्य जानवर भी आबादी में आ गए हैं। वन विभाग के अधिकारी भी बाढ़ को ही प्रमुख वजह बता रहे हैं।

निर्धारित दायरे में पहुंचने पर हमला करते बाघ...डब्ल्यू डब्ल्यू एफ के दाबीर हसन का कहना है कि जिले में वन्यजीवों के हमले की घटनाएं सामान्य घटनाएं हैं। कोई भी असामान्य घटना नहीं है। बाघ को जंगल से निकलकर गन्ने के खेतों में अच्छा प्रवास मिल रहा है। जंगल से सटे ही गन्ने के खेत हैं। गन्ने की फसल भी काफी क्षेत्रफल में है।

अगर किसी गन्ने के खेत में बाघ है और कोई उसके के प्रवास के 50 से 60 मीटर के निर्धारित दायरे में पहुंच जाता है तब बाघ उस पर हमला कर देता है। इमलिया गांव की घटना में भी युवक गन्ने के खेत में बाघ के समीप पहुंच गया था। कुछ समय पहले बांकेगंज इलाके में बच्ची को मारने की घटना भी कुछ इसी तरह की है।

जिले के मोहम्मदी-महेशपुर रेंज के कई गांवों में बाघ की चहलकदमी से दहशत है। इमलिया, घरथनिया, मूड़ा सरावन, अजान, बेलहरी, कपरहा आदि गांवों के ग्रामीणों की नींद उड़ी है।

मदरसे में बच्चों को पढ़ाया,आरएसएस देश का सबसे बड़ा आतंकवादी संगठन, पुलिस ने मदरसा किया सील

प्रयागराज अतरसुइया स्थित जिस मदरसे में नकली नोट छापने का भंडाफोड़ हुआ, वहां बच्चों में नफरत भी घोली जा रही थी। उनका ब्रेनवॉश किया जा रहा था। उन्हें पढ़ाया जा रहा था कि आरएसएस देश का सबसे बड़ा आतंकवादी संगठन है। यह खुलासा तब हुआ, जब मौलवी के कमरे की तलाशी के दौरान इंटेलिजेंस ब्यूरो की टीम को विवादास्पद किताब बरामद हुई। खास बात है कि इस किताब के लेखक महाराष्ट्र के पूर्व आईजी एमएम मुशर्रफ हैं।

नकली नोट छापने के खेल के भंडाफोड़ के दिन ही आईबी की टीम ने जेल भेजे जाने से पहले मौलवी तफसीरुल व जाहिर समेत चार आरोपियों से लंबी पूछताछ की थी। मंगलवार दोपहर जांच को आगे बढ़ाने के क्रम में ही आईबी की टीम मदरसा जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम में पहुंची। यहां मौलवी के कमरे की तलाशी ली गई तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। कमरे से एक विवादास्पद किताब मिली, जिसका शीर्षक ही ह्यआरएसएस देश का सबसे बड़ा आतंकवादी संगठन है।

किताब में भीतर मालेगांव व समझौता एक्सप्रेस जैसी कई आतंकी घटनाओं का जिक्र किया गया है। इसके साथ ही मालेगांव 2008 मामले के आरोप पत्र के कुछ अंश व उद्धरण भी बतौर अनुलग्नक समाहित किए गए हैं। किताब को कब्जे में लेने के साथ ही आईबी ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। अब इस बिंदु पर भी जांच शुरू हो गई है कि मदरसे में बच्चों को पढ़ाने की आड़ में राष्ट्रविरोधी गतिविधियां तो नहीं संचालित की जा रही थीं।

स्पीड पोस्ट की एक दर्जन पावती भी मिलीं...तलाशी के दौरान मौलवी के कमरे से स्पीड पोस्ट की पावती भी बरामद हुई हैं। यह स्पीड पोस्ट मौलवी खुद अपने नाम से करता था। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि वह स्पीड पोस्ट से किस तरह का पत्राचार या पार्सल भेजने का काम किया करता था।मदरसे से एक विवादास्पद किताब बरामद हुई है। इस संबंध में विस्तृत जांच पड़ताल की जा रही है। - दीपक भूकर, डीसीपी नगर

सील किया गया मदरसा...बुधवार को पुलिस ने मदरसे को खाली करा दिया। यहां रहने वाले 106 बच्चों को वापस उनके घर भेज दिया गया। इसके साथ ही उन्हें तालीम देने वाले आठ शिक्षक भी अपने घर चले गए। साथ ही निर्माण अनाधिकृत होने और बिना मान्यता के चलतने के कारण मदरसे को सील कर दिया गया।

अतरसुइया के जिस मदरसे में नकली नोट छापे जा रहे हैं। उसे प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने सीज कर दिया है। पीडीए वीसी अरविंद चौहान ने बताया कि मदरसे का निर्माण अवैध है। मदरसे का नक्शा स्वीकृत नहीं है। इस संबंध में मदरसा के प्रबंधक को नोटिस दिया गया है। नोटिस का जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जवाब से संतुष्ट न होने से ध्वस्तीकरण की भी कार्रवाई हो सकती है।

पीसीएस अफसरों के बीच बातचीत का ऑडियो आया सामने

फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में दो पीसीएस अफसरों के बातचीत का आडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। वायरल आडियो में जिले के प्रमुख अधिकारी को गाली-गलौज तक की गई है। डीएम रमेश रंजन ने इसे गंभीरता से लिया है। उन्होंने इसकी जांच एडीएम विशु राजा को सौंपी है। एडीएम ने कहा कि इसकी हर एंगिल से जांच की जाएगी। उसकी रिपोर्ट तैयार करके जिलाधिकारी को भेजेंगे।

जिले के दो पीसीएस अफसरों के बीच हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। सोशल मीडिया में वायरल हुए ऑडियो में एक निलंबित एसडीएम तो दूसरे वर्तमान में जिला मुख्यालय से संबद्ध होने वाले एसडीएम के बीच की बातचीत बताई जा रही है।

अफसरों के बीच यह बातचीत देररात्रि की होने का अनुमान है। क्योंकि बातचीत में जहां एक अधिक्री गेस्ट हाउस में खाना खा रहे हैं तो दूसरा कार्यालय में होने की बात कह रहा है। बातचीत के दौरान महिला तहसीलदार के गार्ड हटाए जाने का जिक्र भी किया है। इतना ही नहीं तहसीलदार के खिलाफ लिखा पढ़ी किए जाने तक का जिक्र किया गया है।

जिले के दोनों जिम्मेदार अफसरों ने जिले के सर्वोच्च आला अधिकारी के पद का नाम लेकर गाली गलौज तक की गई है। इस तरह के ऑडियो वायरल होने की जानकारी जिलाधिकारी रमेश रंजन को हुई तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लिया है। ऑडियो प्रकरण की जांच एडीएम विशुराजा को सौंपी गई है। एडीएम विशुराजा ने जिले के दो तत्कालीन एसडीएम के बीच वायरल हुए आडियो की जांच प्रारंभ कर दी है।

फिरोजाबाद। सवाल इस बात का भी है कि आखिर दो एसडीएम के बीच हुई गोपनीय बातचीत का ऑडियो को वायरल करने वाला कोई और नहीं बल्कि सिरसागंज व शिकोहाबाद तहसील का स्टाफ ही होगा।

अचानक पटना एयरपोर्ट की तरफ मुड़ गया सीएम नीतीश का काफिला

लाव-लश्कर संग हुई एंट्री, मचा हड़कंप!

संवाददाता।

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बहुत ही सिस्टमैटिक पॉलिटिशियन हैं, लेकिन आज अचानक ही उनका काफिला पटना एयरपोर्ट की तरफ बढ़ चला। इस बात की जानकारी किसी को नहीं थी। थोड़ी ही देर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना एयरपोर्ट पहुंच गए। अचानक पटना एयरपोर्ट पर सीएम की मौजूदगी की वजह से वहां पर एक अजीब सी कशमकश की स्थिति बन गई। अधिकारियों के हाथ-पैर फूल गए। अधिकारियों को कुछ समझ नहीं आ रहा था,आखिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आने की वजह क्या है?

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना एयरपोर्ट पर अपना काफिला रुकवा कर एयरपोर्ट पर चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया। दरअसल पटना एयरपोर्ट पर एक नया टर्मिनल बन रहा है। यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसके कामकाज को देखने के लिए मुख्यमंत्री अचानक पहुंच गए। नीतीश कुमार ने पटना एयरपोर्ट के निर्माण कार्य का बचा हुआ काम जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। सीएम नीतीश कुमार ने अधिकारियों से यह भी कहा कि जितनी जल्दी हो सके, इस काम को पूरा किया जाए। दरअसल नीतीश कुमार विधानसभा चुनाव से पहले कई सारे निर्माण कार्य को पूरा कर लेना चाहते हैं।

इसमें पटना का मेट्रो का काम भी है। वहीं पीएमसीएच का प्रोजेक्ट भी निर्माण अधीन है। इसे एशिया का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल बनाया जाना है। हालांकि इसके पूरा होने में अभी समय लगेगा, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हर काम को समय से पहले करवा लेने के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रहे हैं। पटना एयरपोर्ट पर बन रहे नए टर्मिनल के निर्माण कार्य को भी वह 2025 से पहले कंप्लीट करवाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने तमाम अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पैसे की कमी नहीं होगी। बस जल्द से जल्द काम पूरा कीजिए।

बताते चलें कि पटना एयरपोर्ट पर जिस तरह से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की एंट्री हुई, वह अपने आप में चौंकाने वाली थी। उनके साथ बिहार के दोनों डिप्टी सीएम मौजूद थे। इसके अलावा उनके साथ राज्यसभा सांसद संजय झा और मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद थे। अचानक लाव-लश्कर के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की एंट्री की वजह से अधिकारियों को समझ ही नहीं आया कि अचानक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐसा कौन सा कार्यक्रम बना लिया है। तभी सीएम नीतीश पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल की ओर बढ़ चले। उनके साथ सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी मौजूद थे।

आज से 'फ्रंट फुट' पर खेलेंगे लालू यादव

रुटीन चेकअप के बाद आरजेडी सुप्रीमो ने लिया बड़ा फैसला

संवाददाता।

पटना। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव सिंगापुर से लौट आए हैं। लालू किडनी ट्रांसप्लांट के बाद रुटीन चेकअप पर सिंगापुर गए थे। हालांकि लालू पूरी तरह से स्वस्थ हैं। मगर लौट के बाद वह और भी ज्यादा एक्टिव दिखाई दे रहे हैं। पटना पहुंचते ही उन्होंने इस बात का ऐलान कर दिया था कि वह अपने तमाम विधायक, सांसदों और पार्षदों के साथ बैठक करना चाहते हैं। आज बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आरजेडी दफ्तर में होने वाली है। इसके लिए राजद दफ्तर में तैयारी पूरी कर ली गई है। माना जा रहा है किडनी ट्रांसप्लांट के बाद अब लालू प्रसाद यादव पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव के दौरान वह राजनीतिक रूप से बहुत ज्यादा एक्टिव नजर नहीं आए, लेकिन इस बात का अंदाजा लगाया जा रहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले लालू प्रसाद यादव बिहार की राजनीति में धमाकेदार एंट्री कर सकते हैं। अब तक लालू प्रसाद यादव पर्दे के पीछे से राजद की कमान संभाले हुए थे, लेकिन विधानसभा चुनाव में वह फ्रंट फुट पर खेलने की तैयारी में नजर आ रहे हैं। इसका मुजाहिरा आज आरजेडी दफ्तर में देखने को मिल सकता है। माना जा रहा है कि लालू प्रसाद यादव तमाम सांसदों, विधायकों और पार्षदों को 'गुरु मंत्र' देने वाले हैं।

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी 10 सितंबर से अपनी 'जन आभार' यात्रा पर निकलने वाले हैं। उससे पहले लालू प्रसाद यादव का सक्रिय होना, बिहार की राजनीति में हलचल पैदा करने वाला है। बिहार की राजनीति में लालू प्रसाद यादव एक महत्वपूर्ण फैक्टर हैं, और इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। प्रशांत किशोर से लेकर बीजेपी के बड़े नेता भी इस बात को स्वीकार कर चुके हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि लालू प्रसाद यादव की सक्रियता तेजस्वी यादव के लिए कौन सी जमीन तैयार कर पाती है? बिहार में विधानसभा चुनाव को अब लगभग 1 साल से भी काम का समय बचा है। इस बीच अगले महीने झारखंड में भी चुनाव होना है। इन सब के बीच लालू प्रसाद यादव का स्वस्थ होकर फ्रंट फुट पर आना विपक्षी पार्टियों के लिए सर दर्द साबित हो सकता है।

प्रशांत किशोर के समर्थन में निकला मोटरसाइकिल रैली, जगह-जगह लगे जय बिहार जय बिहार के नारे

जन सुराज
जन सुराज अभियान समिति
बात बिहार की

बिट्टू कुमार

पश्चिम चम्पारण/बेतिया। जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर के समर्थन में बेतिया जिला मुख्यालय में मंगलवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए हुए लोगों ने भारी संख्या में मोटरसाइकिल रैली निकाली। आपको बता दे कि देखते-देखते ही सड़को पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। रास्ते में ढोल बाजे के साथ जय बिहार जय बिहार के नारों के साथ पूरा शहर गूंज उठा।

वही मुखिया पति जन सुराज के नेता संतोष चौधरी ने कहा कि आने वाले दिनों में जन सुराज एक राजनीतिक पार्टी बनेगी यह जन सुराज शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी तथा बुजुर्गों के हक के लिए लड़ाई लड़ेगी और उनका हक दिलाएगी। इस दौरान रामनगर प्रखंड के पंचायती राज खटौरी के मुखिया व पूर्व जन सुराज के जिला अध्यक्ष स्मिता चौरसिया ने कहीं की प्रशांत जी ने हमें अपना बहन बनाया है और हम लोग उनको अपना भाई बनाए हैं।

आगे उन्होंने कहा देश को आजाद करने के लिए महात्मा गांधी जी ने कहा था कि आप जो भी कम कीजिए ईमानदारी के साथ कीजिए तभी जाकर देश आजाद होगा इसीलिए हम लोगों को प्रशांत किशोर जी का साथ देना होगा और बिहार में एक नया उजाला आ रहा है उसके साथ हम हर पल तत्पर रहेंगे। जिला मुख्य प्रवक्ता रश्मि राव ने कहीं की हम लोग इतना अच्छा रैली निकाले हैं यह काबिले तारीफ है और हम लोग घर-घर जाकर जनसुराज से लोगों को जोड़ेंगे। जन सुराजी अनिल सिंह ने कहा कि हम लोग प्रशांत किशोर जी के साथ चलेंगे तभी बिहार बदलेगा। सिकंदर चंद्र ने कहा कि जो बिहार से लोगों का पलायन हो रहा है उसको आने वाले दिनों में रोका जाएगा बेरोजगारी को बिहार से मुक्त किया जाएगा। बच्चे बड़े बुजुर्गों का ख्याल रखेगी। मोटरसाइकिल की रैली में संतोष चौधरी, अनिल सिंह, कुंदन पाण्डेय, गोल्डेन अन्तुनी, दीपक कुमार उर्फ के.डी सिंह, मुन्ना हवारी, तनवीर अली, सुजीत कुमार उर्फ राधे, मनीष यादव, ज्योतिष चौधरी, मनीष तिवारी, मौजलाल, अजय कुमार यादव, सोनू कुमार

आदि जन सुराज के कार्यकर्ता शामिल रहे।

गोपालगंज आते ही यूपी की 'बंटी बबली' के चक्कर में फंस गया शख्स

बिहार की 4 लेडी कॉन्स्टेबल थी सामने

संवाददाता।

गोपालगंज। उत्तर प्रदेश का एक शख्स बिहार के गोपालगंज आते ही 'बंटी बबली' के चक्कर में चार लेडी कॉन्स्टेबल के चंगुल में फंस गया। युवक बाइक पर सवार था। उसने अपनी बाइक पर दो ड्रम बांध रखे थे। चारों लेडी कॉन्स्टेबल ने उसके दोनों ड्रम की तलाशी ली तो ड्रम में रखे करीब 450 पैकेट यूपी निर्मित देसी शराब मिली। इस मामले में कार्रवाई करते हुए तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई उत्पाद विभाग की टीम ने कोन्हवा मोड़ के समीप की है।

उत्पाद अधीक्षक अमितेश झा ने बताया कि यूपी से आने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों की लगातार तलाशी ली जा रही है। इसी तलाशी के दौरान एक्साइज विभाग की चार महिला कॉन्स्टेबल की ड्यूटी कुचायकोट के कोन्हावा मोड़ के पास लगाई गई थी। गाड़ियों की जांच के दौरान एक यूपी के नंबर का बाइक तेजी से गोपालगंज शहर की तरफ बढ़ रहा था। उत्पाद विभाग की टीम को जब इस बाइक सवार पर शक हुआ तो उसने बाइक को रोककर उस पर रखे दो नीले रंग के ड्रम की जांच की। इस ड्रम को काटकर इसे बॉक्स की तरह बनाया गया था। ड्रम के अंदर 90 लीटर यूपी निर्मित देसी शराब 'बंटी बबली' को छिपा कर रखा गया था।

उत्पाद विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, दोनों ड्रम में 450 पैकेट यूपी की देसी 'बंटी बबली' शराब को छिपा कर रखा गया था। इसकी गोपालगंज में जगह जगह होम डिलीवरी करने की तैयारी थी। इस मामले में उत्पाद विभाग ने यूपी के कुशीनगर जिले के तरैया सुजान निवासी गिरिराज यादव को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए तस्कर से बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की जांच की जा रही है।बता दें, गोपालगंज में लगातार शराब की बरामदगी को लेकर छापामारी की जा रही है। बावजूद इसके शराब तस्कर शराब की तस्करी से बाज नहीं आ रहे हैं।

मनाया गया तीज उत्सव,सफल प्रतिभागी को किया गया पुरस्कृत

संवाददाता।

गया। इनरव्हील क्लब बोध गया सनराइज द्वारा तीज का उत्सव होटल इंपीरियल, बोध गया में धूमधाम से मनाया गया है। इस अवसर पर क्लब की सभी सदस्या बड़ी संख्या में शामिल हुई है। क्लब की अध्यक्ष, डॉ. तेजस्वी नंदन, ने सभी का स्वागत किया है इस कार्यक्रम का संचालन किया है। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि समाज में अच्छे कार्य करने के लिए एक सच्चे दोस्त की आवश्यकता होती है।और इस प्रकार के आयोजन आपसी मित्रता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। क्लब की सभी सदस्याओं ने इस कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया है और एक-दूसरे के सहयोग से आयोजन को सफल बनाया है। इस कार्यक्रम में तीज के रुप में तैयारी मे निभा को पुरस्कृत किया गया है वही संगीत में संजना को, सौंदर्य में मधु प्रिया,खेल में सजीया हबीब को दिया गया है।

आरवाईए द्वारा पूसा प्रखंड में आयोजित किया जाएगा दौड़ प्रतियोगिता

सम्मानजनक रोजगार!
सामाजिक न्याय!
इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए)
Revolutionary Youth Association (RYA)
जिला कमिटी, समस्तीपुर (बिहार)

संवाददाता।

पूसा/समस्तीपुर। आज इंकलाबी नौजवान सभा "आरवाईए" बैनर तले दर्जनों नौजवानों के बीच उमा पांडेय कॉलेज के सेमिनार हॉल में बैठक आयोजित किया गया बैठक की नेतृत्व नवनीत कुमार बिट्टू व शिवम कुमार गणपत ने किया। पर्यवेक्षक आरवाईए जिला सचिव रौशन कुमार उपस्थित थे। बैठक में 12 सितंबर को बिजली बिल के बढ़ोतरी और अधिकारीयों के मनमानी, प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने 24 घंटे बिजली आपूर्ति की गारंटी सहित संबंधित अन्य मांगों को लेकर पूसा बिजली कार्यालय पर प्रदर्शन करने, 28 सितंबर को शहीद ए आजम भगत सिंह के 117वें जयंती पर प्रखंड में दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करने, संगठन का एक हजार सदस्यता चलाकर प्रखंड सम्मेलन करने, पार्टी द्वारा हक दो वादा निभाओ अभियान के तहत प्रखंड स्तरीय युवा संवाद आयोजित करने का विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते आरवाईए जिला सचिव रौशन कुमार ने कहा कि मोदी सरकार 2 करोड़ नौजवानों को रोजगार देने का वादा किया था लेकिन सत्ता में रहते 11 साल हो गए हैं मगर नौजवानों को रोजगार देना तो दूर रोजगार देने वाली तमाम संस्थाएं रेलवे एयरपोर्ट सहित तमाम संस्थाओं को निजी हाथों में बेच रहे हैं नौजवानों के आज लगातार आत्महत्या कर रहे हैं नौजवानों को अपने भविष्य को बचाने के लिए मोदी जैसे तानाशाह को सत्ता से उखाड़ फेंकने का संकल्प लेना चाहिए बिहार में लगातार बिजली संकट जारी है 19 लाख रोजगार का वादा करने वाले नीतीश कुमार आज डोमिसाइल नीति हटाकर बिहार के बाहरी को सत्ता की लालच में नौकरी देने का काम कर रहे हैं बिहार एक पिछड़ा प्रदेश है बिहार में लाखों नौजवान बेरोजगार है दिल्ली और पंजाब में जाकर लानत की जिंदगी जी रहे हैं और अपने परिवार को किसी तरह कैसे पाल रहे मैं नीतीश कुमार से मांग करता हूं की बिहार में फिर से डोमिसाइल नीति लागू किया जाए और बिहारी युवाओं को प्राथमिकता दिया जाए। बैठक में प्रखंड स्तरीय नवनीत कुमार बिट्टू व शिवम कुमार को सह-संयोजक बनाया गया। बैठक में विक्की शाह, नवनीत कुमार, शिवम कुमार, प्रशांत कुमार, गोलू यादव, प्रिंस कुमार, मो.शाहिल, संतोष कुमार, अंशु कुमार, सुमित कुमार नीरज कुमार अंकित कुमार सत्येंद्र कुमार, चंदन कुमार सहित दर्जनों नौजवान उपस्थित थे।

मत्स्य पदाधिकारी के स्थानांतरण होने पर मत्स्य परिसर में दी गई विदाई

बिट्टू कुमार

पश्चिम चम्पारण/बेतिया। मत्स्य परिसर में मंगलवार को मत्स्य पदाधिकारी गणेश राम को कार्यालय कमीयी ने विदाई समारोह का आयोजन किया। मगंलवार को उनका स्थानांतरण कर दिया गया।

मत्स्य पदाधिकारी गणेश राम के कार्यकाल के दौरान उन्होंने सभी लोगों व स्टाफ के साथ मिलकर बहुत ही व्यवस्थित रूप से कार्य किया। उन्होंने गत वर्ष 2021 में जिला मत्स्य विभाग का चार्ज लिया था। इस विदाई समारोह में कार्यालय कमीयी ने कहा कि सर हम लोग के साथ एक परिवार की तरह थे हम लोगों को साथ लेकर चलते थे हमेशा उनके कार्यकाल को याद रखेंगे। सर कई कार्यो में दिन रात लगे रहते है।वही सीताराम कुमार ने कहा कि पोस्टिंग और स्थानांतरण नौकरी का हिस्सा है। विदाई समारोह में प्रिंस रंजन कुमार, भरत पटेल, सीताराम कुमार, अरुण कुमार, विकास कुमार, जया भारती अमृता कुमारी, अनुष्का कुमारी, पूजा प्रिया, पूजा कुमारी, अनुष्का कुमारी, अनिरुद्ध शाह, नंदकिशोर चौधरी शामिल थे।

अंधेरे में नोट छाप रहे थे डीसीएलआर

नीतीश के जमीन सर्वे अभियान में करोड़पति बनने का था ख्वाब

संवाददाता।

सिवान। बिहार में तेजी से चल रहे भूमि सर्वेक्षण के बीच, सीवान के महाराजगंज से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां के भूमि उप समाहर्ता (डीसीएलआर) राम रंजन सिंह को पटना निगरानी टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया। ये घटना भूमि रिकॉर्ड के संबंध में चल रहे बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है, भले ही राज्य सरकार भूमि सर्वेक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए कदम उठा रही है। निगरानी टीम ने महाराजगंज के नई बस्ती स्थित राम रंजन सिंह के किराए के आवास पर छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान, उनके क्लर्क के पास से 20 हजार रुपए बरामद किए गए, साथ ही भूमि संबंधी कई दस्तावेज भी बरामद हुए।

निगरानी विभाग के डिप्टी एसपी सुधीर कुमार इस अभियान की अगुवाई कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'भूमि उप समाहर्ता के आवास से उनके क्लर्क के हाथ से रुपए बरामद किए गए हैं। अभी इसकी पूछताछ की जा रही है। जांच पूर्ण हो जाने के बाद ही कुछ भी कहा जा सकेगा।'

ये घटना राज्य में भूमि रिकॉर्ड से जुड़े भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों को उजागर करती है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल भूमि सर्वेक्षण के काम में तेजी और पारदर्शिता लाने के लिए लगातार अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं, लेकिन इस घटना से पता चलता है कि भूमि से जुड़े कुछ अधिकारी अभी भी पुराने तरीकों पर ही काम कर रहे हैं।

यह मामला आम लोगों के लिए चिंता का विषय है क्योंकि उन्हें अपनी जमीन के रिकॉर्ड के लिए भ्रष्ट अधिकारियों को रिश्वत देने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इस घटना के बाद, निगरानी विभाग ने जांच तेज कर दी है और भ्रष्टाचार में शामिल अन्य अधिकारियों और व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने की उम्मीद है। दरअसल, महाराजगंज के जिला भूमि सुधार उपसमाहर्ता (ऊळछफ) और उनके लिपिक को कथित तौर पर 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। ये कार्रवाई मंगलवार देर रात की गई। एसवीयू के अपर पुलिस महानिदेशक नैयर हसनैन खान ने बुधवार को बताया कि महाराजगंज के डीसीएलआर राम रंजन सिंह और उनके लिपिक संतोष कुमार को मिलीभगत कर एक परिवादी से 20000 रुपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने कहा कि डीएसएलआर ने परिवादी से कथित तौर पर डेढ़ लाख रुपए की मांग की थी और राशि न मिलने की सूरत में, जिस जमीन को अंचलाधिकारी ने उसके नाम पर कर दिया था, उसका मलिकाना हक विरोधी पक्ष के किसी व्यक्ति को देने की धमकी दी थी। नैयर हसनैन खान ने कहा कि एसवीयू ने इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

नशे के कारोबार के खिलाफ सड़क पर उतरे एलजेपीआर कार्यकर्ता

औरंगाबाद बिहार में 2016 से पूर्ण शराबबंदी के कारण शराब के नशे का कारोबार बंद होने से सूखे नशे के कारोबार में इजाफा हुआ है। इस वजह से युवाओं में वैकल्पिक सूखे नशीले पदार्थों ब्राउन सुगर, अफीम, हेरोइन, गांजा और सुलेशन जैसे अन्य नशे की लत खासकर बढ़ रही है और नशे का कारोबार फल फूल रहा है। औरंगाबाद के दाउदनगर के इलाके में सूखे नशे के कारोबार की शिकायतें आम हैं। दो दिन पहले ही पुलिस ने 29 पुड़िया ब्राउन सुगर के साथ नशे के एक कारोबारी को दबोचा था।

इसी सिलसिले में आम आवाम को खासकर नशे के सेवन के दुष्परिणामों से आगाह करने, जागरूकता लाने और नशीली वस्तुओं के कारोबारियों के खिलाफ सतत अभियान जारी रखने के लिए शासन-प्रशासन पर जन दबाव बनाने के उदेश्य से बुधवार को दाउदनगर में सामाजिक कार्यकर्ता और लोजपा (रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद्रा ने जन जागरूकता मार्च निकाला। मार्च दाउदनगर के प्रखंड कार्यालय के पास से निकलकर अनुमंडल कार्यालय तक पहुंचा। जहां मार्च का नेतृत्व कर रहे डॉ. प्रकाश चंद्रा ने एसडीओ मनोज कुमार और एसडीपीओ कुमार ऋषिराज को बिहार के राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए एलजेपीआर नेता ने कहा कि शराबबंदी के बाद से दाउदनगर अनुमंडल समेत पूरे जिले में गांव-गांव में प्रतिबंधित ब्राउन सुगर और प्रतिबंधित ड्रग्स की बिक्री और सेवन की प्रवृत्ति बढ़ी है। अचानक से 15 से 25 वर्ष की उम्र के युवा नशे की गिरफ्त में आकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। ड्रग्स खरीदने के लिए वे छोटे-मोटे अपराध को भी अंजाम दे रहे हैं। अगर समय रहते नशे के कारोबारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो समाज अंधकार में चला जाएगा।

गणित-विज्ञान मेला में सफल छात्रों को किया गया सम्मानित

विद्या भारती विद्यालय
सरस्वती विद्या मंदिर

संवाददाता।

मुंगेर। शहर के पुरानीगंज स्थित विद्या भारती विद्यालय वरिष्ठ माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर मुंगेर में बुधवार को सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यालय एवम् विभाग स्तर पर गणित-विज्ञान मेला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल देकर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवम् वरिष्ठ आचार्यों द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होकर बच्चे काफी खुश और उत्साहित दिख रहे थे।

उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह ने कहा कि गणित-विज्ञान मेला छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच, चिंतन व रचनात्मकता और प्रयोग को बढ़ावा देने में मदद करता है। साथ ही उन्होंने विभाग स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को

प्रांतीय गणित-विज्ञान मेला जो कि 21 से 23 सितंबर 2024 तक सरस्वती विद्या मंदिर, राजगीर में आयोजित होगी में शिक्षकों की टीम के देख-देख में अपने प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन करते हुए सफलता की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। मौके पर उपस्थित वैदिक गणित के प्रांतीय संयोजक नवनीत चन्द्र मोहन ने कहा कि गणित-विज्ञान मेला का उद्देश्य युवा पीढ़ी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का निर्माण करना है ताकि उन्हें विज्ञान, प्रौद्योगिकी और समाज की अन्योन्याश्रयता का एहसास हो सके। वहीं वरिष्ठ आचार्य गोपाल कृष्ण ने कहा कि गणित-विज्ञान मेला छात्रों और शिक्षकों के लिए एक मंच प्रदान करता है जहां वे एक दूसरे के अनुभवों से सिख सकते हैं और कुछ नया विकसित करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। आगे उन्होंने बताया कि गणित-विज्ञान मेला में मॉडल, पत्रवाचन, प्रयोग एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित होता है जिसमें विभिन्न टॉपिक पर छात्र-छात्रा प्रदर्शन प्रस्तुत करते हैं।

सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में मुख्य रूप से विज्ञान प्रदर्श में कुमारी वैष्णवी, अमृत राज, दीप राज, चिरंजीवी, विवेक कुमार, खुशी कुमारी, पुष्कर झा, आकृति तथा विज्ञान प्रयोग में अदिति झा, अंकित कुमार, अनिमेष पाठक, अनामिका एव विज्ञान प्रश्नमंच में अंकित, आरव , अभि आर्यन, अदिति, भावना, मंजरी साथ ही विज्ञान पत्रवाचन में यत्न सिन्हा। गणित प्रदर्श में आदित्य कुमार राय, शन्वी गुप्ता, नैतिक अग्रवाल, आर्यन त्रियार, रुचिका कुमारी, साक्षी लाल, गौरव कुमार, वर्षा भारती। वैदिक गणित प्रश्नमंच में आनंद राज, तुषार आनंद, अनुकल्प, आयुष, पुनीत, नैना कुमारी, खुशबू, रश्मि गणित प्रयोग में सौम्या कुमारी, शशांक शेखर। वैदिक गणित पत्रवाचन में आयुष गुप्ता, स्मृति आनंद। कंप्यूटर क्विज में अंशुमान झा, प्रांजल कुमार झा, आदित्य सक्सारिया, सुमित कोरा, विष्णु कुमार, वैभव राजा, प्रत्युष चंद, गौतम कुमार एवम् केशव कुमार आदि थे। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य जी एव दीदी जी उपस्थित थे।

चरण सिंह

विचार

देश की राजनीति पर हावी बुलडोजर नीति!

बुलडोजर एक ऐसा शब्द है जो अतिक्रमण हटाने के नाम से जाना जाता है पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे इतना बढ़ावा दिया कि अब यह राजनीति में सबसे अधिक इस्तेमाल हो रहा है। बुलडोजर आज की तारीख में राजनीति से लेकर न्यायपालिका तक में अपना प्रभाव बनाता दिखाई दे रहा है। सुप्रीम कोर्ट के इस मामले में हस्तक्षेप करने करने के बाद तो बुलडोजर राजनीतिक दलों के लिए भी बयानबाजी का सबसे बड़ा आधार बन गया है।

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव कह रहे हैं कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही सभी बुलडोजरों का रुख गोरखपुर की ओर होगा। अखिलेश इतना बोलने पर योगी आदित्यनाथ कहां चुप रहने वाले थे। उन्होंने भी कह दिया कि बुलडोजर पर हर किसी का हाथ सेट नहीं होता। बुलडोजर चलाने के लिए उसके जैसी हिम्मत और दृढ़ संकल्प होना चाहिए। दंगाइयों को शह देने वाले अपराधियों को आगे बढ़ाने वाले बुलडोजर नहीं चला पाएंगे। योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश का नाम लिए बिना कहा कि इन लोगों की सम्पत्ति जब्त कर गरीबों को बांटने का काम करेंगे।

दरअसल योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह से आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलवाया। अवैध बिल्डिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया, उससे बुलडोजर का नाम देश में गूंजने लगा। दूसरी सरकारें भी योगी आदित्यनाथ की बुलडोजर नीति अपनाने लगी। बुलडोजर नीति देश में इतनी हावी हो गई कि मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट ने पहले तो कहा कि यदि कोई दोषी भी हो तब भी उसके घर पर बुलडोजर नहीं चलाया जा सकता है। वह बात दूसरी है कि योगी सरकार के पेश किये गये हलफनामे से सुप्रीम कोर्ट संतुष्ट नजर आया।

उत्तर प्रदेश ने जो हलफनामा सुप्रीम कोर्ट में पेश किया उसमें कानूनी दायरे में रहकर बुलडोजर चलाने की बात कही गई है। हलफनामे में अवैध बिल्डिंगों पर ही बुलडोजर चलाने की बात योगी सरकार ने कही है। योगी सरकार का हलफनामा इतना प्रभावी शाली था कि सुप्रीम कोर्ट हलफनामे में दिये गये तर्कों से खुश हो गया। बाकायदा सुप्रीम कोर्ट ने योगी सरकार की तारीफ की। दरअसल योगी आदित्यनाथ अवैध बिल्डिंगों पर बुलडोजर चलाकर लोगों की सहानुभूति बटोर रहे हैं। योगी सरकार ने एक बड़ा फैसला सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को अपनी-अपनी संपत्ति का ब्यौरा देने का भी लिया है। जो कर्मचारी या अधिकारी अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दे रहा है उसका वेतन रोक दिया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ के इस फैसले से भ्रष्टाचार पर बड़ा अंकुश लगेगा। संपत्ति का ब्यौरा देने के डर से नौकरशाह रिश्वतखोरी से बचेंगे। ऐसे ही बुलडोजर नीति के डर से लोग अपराध करने से बच रहे हैं। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश में राहजनी कम हुई है। आदमी देर सवेर भी कहीं पर आ-जा सकता है।

वर्षा जल को बर्बाद होने से बचाएं

-विष्णु अग्रवाल-

मानसून का महीना हर किसी को आत्मिक आनंद से सराबोर करने वाला होता है इस समय नील व्योम काली घटाओं के केन्द से बंद मेघो के माध्यम से वसुधा को अपनी असमी स्वर्णिम जलबूंदो से तरबतर करने को उत्साहित व आतुर दिखाई पड़ता है। शीतलता भरी छुअन घुल जाने से प्राणी जगत को भीषण गर्मी से राहत मिलने लगती है।

भले शहर में मिटटी के लोग बारिश में भीग जाने से कतराते हो, लेकिन गांव में तो आज भी बारिश को एक उत्सव व त्योहार के रूप में मनाने व बिंदास होकर खूब भीग जाने की परम्परा जीवित है। यहां तो बारिश के आगाज के साथ ही नग्गे बदन बच्चो की टोलियां में धमा चौकड़ी मचाती हुई देखी जा सकती है। हम मानसून की मस्ती में इतने भी मशगूल नही हो जाए कि वर्षा जल संचयन को ही भूल जाऐ। हाल के वर्षो मे वर्षा जल संचयन को लेकर व्यक्तिगत प्रयासो में कमी आई है। पहले गांवो में वर्षा जल संचयन परंपरा का एक अभिन्न अंग हुआ करता था। दुनिया के सर्वाधिक बारिश होने वाले क्षेत्रो में भारत भी है, यहां हर वर्ष बर्फ पिघलने ओर वर्षा जल के रूप में औसतन ४००० अरब घनमीटर पानी प्राप्त होता है, जबकि यह देश वर्षा जल का १८६९ अरब घनमीटर (मतलब सिर्फ ४६ प्रतिशत) पानी का उपयोग कर पाता है, बाकी ५४ प्रतिशत पानी व्यर्थ में बहकर नदी-नालो के द्वारा समुद्र में चला जाता है। मणिपुर से भी छोटे इजराइल जैसे देशो में जहां वर्षा का औसत २५ से.मी. से भी कम है, वहां भी जीवन चल रहा है।

वहां जल प्रबंधन तकनीक अति विकसित होकर जल की कमी का आभास नही होने देती, अपितु कृषि से कई बहूमूल्य उत्पादो का निर्यात करके विदेशी मुद्रा अर्जित कर रहा है। बारिश के पानी का विभिन्न स्त्रोतो व प्रकल्पों व सुरक्षित व संग्रहित रखना व करना वर्षा जल संचयन कहलाता है। वर्षा जल संचयन वर्षा जल के भंडारण को संदर्भित करता है, ताकि जरूरत पड़ने पर बाद में इसका उपयोग किया जा सके। इस तरह व्यपाक जलराशि को एकत्रित करके पानी की किल्लत को कम किया जा सकता है। भारत में पेयजल संकट एक प्रमुख समस्या है। भूमिगत जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा ह और इस वजह से पीने के पानी की किल्लत बढ रही है सिकुडती हरित पटटी इसका मुख्य कारण है। पेड़ों से जहां पर्याप्त मात्रा में वर्षा हासिल होती है वही यही पेड़ भूमिगत जल का स्तर बनाये रखने में भी अहम् भूमिका निभाते है। लेकिन दुत गति से होने वाले विकास कार्यो ने हमारी हरित पटटी की तेजी से बलि ली है उसी का नतीजा है कि न सिर्फ भूमिगत जल का स्तर नीचे गया है, बल्कि वर्षा में भी लगातर कमी आई है। गौरतलब है कि भारत में दो सौ साल पहले लगभग २१ लाख सात हजार तालाब थे। साथ ही लाखो कुंऐ, बावड़ियां झीलें पोखर और झरने भी हमारे देश की गोदी में हजारो नदियां खेलती थी, किन्तु आज से नदिया हजारो में से केवल सैकड़ो में ही बची है। ये सब नदिया कहां गई कोई नही बता सकता है।

जिस भारत में ७० प्रतिशत हिस्सा पानी से घिरा हो यहां आज स्वच्छ जल का उपलब्ध न हो पाना विकट समस्या है। आज देश में करीब ६० करोड़ लोग पानी की गंभीर किल्लत का सामना कर रहे है। करीब दो लाख लोग स्वच्छ पानी न मिलने के चलते हर साल जान गंवा देते है। नीति आयोग द्वारा जारी समग्र जल प्रबंन्धन सूचकांक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। जिसमें कहा गया है सन २०३० तक देश में पानी की मांग उपलब्ध जल वितरण की दोगुनी हो जायेगी। जिसका मतलब है कि करोड़ों लोगो के लिए पानी का गंभीर संकट पैदा हो जायेगा और देश की जीडीपी में छह प्रतिशत की कमी देखी जायेगी। वर्षा जल संचयन के लिए वर्तमान में कई वैज्ञानिक व परंपरागत विधिया प्रयोग में लायी जा रही है। यहां कुछ ऐसी ही विधियों व प्रणाली का उल्लेख किया जा रहा है, जो वर्षा जल संग्रह में सहायता कर सकती है।

यह वर्षा जल संग्रहण की सबसे उत्तम व आसान विधि है। इस विधि से संचित पानी को किसी अन्य माध्यम से स्वच्छ किये बिना ही इसका मानवहित में उपयोग किया जा सकता है। बांध परियोजनाओं का सफल निर्माण बारिश के जल को संग्रहित करने में काफी कारगर सबित हो सकता है। बांध जैसे प्रकल्पों में जलराशि को लंबं समय तक बांधकर इसका उपयोग नहरों के माध्यम से सिंचाई के प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है। अगर अब भी हम सचेत नही हुए तो दक्षिण अफ्रीकी शहर केपटाउन की तरह भारत को भी पानी सपने में ही देखने को नसीब होगा हालाकि पूरे विश्व में धरती का लगभग तीन चौथाई भाग जल से घिरा हुआ है, किन्तु इसमें से ९७ प्रतिशत पानी खारा है जो पीने योग्य नही है, पीने योग्य पानी की मात्रा सिर्फ ३ प्रतिशत है।

कमला हैरिस या ट्रम्प में कौन बनेगा अमेरिकी राष्ट्रपति

-आर.के. सिन्हा-

> भारत-अमेरिका संबंधों पर कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा कि व्हाइट हाऊस में ट्रम्प पहुंचते हैं या कमला हैरिस। भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंध तो बेहतर होते रहेंगे, यही अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विश्लेषक मानते हैं। दोनों देशों के संबंध उस दायरे से कहीं आगे जाते हैं, जब सत्ता परिवर्तन का असर संबंधों पर होता है। इन संबंधों में किसी पर्सनेल्टी का असर नहीं हो सकता। हां, दोनों देशों के नेताओं के निजी संबंधों से संबंध और बेहतर तो हो सकते हैं। यह हमने नरेन्द्र मोदी और बराक ओबामा, फिर मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प और उसके बाद मोदी और बाइडेन के समय देखा।

अमेरिका में बसे लाखों भारतीय डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हैं या कमला हैरिस के पक्ष में? अगर मीडिया पर आ रही खबरों पर यकीन करें तो कमला हैरिस को तो आज के दिन अधिक लोकप्रिय बताया जा रहा है और प्रतिदिन कमला की लोकप्रियता बढ़ती ही चली जा रही बताते हैं। भारत सरकार किसे विजयी देखना चाहती है? यह तय है कि भारत सरकार जो भी जीतेगा उसके साथ तो ताल- मेल बैठकर काम तो करेगी ही! यह बात भारत- अमेरिका के गहरे द्विपक्षीय संबंधों की रोशनी में कही जा सकती है, जो लगातार मजबूत होते ही चले जा रहे हैं। एक बात जान लें कि अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के एकमुश्त वोट तो कमला हैरिस को नहीं मिलेंगे, कुछ वोट तो बटेंगे ही! कुछ वोट ट्रम्प के खाते में भी जाएंगे। पर कमला हैरिस को भारतीय अपना तो मानते हैं। कमला हैरिस की मां श्यामला गोपालन, तमिलनाडू के एक कुलीन बाह्मण परिवार से थीं। यह समाज अपनी बेटियों की शिक्षा पर भी बहुत ध्यान देता है। इसलिए इस परिवार ने श्यामला गोपालन को अपने सपनों को पूरा करने के लिए नई दिल्ली जाने की अनुमति दी। जहां उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की। श्यामला के पिता पी.वी. गोपालन भी सरकारी सेवा में ही थे और मां सफल गृहणी थी। गोपालन जी सरकारी दफ़्तर में टाइपिस्ट थे और अपनी लगन और ईमानदारी के सहारे पदोन्नति पाते रहे। वह अपनी नौकरी के सिलसिले में मद्रास, नई दिल्ली, मुंबईऔर कोलकाता में रहे। डीयू से 19 साल की उम्र में डिग्री लेने के बाद, कमला हैरिस की मां श्यामला ने अमेरिका का उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए रूख किया। उन्होंने अमेरिका में एक अफ्रीकी मूल के शख्स से शादी की, जिसका परिवार कैरिबियाई देश जमाईका में बस गया था। इस लिहाज से देखा जाए तो कमला हैरिस को भारतीय और अफ्रीकी कहीं ना कहीं अपने से जुड़ा मानते हैं।

उधर, ट्रम्प का भी अपना एक खास जनाधार है ही। वह अमेरिका के 2016-2020 के दौरान राष्ट्रपति रहे हैं। ट्रम्प वह व्यक्ति भी हैं जिन्होंने यूक्रेन और गाजा में संघर्षों को समाप्त करने का वादा किया है, जो लेबनान तक फैल गया है। वह इसे कितना गंभीरता से मानते हैं और क्या वह सफल होंगे, यह अनुमान का विषय है, लेकिन कम से कम उन्होंने वादा तो किया ही है। राष्ट्रपति जो बाइडेन के विदेश मंत्री एंथोनी ब्लिंकन भी गाजा में चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए अपने ढंग से कुछ काम भी कर रहे हैं। उम्मीद है कि इससे डेमोक्रेटिक पार्टी को मदद मिल सकती है। लेकिन न तो बाइडेन और न ही कमला हैरिस ने अब तक गाजा में शांति लाने का कोई ठोस इरादा दिखाया है। ऐसे में क्या ट्रम्प की जीत विश्व शांति के लिए भी मतदाता अच्छी मानेंगें?

भारत-अमेरिका संबंध

अब जरा बात कर ले भारत-अमेरिका संबंधों की। तो ज्यादातर राजनीतिक विश्लेषक यह मानते हैं, इससे भारत-अमेरिका संबंधों पर कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा कि व्हाइट हाऊस में ट्रम्प पहुंचते हैं या कमला हैरिस। भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंध तो बेहतर होते रहेंगे, यही अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विश्लेषक मानते हैं। दोनों देशों के संबंध उस दायरे से कहीं आगे जाते हैं, जब सत्ता परिवर्तन का असर संबंधों पर होता है। इन संबंधों में किसी पर्सनेल्टी का असर नहीं हो सकता। हां, दोनों देशों के नेताओं के निजी संबंधों से संबंध और बेहतर तो हो सकते हैं। यह हमने नरेन्द्र मोदी और बराक ओबामा, फिर मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प और उसके बाद मोदी और बाइडेन के समय देखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह से अमेरिका के दो पूर्व राष्ट्रपतियों बराक ओबामा और डोनाल्ड ट्रम्प के साथ एक अलग पर्सनल केमिस्ट्री विकसित की थी, वैसी ही केमिस्ट्री उनकी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ भी बनी। कुछ अस्वस्थ होने के बावजूद पिछले साल बाइडेन जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने नई दिल्ली आए। उसके बाद से उनकी भारतीय प्रधानमंत्री मोदी से आपसी और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर अक्सर बातचीत होती ही रहती है।

एक बात और। अगर ट्रम्प फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति बन जाते हैं तो संसार के इस्लामिक देशों के साथ वे किस तरह का संबंध बनाकर रखना चाहेंगे? वह पहली बार जब राट्रपति का चुनाव जीते थे तब सारा इस्लामिक संसार दुखी था। वह अपनी कैंपेन के दौरान बार-बार इस्लाम को लेकर बयान दे रहे थे। उन्होंने इस्लाम को अमेरिका विरोधी बताते हुए उनके अपने देश में प्रवेश पर पाबंदी लगाने की मांग तक दोहराई थी। हालाकि उन्होंने कहा था कि उनकी लड़ाई कट्टरपंथी मुसलमानों से है। लेकिन, इस बार वह संभल कर चल रहे हैं।

डोनाल्ड ट्रम्प आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के पनपने के लिए बराक ओबामा और हिलेरी क्लिंटन को जिम्मेदार मानते हैं। ट्रम्प के इस तरह के बयानों पर उन्हें अमेरिका के गैर-मुसलमानो का समर्थन भी मिला। डोनाल्ड ट्रम्प के इस दावे से सनसनी पैदा हो गई थी कि 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद दुनिया भर के मुसलमान जश्न मनाने के लिए 'सड़कों पर उतर' आए थे। उसके बाद उन्होंने कहा, अरब और अमेरिकी मुसलमानों ने आंतकी हमलों का जश्न मनाया था। ट्रम्प ने अपने देश में मुसलमानों की निगरानी करने के लिए एक डाटा बेस बनाने का भी वादा किया था। ट्रम्प ने यह भी कहा था कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए अमेरिका के मुस्लिमों पर तगड़ी निगरानी जरूरी होगी। तब उनकी अमेरिकी मीडिया ने तीखी आलोचना की थी। लेकिन ट्रम्प अपने रुख पर कायम रहे थे। यह सच है कि अमेरिका में 9/11 की घटना के बाद औसत अमेरिकी मुसलमानों से डरने और सतर्क रहने लगा था। हालांकि 9/11 की घटना के बाद दुनिया अब बहुत कुछ बदल चुका है। फिलहाल तो यह देखने वाली बात है कि अमेरिका का नया राष्ट्रपति कौन बनता है।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

भाजपा का चुनावी मशीनरी पर से भरोसा उठा

-हरिशंकर व्यास-

लाख टके का सवाल है कि चार राज्यों में विधानसभा के चुनाव भाजपा को कौन लड़ा रहा है? दो राज्यों में चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। जम्मू कश्मीर में पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन खत्म हो गया है और प्रचार शुरू है, जबकि दूसरे चरण के मतदान के लिए पर्चा भरने की प्रक्रिया चल रही है। हरियाणा में पांच सितंबर को अधिसूचना जारी होगी और उसी दिन से नामांकन शुरू होगा। इन दोनों राज्यों के चुनाव नतीजे चार अक्टूबर को आएंगे और उसके तुरंत बाद चुनाव आयोग महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव की घोषणा करेगा। सवाल है कि क्या इन चार राज्यों में भाजपा की प्रदेश कमेटियां चुनाव लड़ या लड़वा रही हैं या राज्यों के प्रभारी चुनाव लड़वा रहे हैं या चारों राज्यों में नियुक्त चुनाव प्रभारियों के पास चुनाव लड़ाने का जिम्मा है या इससे अलग कोई व्यक्ति या संगठन पार्टी को चुनाव लड़ा रहा है?ऐसा लग रहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा का अपनी चुनावी मशीनरी पर से भरोसा उठ गया है। उसने भाजपा के संगठन और साथ ही राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के नेटवर्क को ताक पर रख दिया है। राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा एडहॉक तरीके से काम कर रही है, यह दिख रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का विस्तारित कार्यकाल भी खत्म गया है लेकिन पार्टी ने उनको फिर से एक सेवा विस्तार देने की औपचारिकता नहीं निभाई। वे ऐसे ही अध्यक्ष बने हुए हैं। यही हाल सभी प्रदेश कमेटियों का है। हर जगह प्रदेश कमेटियां सिर्फ हैं, उनको कोई काम नहीं करना है। जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं वहां भी भाजपा ने उनको किनारे ही करके रखा है। जम्मू कश्मीर में भाजपा का पूरा संगठन ही शिथिल कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पसंद से राम माधव को कश्मीर घाटी की राजनीति संभालने के लिए भेजा है। चार साल पहले पार्टी महासचिव पद से हटा कर उन्हे बियाबान में भटकने के लिए छोड़ दिया गया था। वे भाजपा और संघ दोनों से बाहर थे। हालांकि परदे के पीछे से वे प्रधानमंत्री के लिए विदेश मामलों में कुछ काम करते थे लेकिन राजनीतिक भूमिका नहीं बची थी। उन्होंने चूंकि कश्मीर घाटी की पार्टियों खास कर पीडीपी के साथ अच्छे संबंध बनाए हैं और सज्जाद लोन या अल्ताफ बुखारी जैसे नेताओं के साथ भी कामकाजी रिश्ते हैं तो उनको वहां की राजनीति संभालने के लिए भेजा गया है। जम्मू की राजनीति पहले जितेंद्र सिंह कर रहे थे लेकिन अब नेशनल कॉन्फ्रेंस में लंबे समय तक रहे उनके भाई देवेंद्र सिंह को भाजपा में शामिल कराया गया है। सोचें, वे उमर अब्दुल्ला के राजनीतिक सलाहकार थे। उनके जिम्मे जम्मू की राजनीति है। भाजपा के अपने पुराने चेहरे गायब हैं। पूर्व मुख्यमंत्री निर्मल सिंह और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कविंद्र गुप्ता दोनों की टिकट की घोषणा नहीं हुई है। भाजपा ने पहले जी किशन रेड्डी को वहां का प्रभारी बनाया था लेकिन अब रेड्डी को राम माधव के साथ काम करना है। इसी तरह हरियाणा में भाजपा ने पिछले 10 साल से गैर जाट की राजनीति की है और इसी वजह से उसको सफलता भी मिली लेकिन चुनाव से ऐन पहले उसने कांग्रेस की किरण चौधरी को पार्टी में शामिल कराया और राज्यसभा भेज दिया। दीपेंद्र हुड्डा के लोकसभा सांसद बनने से खाली हुई राज्यसभा सीट पर किरण चौधरी उच्च सदन में गई हैं। अब किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ प्रचार कर रहे हैं। सोचें, हरियाणा में भाजपा के तमाम पुराने नेता रामबिलास शर्मा, अनिल विज, ओमप्रकाश धनखड़, कैप्टेन अभिमन्यु आदि हाशिए में हैं और परिवारवाद के कथित विरोधी नरेंद्र मोदी की पार्टी में हरियाणा के तीनों लालों के परिवार के सदस्य राजनीति कर रहे हैं। देवीलाल के बेटे रणजीत चौटाला, बंशीलाल की बहू किरण चौधरी व पोती श्रुति चौधरी और भजनलाल के बेटे कुलदीप बिश्नोई, बहू रेणुका बिश्नोई और पोते भव्य बिश्नोई भाजपा की राजनीति के चेहरे हैं। झारखंड में भाजपा की राजनीति अब पूरी तरह से हिमंत बिस्व सरमा के हाथ में है। वहां बाबूलाल मरांडी प्रदेश अध्यक्ष हैं, लक्ष्मीकांत वाजपेयी प्रदेश के संगठन प्रभारी हैं और शिवराज सिंह चौहान चुनाव प्रभारी हैं लेकिन भाजपा को चुनाव लड़ा रहे हैं चुनाव के सह प्रभारी हिमंत बस्वा सरमा। पार्टी में किसको शामिल किया जाए, किसको नहीं शामिल किया जाए, किसको टिकट दी जाएगी, किसको कहां चुनाव लड़ाने की जिम्मेदारी दी जाएगी, यह सब वे तय कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन को भाजपा में शामिल कराया है। अब कोल्हान की 15 सीटों पर चम्पई भाजपा को चुनाव लड़ाएंगे, जबकि उस इलाके में अर्जुन मुंडा जैसा बड़ा नेता भाजपा के पास पहले से है। कुछ दिन पहले ही मधु कोड़ा और उनकी पत्नी गीता कोड़ा भी भाजपा में शामिल हुए। ये दोनों भी कोल्हान इलाके के ही नेता हैं। प्रदेश भाजपा के सारे नेता हिमंत बिस्व सरमा के मोहताज हैं। सोचें, वे महज आठ नौ साल पहले कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए थे। अभी वे असम के मुख्यमंत्री हैं और पार्टी में अघोषित रूप से नंबर तीन की हैसियत उनकी बन गई है। महाराष्ट्र का चुनाव सबसे ज्यादा उलझा हुआ है। पांच साल सरकार चलाने के बाद देवेंद्र फड?वीस प्रदेश की राजनीति में और भाजपा के अंदर भी सबसे मजबूत चेहरे के तौर पर उभरे थे। लेकिन पता नहीं किस राजनीति के तहत उनको पूरी तरह से खत्म कर दिया गया। उनकी सरकार में मंत्री रहे एकनाथ शिंदे को शिव सेना से लाकर मुख्यमंत्री बनाया गया और उनको शिंदे की सरकार में उप मुख्यमंत्री बनने को मजबूर किया गया। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिन अजित पवार के ऊपर 70 हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया था उनको भी एनडीए में शामिल किया गया और उप मुख्यमंत्री बनाया गया। लेकिन लोकसभा चुनाव में अजित पवार की पोल खुल गई। पहले तो भाजपा को लग रहा था कि शिंदे शिव सैनिकों के वोट दिला देंगे और अजित पवार मराठा वोट ला देंगे लेकिन लोकसभा चुनाव में सबको साथ मिला कर एनडीए 48 में से सिर्फ 17 सीट जीत पाया, जहां पिछली बार 41 सीटें मिली थीं। इसी अनुपात में अगर विधानसभा में नुकसान हुआ तो पूरा एनडीए एक सौ सीट तक नहीं पहुंच पाएगा। कुल मिला कर स्थिति यह है कि देवेंद्र फड?वीस हाशिए में हैं और एकनाथ शिंदे व अजित पवार से कोई उम्मीद नहीं है। क्या अमित शाह और भूपेंद्र यादव मिल कर चुनाव लड़ाएंगे?

(यह लेखक के अपने विचार हैं)

जीवन यात्रा : मेरी अहसानो से भरी जिन्दगी ....

राकेश जाखेटिया

बहुत सोचता हूं कि मैं अपने संपर्क में आये सभी शुभचिंतकों एवं आलोचको को खुश रखूं परंतु ऐसा हो ना सका। मैं क्यों खुश रहता हूं ? बस सामने वाले का ध्यान इस पर ही रहता है । मैं किसी से बराबरी भी करना नही चाहता। ना तो मैं बहुत शिक्षित हूं और ना ही अशिक्षित हू। हा हर सोसाइटी में मैं अपने को एडजस्ट कर लेता हूं। बालकाल से ही अच्छे बुरे का ज्ञान रहा।

ग्रामीण जीवन से लेकर महानगरों की भव्यता को बहुत पास से देखने का अवसर मिला। सामाजिकता, धार्मिकता, व्यवहारिकता, राजनीति, परिवार का महत्व, मित्रता, व्यापार एवं आपसी दुश्मनी को बहुत अच्छी तरह समझता हूं। सामने वाला क्या चाहता है दो-तीन संवाद में स्पष्ट हो जाता है। सामने वाले की संवाद की सीमा को भी समझता हूं। मैं आर्थिक संपन्न समाज, बुद्धिजीवियों के साथ-साथ अपनी सीमाओं को तथा व्यापार, नौकरी पेशे का दर्द भी समझता हूं।

इंग्लिश नहीं आती फिर भी वर्ल्ड फेमस इंग्लिश मीडिया में काम किया, इंग्लिश नहीं आती इंग्लिश प्रोफेशनल स्कूल के संचालन में सहयोग किया, इंग्लिश नहीं आती इंग्लिश एडवरटाइजिंग एजेंसी के संचालन में कई दशकों तक सहयोग दिया।

स्कूल टाइम से राजनीति को समझने का अवसर मिला। अनेकों बार चुनाव लड़ने का अवसर मिला। चुनाव जीते भी हैं और हारे भी हैं। कुल मिलाकर एक अच्छा अनुभव रहा। जीवन में जितने भी महत्वपूर्ण आवश्यक संसाधनों की आवश्यकता होती है ईश्वर उसे यथाशक्ति यथा संभव समय पर पूरा करता रहता है। पहले आवश्यकता बनती है फिर ईश्वर उसको पूरा करने के लिए माध्यम भी दे देता।

68 वर्ष के जीवनकाल में पूर्वजों से, परिवार से, समाज से, राजनीति से, व्यवसाय से, रिश्तेदारों से, बुद्धिजीवियों से, साहित्यकारों से, मित्रों से, सहपाठियों से, आलोचकों से आदि अनेकों क्षेत्रों से भरपूर मार्गदर्शन, अनुभव एवं स्नेह मिला। हां यह सही है कि मैं ईश्वरीय शक्तियों में पूर्ण आस्था रखता हूं परंतु मैं सनातनी पूजा पाठ में अधिक समय नहीं दे पाया।

सामाजिकता के क्षेत्र में 'मानस' यानी माहेश्वरी नवयुवक सभा तथा विद्यार्थी जीवन की राजनीति में सक्रिय रहा। आर्थिक क्षेत्र की राजनीति में टाइम्स ऑफ इंडिया थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट एंड क्रेडिट सोसाइटी, मित्रों के क्षेत्र में बिजनौर मित्र मंडल, समाज के क्षेत्र में अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा, साहित्य के क्षेत्र में बिजनौर काव्य मंच के माध्यम से कवि, चिंतक व विचारक के रूप में, पत्रकारिता के क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्र के अनेकों विषयों पर अपने विचार रखने का अवसर मिला। अनेकों शैक्षणिक संस्थाओं के साथ कार्यकारी मंडल में काम करने का भी अवसर मिला। जीवन में सबसे ज्यादा खुशी उस दिन मिली ..... जिस स्कूल का मैं साधारण विद्यार्थी था उसी स्कूल का मुख्य अतिथि के रूप में झंडारोहण का अवसर मिला।

प्रियदर्शनी स्वर्गीय इंदिरा गांधी, स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चंद्रभान गुप्ता जी, दिल्ली प्रदेश पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष श्री जयप्रकाश जी अग्रवाल, मेट्रो चीफ श्री मंगू सिंह जी, टाइम्स परिवार से साहू अखिलेश जैन, पद्म अवार्ड से सम्मानित श्री सुभाष कश्यप जी पूर्व जनरल सेक्रेटरी पार्लियामेंट, पूर्व राष्ट्रपति के स्वास्थ्य सलाहकार डॉक्टर एम वाली, एमिटी परिवार से आनंद चौहान जी एवं दिल्ली पूर्व विधायक एवं एनडीएमसी पूर्व डिप्टी चेयरमैन श्री कंवर सिंह तंवर एवं राम पेपर मिल के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रमोद अग्रवाल जी आदि अनेकों के संपर्क में आने से जीवन का अच्छा अनुभव एवं आनंद लेता रहा।

विभिन्न क्षेत्रों के वरिष्ठ अनुभवी व्यक्तियों डॉक्टर, इंजिनियर, एडवोकेट्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, कंपनी सेक्रेटरीज, शिक्षाविद, उद्योगपति, साहित्यिकरो, मीडिया कर्मी, रंगमंच के कलाकारो आदि का भी भरपूर आशीर्वाद मिला। ग्रीन व्यू प्रोजेक्ट के माध्यम से हॉर्टिकल्चर यानी हरियाली के क्षेत्र में भी काम करने का अवसर मिला।

पूरे जीवन काल में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से ग्रेजुएट तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री जगदीश प्रसाद जाखेटिया का पुत्र, ससुर स्वर्गीय सतीश चंद्र महेश्वरी तथा बाल साहित्य के प्रधान संपादक स्वर्गीय सत्यव्रत जी संपादक मनमोहन पत्रिका का धेवता होने पर हमेशा गौरवान्वित होता रहा। आरंभिक शिक्षा के क्षेत्र में आदरणीय के सी मठपाल जी, जीवन के प्रारंभिक सेवा काल में रविंद्र जैन 'राजू भाई साहब', मीडिया के सेवा काल में साहू रमेश चंद जैन, विज्ञापन सेवा के क्षेत्र में स्वर्गीय एसपी सिंह बेदी, ट्रेड यूनियन लीडरशिप में कॉमेडी रूपचंद जी, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मंच पर लाने का श्रेय प्रिय आशीष माहेश्वरी, प्रिंट मीडिया में लेखनी को तेज धार देने में चरणजीत सिंह राजपूत, काव्य व साहित्य के क्षेत्र में कविराज प्रदीप 'डेजी' माहेश्वरी जी, हिंदी की गूंज का डंका बजाने वाले नरेंद्र सिंह निहार जी, बिजनौर मित्र मंडल के सफल संचालन में स्वर्गीय राकेश शर्मा, माहेश्वरी समाज में श्री नरेंद्र लखोटिया जी आदि अनेकों महानुभावो का जीवन में समय समय पर मार्गदर्शन मिलता रहा।

वर्तमान में दिल्ली के बॉर्डर पर स्थित कौशांबी में सेंट्रल पार्क में चर्चित पप्पू चौपाल का संस्थापक सदस्य होने पर गौरवान्वित होता हूं जिसका एकमात्र लक्ष्य ' हंसी का खजाना लाइए और लुटाइए '। मैं भी पप्पू, तू भी पप्पू, हम सब है पप्पू पप्पू के गीतों से पप्पू चौपाल चहकती रहती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**
समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

बढ़ता गैंगस्टर्स का खौफ: पंजाब से लेकर कनाडा तक महफूज नहीं म्यूजिक इंडस्ट्री, निशाने पर नामवार गायक



जालंधर 90 के दशक में जिस तरह मुंबई में बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम और उसकी डी कंपनी का दबदबा था। उसी तरह पंजाब म्यूजिक और पंजाब फिल्म इंडस्ट्री में पंजाब के गैंगस्टर अब अपना साम्राज्य जमाने की होड़ में लगे हैं।

विदेशों में भी पंजाबी बड़ी संख्या में बसे हुए हैं और वहां भी पंजाब के अलावा जो अन्य प्रवासी भारतीय हैं, उनमें भी पंजाबी गानों और पंजाबी गायकों के लिए जबरदस्त क्रेज है, लेकिन ये पंजाबी गायक जो हिंदुस्तान के लोगों का मनोरंजन करते हैं, वे गैंगस्टर्स के निशाने पर हैं। ताजा घटना गायक एपी ढिल्लों के साथ घटी है। कनाडा में उसके निवास पर गोलियां चलाई गई हैं।

वीडियो बनाकर ली जिम्मेदारी...कनाडा के वैंकूवर में स्थित विक्टोरिया आइलैंड में एपी ढिल्लों यानी अमृतपाल सिंह ढिल्लों के घर के बाहर हुई फायरिंग के बाद एक बार फिर यह सवाल खड़ा हुआ है कि पंजाब और विदेशों में रहने वाले पंजाबी गायकों की सुरक्षा का क्या होगा। हमलावर इस कदर बेखौफ हैं कि उन्होंने ढिल्लों के घर के बाहर हुई फायरिंग का वीडियो भी बनाया है और इसकी जिम्मेदारी भी ली है। हमले की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गैंग ने ली है।

मूसेवाला को गोलियों से भून दिया गया था...एपी ढिल्लों के घर पर हुए हमले से 2022 में जाने-माने युवा पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या की घटना भी याद आती है। सिद्धू मूसेवाला पर बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाई थीं और उसके बाद भी पंजाबी गायकों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठे थे।

कुछ महीने पहले पंजाबी गायक और अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल को गैंगस्टर दिलप्रीत की ओर से रंगदारी वसूलने की धमकी दी थी। गैंगस्टर दिलप्रीत ने पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के एक और बड़े चेहरे परमीश वर्मा पर हमला किया था। पिछले साल गिप्पी ग्रेवाल के कनाडा स्थित घर के बाहर फायरिंग भी हुई थी और इसकी जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने ली थी। तब बिश्नोई ने कहा था कि यह गिप्पी ग्रेवाल के लिए चेतावनी है कि वह सलमान खान की तारीफ करना बंद कर दे। फरवरी में पंजाबी म्यूजिक कंपोजर बंटी बैंस से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। पंजाबी सिंगर करण औजला और शैरी मान को बंबीहा गैंग से संबंध रखने वाले जस्सा ग्रुप ने फेसबुक पर धमकी दी थी। जस्सा ग्रुप ने लिखा था कि उनका हिसाब जरूर किया जाएगा। पंजाब की म्यूजिक और फिल्म इंड्रस्टी पर कब्जा करने या अपना दबदबा रुतबा कायम रखने और करोड़ों रुपये की चाह में बंबीहा गैंग ने अपनी म्यूजिक कंपनी खोलकर वर्चस्व कायम करने की भरपूर कोशिश कर रखी है।

पंजाब के सिंगर और लॉरेंस का दबदबा...हालत यह हो गई थी कि गैंगस्टर पंजाबी सिंगर एक्टर से बाकायदा प्रोटेक्शन मनी की डिमांड करते थे नहीं देने पर उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जाती थी ज्यादातर सिंगर बंबीहा गैंग के इशारे पर काम कर रहे थे। ये गैंग अपने खेमे में पंजाब के पापुलर सिंगर को करना चाहते हैं। वह किस शो में अपने गाने गायेंगे। विदेशों में उनके शो कहां होंगे, कैसे होंगे उसका बाकायदा मुनाफे में से हिस्सा भी गैंगस्टर लेते हैं। इतना ही नहीं, कौन सी कंपनी उनके एल्बम को रिलीज करेगी किसके पास उनके राइट्स होंगे इन सब का फैसला भी यह गैंगस्टर ही किया करते हैं।

एपी ढिल्लो बोले मैं सुरक्षित...गायक एपी ढिल्लों ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि मैं बिल्कुल सुरक्षित हूं। मेरे लोग सुरक्षित हैं। आप सभी का शुक्रिया, जिन्होंने हमसे संपर्क किया। आपका समर्थन ही सब कुछ है।" सभी को शांति और प्यार। कनाडा पुलिस द्वारा मामले में जांच तेज कर दी गई है, क्योंकि एपी के घर पर हुई वारदात के बाद पूरा सोशल मीडिया लॉरेंस गैंग के खिलाफ और एपी की सुरक्षा को लेकर गरमाया हुआ है। ऐसी जानकारी मिल रही है कि दो हमलावरों की पहचान कर ली गई है।

एपी ढिल्लों के पड़ोसी ने पुलिस को जानकारी देते हुए कहा है कि जब गोलियां चल रही थी तो वह अपने घर में ही थे। फायरिंग की आवाज सुनकर उनकी नींद खुल गई, जब वह बाहर पहुंचे तो वहां पर कोई नहीं था। एक तेज रफ्तार कार वहां से भागती हुई नजर आ रही थी। जब घर की रीड ने अपने घर की छत पर जाकर देखा तो पड़ोसी के घर के बाहर दो वाहन जल रहे थे। उसने कहा कि जब तक बचाव दल के लोग पहुंचे, तब तक वह ट्रक जलकर राख हो चुका था। घटना के वक्त ढिल्लो के घर के अंदर उनका करीबी सहयोगी और इंडो-कैनेडियन रैपर शिंदा काहलों मौजूद था। वारदात हुई तो शिंदा ने किसी तरह अपनी जान बचाई।

गोल्डी बराड़ का कनाडा व अमेरिका में म्यूजिक का धंधा...पंजाब का कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बरार कनाडा और अमेरिका में म्यूजिक और इवेंट कंपनी चला रहा है। उसने वहां पर अपनी कंपनी को चलाने के लिए कई बड़े गायकों को बुलाया। गोल्डी बरार एक गाने के बदले में इन गायकों को 20 लाख तक की पेमेंट अदा करता था या फिर इन लोगों से ये कॉन्ट्रेक्ट किया जाता था कि जिस हिसाब से इनके प्रोग्राम के टिकट बिकेंगे और उनसे जो प्रॉफिट आएगा, उसके आधार पर उनको फीस चुकाई जाएगी। गोल्डी को मालूम है कि गायकों को कमाई डॉलरों में होती है।

अकाली नेताओं के एक-दूसरे पर आरोप लगाने पर पाबंदी, अकाल तख्त के जत्थेदार ने दी चेतावनी

अमृतसर श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने शिअद के विभिन्न गुटों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ मीडिया में किए जा रहे दुष्प्रचार एवं बयानबाजी कर बयान देने का कड़ा नोटिस लिया है।

जत्थेदार ने अकाली नेताओं को एक-दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप लगाने पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी है। ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि जब तक शिरोमणि अकाली दल का मामला श्री अकाल तख्त पर विचाराधीन है, तब तक एक-दूसरे के खिलाफ किसी तरह की टिप्पणी न की जाए। ऐसा करना श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों का उल्लंघन माना जाएगा।

जत्थेदार ने सिख सियासत से जुड़े नेताओं को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि श्री अकाल तख्त की सर्वोच्चता, सम्मान, मयार्दा एवं सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी तुरंत बंद की जाए। अगर सिख नेताओं ने ऐसा करना बंद न किया तो इसे सिख सिद्धांतों, परंपरा, मयार्दा का उल्लंघन करार देते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एक जुलाई 2024 को अकाली दल बादल के बागी गुट के नेताओं द्वारा श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह को पूर्व अकाली सरकार के दौरान प्रधान एवं पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल की अगुवाई में हुई गलतियों व गुनाहों संबंधी दिए गए माफीनामा के बाद से ही शिअद के विभिन्न गुटों में सार्वजनिक तौर से आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी हैं। इन आरोपों में प्रमुख तौर से सुखबीर बादल को प्रधानगी से हटाने की मांग की जा रही है जबकि उन्हें श्री अकाल तख्त साहिब से 30 अगस्त को तनखाइया भी घोषित किया जा चुका है। सुखबीर ने पूर्व अकाली सरकार के दौरान हुई गलतियों को स्वीकार करते हुए 31 अगस्त को लिखित माफीनामा श्री अकालतख्त साहिब सचिवालय में दे दिया है।

बागी अकाली ग्रुप के कई नेताओं को भी देना होगा स्पष्टीकरण...श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने 30 अगस्त को अकाली दल की सरकार के दौरान मंत्री रहे सिख नेताओं को भी 15 दिन के भीतर अकाली सरकार के दौरान हुई गलतियों के लिए स्पष्टीकरण देने के आदेश दिए थे। इसके चलते इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुई लिस्ट में कुल 17 पूर्व मंत्रियों में से बागी गुट के नेता परमिंदर सिंह ढींडसा, बीबी जागीर कौर एवं पूर्व मंत्री व मौजूदा भाजपा नेता मनप्रीत बादल का नाम भी शामिल है।

17 में से चार पूर्व मंत्री 31 अगस्त को सुखबीर बादल के माफीनामा पत्र के साथ ही श्री अकाल तख्त साहिब सचिवालय में अपना लिखित स्पष्टीकरण दे चुके हैं। इनमें डॉ. दलजीत सिंह चीमा, शरणजीत सिंह ढिल्लों, महेशइंद्र सिंह ग्रेवाल व गुलजार सिंह रणिके हैं। श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह द्वारा 30 अगस्त को जारी आदेशों के अनुसार अब पूर्व अकाली मंत्री बिक्रम मजीठिया समेत 13 पूर्व मंत्रियों को 15 दिन के भीतर निजी तौर पर पेश होकर श्री अकाल तख्त साहिब पर अपना-अपना स्पष्टीकरण देना है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ेंगी विनेश फोगाट! राहुल गांधी से मुलाकात के बाद आया बड़ा अपडेट

चंडीगढ़। विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चाओं के बीच पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। राहुल गांधी के बाद वे दिल्ली में कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल से मुलाकात कर रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक में वजन के कारण विनेश फोगाट पदक से चूक गई थीं। जब वे भारत लौटीं थीं तो उन्हें हरियाणा कांग्रेस के नेता दीपेंद्र हुड्डा भी मिलने पहुंचे थे। तभी से उनके राजनीति में आने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि इस सवाल पर विनेश फोगाट कह चुकी हैं कि वे इस बारे में आराम से बैठकर सोचेंगी। घर के लोग जो कहेंगे, वही करूंगी।

हरियाणा में 66 सीटों पर कांग्रेस के नाम तय...कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में 66 सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर दिए हैं। मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित बैठक में 41 सीटों में से 32 सीटों पर चर्चा हुई। एक दिन पहले यानी सोमवार को 34 सीटों पर नाम फाइनल हो चुके थे। वहीं, दो दिन की बैठक में ओलंपियन बजरंग पुनिया और व विनेश फोगाट के नामों पर चर्चा नहीं हुई है। हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा- वीरवार को तय हो जाएगा कि दोनों चुनाव लड़ रहे हैं या नहीं।

वहीं, सूची भी वीरवार को जारी कर दी जाएगी। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, अजय माकन समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में बार एसोसिएशन का आज वर्क सस्पेंड, जींद के वकीलों ने किया समर्थन

जींद। बार एसोसिएशन जींद के समर्थन में प्रदेश की सभी बार एसोसिएशन आ गई हैं। रात को बार एसोसिएशन के प्रधान राकेश मलिक के पास प्रदेश की लगभग सभी बार एसोसिएशन प्रधानों के समर्थन देने के मैसेज आ गए थे। सभी प्रधानों ने कहा कि वह जींद बार एसोसिएशन का समर्थन करते हैं। राकेश मलिक ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में बार ने वर्क सस्पेंड रखा हुआ है। उन्होंने जींद का समर्थन करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

राकेश मलिक ने बताया कि रात को उनके पास फरीदाबाद, यमुनानगर, इंद्री, असंध, हांसी, करनाल, बहादुरगढ़, झज्जर, हथीन, कैथल, पटौदी, नारनौल, पानीपत, कुरुक्षेत्र, गुरुग्राम, तोशाम, नारायणगढ़, हिसार, अंबाला, टोहाना, रतिया समेत काफी बार एसोसिएशन प्रधानों ने उनके समर्थन बुधवार को वर्क सस्पेंड रखने का निर्णय लिया है।

राकेश मलिक ने कहा कि जब तक डीएसपी गीतिका जाखड़ के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो जाती, तब तक जींद में हड़ताल जारी रहेगी। महिला थाना की एएसआई नीलम के साथ वकीलों का शनिवार को विवाद हुआ था। वकीलों ने आरोप लगाए थे कि एएसआई ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। जब वकील डीएसपी गीतिका जाखड़ से मिले तो उन्होंने भी उनके साथ दुर्व्यवहार किया। वकीलों ने आरोप लगाया कि डीएसपी ने उनके साथ एएसआई से भी ज्यादा दुर्व्यवहार किया। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने शनिवार को ही एएसआई नीलम को सस्पेंड कर दिया था। जिले के वकील डीएसपी गीतिका जाखड़ के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

कांट्रेक्ट के पांच हजार पदों के लिए आए 46 हजार स्नातक-परास्नातक आवेदक

चंडीगढ। हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) की ओर से संविदा पर निकाले गए पांच हजार सफाईकर्मियों के पदों पर करीब 39,990 स्नातक और 6,112 से अधिक परास्नातक उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। इसके अलावा 1,17,144 आवेदक 12वीं पास भी है। इस पद पर भर्ती होने वालों को 15 हजार रुपये प्रति माह तनख्वाह मिलेगी।

एचकेआरएन के एक अधिकारी के अनुसार इस पद पर भर्ती होने वाले को सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, और इमारतों से साफ-सफाई करना और कचरा हटाने की जिम्मेदारी होगी।

आवेदकों को एक स्वीकृति पत्र जमा करना होता है, जिसमें उन्हें अपनी सहमति व्यक्त करनी होगी। उस पत्र में लिखा होगा कि उन्होंने भर्ती प्रक्रिया की सभी शर्तों को पढ़ लिया है और वे पूरी तरह से सहमत है। उन्हें केवल उनके गृह जिले में ही नियुक्त किया जाएगा। एचकेआरएन की ओर अगस्त 2024 में इस भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। इसकी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 06 अगस्त 2024 से शुरू हो गई थी। 22 अगस्त को आवेदन करने की आखिरी तारीख थी। सफाई कर्मचारी पदों पर भर्ती के लिए आयु सीमा 18 से लेकर 42 साल और आठवीं पास निर्धारित की गई है। इस आयु की गणना 01 जनवरी 2024 के अनुसार की जाएगी।

पीयू छात्र चुनाव में हरियाणा के दल भी दिखा रहे दम

ABVP
JASVINDER RANA
JOINT SECRETARY CANDIDATE
2
3

चंडीगढ़ । एक तरफ हरियाणा में विधानसभा चुनाव का शोर मचा है तो दूसरी तरफ राजधानी चंडीगढ़ में छात्रसंघ चुनाव का खुमार युवाओं पर चढ़ा हुआ है। पांच सितंबर को पंजाब यूनिवर्सिटी समेत 11 कॉलेजों में चुनाव हैं। इसके एक महीने बाद पांच अक्तूबर को हरियाणा की 90 सीटों पर मतदान होना है। हरियाणा में सक्रिय सभी प्रमुख राजनीतिक पार्टियां भाजपा, कांग्रेस, आप, इनेलो व जजपा की छात्र इकाई संगठन छात्रसंघ के चुनावी दंगल में है।

हरियाणा के ही उम्मीदवार...छात्रसंघ चुनाव में उतरे उम्मीदवार भी हरियाणा के ही निवासी हैं। भाजपा के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद(एबीवीपी) से प्रधान पद पर पानीपत निवासी अर्पिता मलिक और ज्वाइंट सेक्रेटरी पद पर करनाल निवासी जसविंदर राणा उम्मीदवार हैं। कांग्रेस के छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया(एनएसयूआई) से प्रधान पद पर जींद निवासी राहुल नैन है। जजपा की छात्र संगठन इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (इनसो) के जरनल सेक्रेटरी पद पर रेवाड़ी निवासी विनीत यादव और इनेलो की छात्र इकाई आईएसओ के ज्वाइंट सेक्रेटरी पद पर हिसार निवासी तेजस्वी दलाल चुनाव लड़ रहे है।

प्रधान पद के लिए पानीपत की अर्पिता व जींद के राहुल नैन में सीधी टक्कर है। दोनों पीयू से कानून की पढ़ाई कर रहे है। छात्रसंघ चुनाव में हरियाणा व चंडीगढ़ के नेता भी पूरा जोर लगाते है। पहले ये नेता कैंपस में जाकर प्रचार करते थे लेकिन अब बाहर से ही मदद करते हैं।

मोगा में दो बच्चों समेत चार की मौत: कार ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर

मोगा। पंजाब के मोगा में दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मोगा के कस्वा बाघापुराना में बुधवार दोपहर लगभग तीन बजे दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यहां एक ब्रेजा कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। मृतकों में दो मासूम बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि अभी मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है

हादसा इतना जबरदस्त था कि ब्रेजा कार के भी परखच्चे उड़ गए। टक्कर के बाद बाइक में आग लग गई और बाइक पूरी तरह जल गई। वहीं, गाड़ी सड़क से निकलकर खेतों में पहुंच गई है।

जानकारी के अनुसार हादसा मोगा में बाघापुराना मुदकी रोड पर गांव लंगैवाना के पास हुआ है। यहां एक तेज रफ्तार ब्रेजा गाड़ी ने मोटरसाइकल को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि कार चालक शराब के नशे में था। वह शराब पीकर गाड़ी चला रहा था। गाड़ी के अंदर शराब की बोतलें भी मिली है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है। घटना की जांच की जा रही है।

सत्र के अंतिम दिन पंजाब जीएसटी संशोधन बिल और फायर एंड इमरजेंसी बिल पास

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा के मानसून सेशन के अंतिम दिन पंजाब जीएसटी संशोधन बिल और पंजाब फायर एंड इमेरजेंसी बिल पास कर दिया गया। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने पंजाब जीएसटी संशोधन 2024 बिल पेश किया। सेक्शन 9 में बदलाव किया गया है। ईएनए ह्यूमन कंसम्पशन पर जीएसटी नहीं लगेगा। केवल उद्योग में इस्तेमाल होने वाले ईएनए पर जीएसटी लगेगा। सेक्शन 74 ए के तहत जीएसटी डिफाल्टर को अब अपना पक्ष रखने के लिए 60 दिन मिलेंगे। 31 मार्च 2025 तक जो व्यापारी अपने टैक्स जमा करा देते है उनकी पैनेल्टी और सेस माफ कर दिया जाएगा। सदन में पंजाब फायर एंड इमरजेंसी बिल पेश किया गया। सीएम मान ने कहा कि जल्द ही पंचायत चुनाव करवाए जाएंगे। जो गांव सर्वसम्मति से अपनी पंचायत चुनेंगे, उनकी पंचायतों को पांच-पांच लाख रुपये की राशि दी जाएगी। साथ ही पंचायत की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अस्पताल, स्कूल या स्टेडियम खोलने के लिए भी फंड दिया जाएगा। इसके अलावा मान ने कहा कि पंजाब की कृषि पॉलिसी तैयार है। पंजाब जल्द ही इंडस्ट्रियल एडवाइजरी कमीशन गठित करेगा। आप विधायक कुंवर विजय प्रताप सिंह ने मांग की कि किसानों और बेअदबी के मामले को लेकर दो दिन के लिए विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने मांग की कि बेअदबी को मामले में अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। उसे लेकर जो भी लोग जिम्मेदार है उनके खिलाफ जांच करवाई जानी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने स्पीकर से कहा कि आपने सहमति लेकर एएसआई मामले में डीजीपी से रिपोर्ट मांगी थी, वो नहीं आई। अपने कल गृह सचिव से सभी विभागों में ब्लैक शीप के बारे में भी रिपोर्ट मांगी है। स्पीकर ने कहा कि ये हमारी ड्यूटी है कि केवल एक ही नहीं सभी विभागों में ऐसे लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जानी चहिए। स्पीकर ने कहा कि चेयर को पता है क्या करना है क्या नहीं।

हेलिकॉप्टर दुर्घटना में झज्जर के डावला के कर्ण सिंह बलिदान, सीएम ने दी श्रद्धांजलि

रोहतक/पोरबंदर बचाव अभियान पर निकले भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजे) का हेलिकॉप्टर एएलएच ध्रुव अरब सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें चार क्रू मेंबर सवार थे। इनमें एक को बचा लिया गया था जबकि तीन लापता थे। मंगलवार को तीन लापता चालक दल के सदस्यों में दो कमांडेंट विपिन बाबू और पी/एनवीके कर्ण सिंह के शव बरामद कर लिए गए हैं। कमांडेंट राकेश कुमार राणा के लिए तलाशी अभियान अभी जारी है। इसकी पुष्टि पोरबंदर तटरक्षक बल के डीआइजी पंकज अग्रवाल ने की। भारतीय तट रक्षक बल के साहसिक क्रू मेंबर कर्ण सिंह झज्जर के डावला गांव के रहने वाले हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने श्रद्धांजलि दी। डीआईजी पंकज अग्रवाल ने कहा कि एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर का मलबा बरामद कर लिया। आईसीजे ने बचाव प्रयासों के लिए चार जहाज और दो विमान तैनात किए हैं। भारतीय तटरक्षक बल ने बताया कि एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर (एएलएच) ने गुजरात के पोरबंदर तट पर मोटर टैंकर हरी लीला से चालक दल के एक घायल सदस्य को बचाने के लिए सोमवार रात 11 बजे उड़ान भरी थी। इसके बाद हेलिकॉप्टर की आपात लैंडिंग करनी पड़ी और वह अरब सागर में गिर गया। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल चालक दल को भारतीय ध्वज वाले मोटर टैंकर हरि लीला पर चिकित्सा निकासी के लिए पोरबंदर से लगभग 45 किलोमीटर दूर समुद्र में उतारा गया। आईसीजे के एएलएच ने गुजरात में हाल ही में आई तूफानी बारिश के दौरान 67 लोगों की जान बचाई थी। राष्ट्र की सेवा करते हुए शहीद हुए भारतीय तटरक्षक बल के क्रू सदस्य, झज्जर के गांव डावला के बेटे कर्ण सिंह की शहादत को मेरा कोटि-कोटि नमन।

हारे उम्मीदवारों ने जोर लगाया तो फंसेगी दिग्गजों की सीट, ऐसे बन रहे समीकरण

चंडीगढ। हरियाणा में पिछले विधानसभा चुनाव में 17 सीटें ऐसी थीं, जहां जीत-हार का अंतर 600 से 3500 वोट रहा था। बहुत ही कड़े मुकाबले में विधायकों की सीट निकल पाई थी।

कुछ ऐसी सीटें थीं, जहां बाजी पलटते-पलटते रह गई थी। इनमें कई दिग्गज भी शामिल हैं, जिनका राज्य की राजनीति में अच्छा खासा रुतबा है। इनमें भाजपा-कांग्रेस और अन्य दलों के विधायक शामिल हैं। पांच साल के बाद भी इन 15 सीटों पर सबकी नजरें हैं। इस बार भी मुकाबला आसान नहीं रहने वाला है। कम अंतर से हारे उम्मीदवारों को यदि टिकट मिलता है और वह जोर लगाते हैं तो इस बार कई दिग्गजों की सीट फंस सकती है। उनके लिए जीतना मुश्किल हो सकता है।

602 मतों से जीते थे गोपाल कांडा...2019 के चुनाव में सबसे कम अंतर से हरियाणा लोकहित पार्टी के संस्थापक गोपाल कांडा मात्र 602 अंतर से जीते थे। सिरसा विधानसभा सीट से उतरे गोपाल कांडा को 44915 वोट मिले, जबकि निर्दलीय उम्मीदवार गोकुल सेतिया को 44313 वोट मिले थे। गोपाल कांडा भले ही कम अंतर से जीते हों, मगर आसपास की दो से तीन सीटों पर उनका अच्छा प्रभाव है। वह कांग्रेस की सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे।

इसी तरह से दूसरे बड़े दिग्गज मेवात बेल्ट से आने वाले पुन्हाना विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक व पूर्व मंत्री मोहम्मद इलियास मात्र 816 वोट से जीते थे। उन्हें 35092 वोट मिले, जबकि निर्दलीय उम्मीदवार रईस खान को 34276 वोट मिले। इलियास भजनलाल व चौटाला सरकार में मंत्री रह चुके हैं। वह ही एक ऐसे नेता हैं, जो मेवात बेल्ट की तीनों विधानसभा सीट नूंह, फिरोजपुर झिरका व पुन्हाना से विधायक रह चुके हैं।

तीसरे बड़े दिग्गज राज्य के निकाय मंत्री व थानेसर से विधायक सुभाष सुधा हैं, जो पिछला चुनाव मात्र 842 वोटों से जीते थे। चुनाव में उन्हें 55759 वोट मिले जबकि कांग्रेस उम्मीदवार अशोक अरोड़ा को 54917 वोट मिले। इस बार का चुनाव सुभाष सुधा के लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। वहीं चौथे दिग्गज रेवाड़ी से कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव हैं। वह अपना चुनाव मात्र 1317 वोटों से जीते थे। राव को 43870 वोट मिले थे, जबकि भाजपा उम्मीदवार सुनील कुमार को 42553 वोट मिले।

राज्य की शिक्षा मंत्री व बड़खल से भाजपा विधायक सीमा त्रिखा की भी राह इस बार आसान नहीं होने वाली। वह अपना चुनाव मात्र 2545 वोट से जीती थी। कांग्रेस उम्मीदवार विजय प्रताप ने उन्हें कड़ी टक्कर दी थी। इसी तरह से रोहतक से कांग्रेस विधायक भारत भूषण बत्रा अपने प्रतिद्वंद्वी भाजपा उम्मीदवार मनीष ग्रोवर से मात्र 2735 वोटों से जीते थे। उधर, फरीदाबाद एनआईटी से विधायक नीरज शर्मा भी भाजपा उम्मीदवार नागेंद्र भड़ाना से 3242 वोटों से जीते थे।

यह विधायक भी कम अंतर से जीते...मुलाना से विधानसभा सीट से कांग्रेस के वरुण चौधरी मात्र 1688 वोटों से जीते थे। हालांकि वह अब सांसद बन चुके हैं। इसलिए कांग्रेस इस सीट से नया उम्मीदवार उतारेगी। यमुनानगर सीट से कांग्रेस विधायक बिशन लाल भी लड़खड़ाते हुए जीते थे। वह भाजपा उम्मीदवार कणदेव से मात्र 2541 वोटों से जीते थे। कैथल से भाजपा विधायक लीला राम ने कांग्रेस उम्मीदवार रणदीप सुरजेवाला को मात्र 1246 वोटों से हराया था। नीलोखेड़ी से निर्दलीय विधायक धर्मपाल गोंदर ने भाजपा के भगवान दास को मात्र 2222 वोटों से हराया था। इसी तरह से असंध से कांग्रेस विधायक शमेशर सिंह गोगी मात्र 1703 वोटों, राई से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली 2662 वोटों से, खरखौदा से कांग्रेस के जयवीर सिंह 1544 वोटों से, फतेहाबाद से भाजपा के दुगार्राम बिश्नोई 3300 वोट, रतिया से लक्ष्मण नापा 1216 वोट, हथीन से भाजपा विधायक प्रवीण डागर मात्र 2887 वोटों से जीत हासिल की।

जीते और हारे उम्मीदवार मांग रहे हैं टिकट...वरुण चौधरी को छोड़कर बाकी सभी सीटों के विधायक व पिछला चुनाव हारे उम्मीदवार अपनी सीट से फिर से दावेदारी कर रहे हैं। इनमें से कई ऐसे दिग्गज हैं, जिनका टिकटा मिलना तय है। वहीं, हारे उम्मीदवार भी कम जीत के अंतर को आधार बनाकर हाईकमान के सामने मजबूती से दावा जता रहे हैं। जिन दिग्गजों का लड़ना तय माना जा रहा है, उनमें गोपाल कांडा, सुभाष सुधा, अशोक अरोड़ा, गोकुल सेतिया, रईस खान, भारत भूषण बत्रा, मनीष ग्रोवर, विजय प्रताप, रणदीप सुरजेवाला, नीरज शर्मा, चिरंजीव राव, शमशेर गोगी, धर्मपाल गोंदर व अन्य शामिल हैं। यदि पिछले चुनाव में जीते-हारे फिर आमने-सामने हुए तो मुकाबले दिलचस्प हो सकते हैं।

जलवायु परिवर्तन का मतदान पर पड़ सकता असर, नेपाली PM ने जताई चिंता, कहा- प्राकृतिक आपदाएं लोगों बड़ा रोड़ा पैदा कर सकती हैं

काठमांडू नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने जलवायु परिवर्तन के कारण हो रही प्राकृतिक घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहीं प्राकृतिक आपदाएं नागरिकों के मतदान करने के अधिकार के इस्तेमाल में एक बड़ा रोड़ा पैदा कर सकती हैं। उन्होंने चुनाव अधिकारियों के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

यह मुद्दे लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण...फोरम ऑफ इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडीज ऑफ साउथ एशिया (एफईएमबीओएसए) के 12वें सम्मेलन के उद्घाटन में ओली शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, प्रवासन और सोशल मीडिया का उदय तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका जैसे मुद्दे हमारे लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं।

जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरण से जुड़ा मुद्दा नहीं...उन्होंने आगे कहा जलवायु परिवर्तन के कारण अचानक मौसम में बदलाव आना और प्राकृतिक आपदाएं यह सुनिश्चित करने की हमारी क्षमता को खतरा पैदा करती हैं कि प्रत्येक नागरिक मतदान के अपने अधिकार का उपयोग कर सके। जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरण से जुड़ा मुद्दा नहीं है, यह हमारे समाज के हर पहलू को छूता है।

पीएम ओली ने 'चुनावों में उभरती प्रवृत्तिः जलवायु परिवर्तन, सोशल मीडिया और पलायन' विषय पर दो दिवसीय सम्मेलन में बात की। उन्होंने कहा कि सीमाओं के पार और हमारे देशों के भीतर लोगों की आवाजाही का मतदाता सूची, मतदाता पहचान और मतदान के अधिकार पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

एआई का फायदा और नुकसान गिनाया...इसके अलावा, नेपाल के प्रधानमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस नेताओं के मतदाताओं से जुड़ने और चुनाव कराने के तरीके में क्रांति ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये उपकरण भागीदारी के लिए कई अवसर देते हैं। मगर इसके साथ ही ये गलत सूचना, फर्जी समाचार और हेरफेर जैसे खतरे भी पैदा करते हैं जो हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास को खत्म कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन तकनीकों को अपनाते हुए हमें पारदर्शिता और जवाबदेही के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए सावधानी और दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ ऐसा करना चाहिए।

जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों का समाधान करना जरूरी...नेपाल के मुख्य चुनाव आयुक्त दिनेश कुमार थपलिया ने कहा कि राजनीतिक दल चुनाव कराते समय पर्यावरण के मुद्दे की ओर सरकार का ध्यान लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि दक्षिण एशिया की सरकारों को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों का समाधान करना चाहिए क्योंकि इसका प्रभाव लोगों के पलायन और मतदान के बदलते स्वरूप में देखा जा रहा है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चुनाव कराने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक और सामग्री पर्यावरण के अनुकूल होनी चाहिए।

भूटान के मुख्य चुनाव आयुक्त दाशो सोनम तोबगे ने नेपाल सीईसी थपलिया को एफईएमबीओएसए की अध्यक्षता सौंपी। कार्यक्रम में उपस्थित भारत के वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त नितेश कुमार व्यास ने भी चुनाव प्रक्रियाओं और मतदान के अधिकारों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर प्रकाश डाला।

वकीलों ने मानव श्रृंखला बनाकर की न्याय की मांग, CBI दफ्तर के सामने कांग्रेस का प्रदर्शन

कोलकाता । कलकत्ता उच्च न्यायालय और बैंकशाल न्यायालय के वकीलों ने बुधवार को यहां मानव श्रृंखला बनाकर युवा डॉक्टर के लिए न्याय की मांग की, जिसकी पिछले महीने सरकार आरजी कर अस्पताल में कथित तौर पर दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। उन्होंने अदालत की इमारत के बाहर तख्तियां हाथों में लिए नारेबाजी की। बैंकशाल न्यायालय के वकीलों ने मानव श्रृंखला बनाकर रैली में भाग लिया। नौ अगस्त को शहर के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सेमिनार कक्ष में युवा चिकित्सक का शव मिला था। इस घटना से देशभर में आक्रोश फैला हुआ है। प्रशिक्षु डॉक्टर का शव मिलने के तुरंत बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं के लिए आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को भी गिरफ्तार किया है।

कांग्रेस कार्यकताओं ने सीबीआई कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन...वहीं, महिला डॉक्टर से कथित दुष्कर्म के मामले पर कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता ने भी कोलकाता में सीबीआई कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने मामले की तेजी से जांच करने की मांग की। कांग्रेस कार्यकताओं ने दक्षिण कोलकाता के एजेसी बोस रोड को थोड़ी देर के लिए बाधित भी किया और टायर जलाए। कांग्रेस कार्यकताओं का नेतृत्व पार्टी के वरिष्ठ नेता संतोष पाठक ने किया। उन्होंने चेतावनी दी कि अघर जांच में देरी होती है और सीबीआई दोषियों को गिरफ्तार नहीं करती है, तो वे अपना विरोध प्रदर्श और तेज करेंगे। पाठक ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच एक अनौपचारिक समझौता है। अगर टीएमसी जांच को बाधित करने की कोशिश करती है, तो हम चुप नहीं बैठेंगे।

नियोजित शिक्षकों की काउंसलिंग कैंसिल, शिक्षा विभाग ने तीज पर्व को देखते हुए बदली तारीख

संवाददाता।
पटना। बिहार में नियोजित शिक्षकों की काउंसलिंग अब 13 सितंबर को होगी। पहले यह 6 सितंबर को होनी थी। लेकिन तीज त्यौहार के कारण शिक्षा विभाग ने काउंसलिंग की तारीख बदल दी है। शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस बारे में निर्देश जारी कर दिए हैं। ध्यान रहे कि बिहार में नियोजित शिक्षक जिन्होंने सक्षमता परीक्षा को पास कर लिया है। उनकी काउंसलिंग लगातार चल रही है। नियोजित शिक्षक सक्षमता परीक्षा पास करने के बाद अब पूरी तरह राज्यकर्मी हो जाएंगे। हालांकि, लाखों शिक्षकों ने इस परीक्षा को देना जरूरी नहीं समझा है। शिक्षा विभाग के अनुसार, काउंसलिंग की निगरानी मुख्यालय स्तर पर हो रही है। काउंसलिंग में ज्यादातर महिला शिक्षक शामिल होंगी। इसलिए तीज के कारण काउंसलिंग की तारीख को आगे बढ़ाया गया है। चूंकि काउंसलिंग में महिला शिक्षकों की संख्या काफी है, जिसकी वजह से काउंसिलिंग की तिथि में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है। विभाग के मुताबिक ज्यादा महिलाओं ने सक्षमता परीक्षा पास किया है।

इस दौरान उनका एक पर्व तीज आ रहा है। जिसकी वजह से उन्हें परेशानी होगी। इस बात को ध्यान में रखकर ये फैसला लिया गया है। नियोजित शिक्षकों की काउंसलिंग 13 सितंबर तक चलेगी। सक्षमता परीक्षा पास करने वाले करीब 1 लाख 87 हजार शिक्षकों की काउंसलिंग हो रही है। इनमें से अभी भी लगभग 42 हजार शिक्षकों की काउंसलिंग बाकी है।

ध्यान रहे कि बिहार में नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी की दर्जा देने की लगातार मांग को देखते हुए बिहार सरकार ने एक छोटी सी परीक्षा लेकर उन्हें राज्यकर्मी का दर्जा देने का वादा किया था। इस बीच कई शिक्षकों ने इस परीक्षा का विरोध किया था। वे आज भी परीक्षा देने के लिए राजी नहीं हैं। कई शिक्षकों ने परीक्षा दी है। जिसकी काउंसलिंग की जा रही है।

उत्तर कोरिया का तानाशाह बाढ़ से 4000 लोगों की मौत पर भड़का, 30 अधिकारियों को फांसी पर लटकाया

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया का तानाशाह किसी भी गलती या लापरवाही को सहन नहीं कर सकता है। इसका एक ताजा उदाहरण सामने आया है। दरअसल, हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ से देश बुरी तरह हिल गया। इस बाढ़ को रोक पाने में नाकाम रहने के कारण सुप्रीम नेता किम जोंग उन भड़क गए और 30 अधिकारियों को फांसी की सजा दे दी। हालांकि, इन लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले भी दर्ज थे।

चार हजार से अधिक लोगों की गई जान...मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, विनाशकारी बाढ़ ने चागांग प्रांत के कुछ हिस्सों को तबाह कर दिया। इसमें 4,000 से ज्यादा उत्तर कोरियाई लोग मारे गए थे। तानाशाह किम ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया था। इस दौरान बाढ़ की भयावहता को देखकर वह क्रोधित हो गए। उन्होंने आव न देखा ताव, तुरंत उबाढ़ में लापरवाही बरतने के आरोप में 30 अधिकारियों को फांसी की सजा दे दी।

एक ही समय में सभी को दी फांसी...दक्षिण कोरिया की मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पार्टी के 20-30 प्रमुख व्यक्तियों को पिछले महीने के अंत में एक ही समय में फांसी दे दी गई थी।। इसके अलावा चागांग प्रांत के बर्खास्त पार्टी सचिव कांग बोंग-हून को भी इस परिस्थिति के लिए गिरफ्तार किया गया। वहीं, किम जोंग उन ने अधिकारियों से उन लोगों को सख्ती से दंडित करने को कहा, जो आपदा को रोकने की अपनी जिम्मेदारियों को पूरा नहीं कर पाए हैं।

हजारों लोग हुए थे बेघर...मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नॉर्थ कोरिया की सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने पहले खबर दी थी कि जुलाई में चागांग प्रांत में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद किम जोंग उन ने अधिकारियों को सख्त सजा देने का आदेश दिया था। इस बाढ़ में लगभग 4,000 लोगों की जान चली गई थी और 15,000 से अधिक लोग बेघर हो गए थे।

अधिकारियों की पहचान उजागर नहीं...नॉर्थ कोरिया में किन अधिकारियों को फांसी दी गई, अब तक उनकी पहचान उजागर नहीं की गई है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि बाढ़ आपदा के दौरान एक आपातकालीन बैठक में किम जोंग उन ने जिन नेताओं को बर्खास्त किया था, उनमें 2019 से चागांग प्रांत की प्रांतीय पार्टी समिति के सचिव कांग बोंग-हून भी शामिल थे।

नीतीश कुमार के डोर ढीली छोड़ते ही लपेटने में जुट गए कुछ लोग

अपनी डफली, अपना राग !

दीपक कुमार तिवारी।
पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर जब से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विराजमान हुए हैं, पार्टी के भीतर 'अपनी अपनी डफली, अपना राग' अलापने का जैसे मौसम आ गया है। दावा करने का दौर तो ऐसे, जैसे उन्हें ही अधिकृत किया गया हो। मगर, अब जदयू के भीतर अंतर्विरोध को प्रकट करते कुछ नेता दिखने लगे हैं। वह भी तब जब जदयू 2020 विधानसभा चुनाव से बेहतर प्रदर्शन को आमादा दिख रही है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भरोसेमंद साथी मंत्री अशोक चौधरी के 'भूमिहार प्रसंग' पर बतौर मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ये कह गए कि अशोक चौधरी ने जदयू का निर्माण नहीं किया। नीतीश कुमार जाति की राजनीति कभी नहीं करते। अशोक चौधरी के जातिगत टिप्पणी पार्टी से अलग उनका निजी बयान हो सकता है। चलिए यहां तक तो सही है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता के नाते डिफेंड करना या पार्टी की मूल राजनीतिक चेतना को रखना समझ में आता है। आचार्य किशोर कुणाल के बेटे और अपने दामाद साईं कुणाल को अशोक चौधरी विधानसभा चुनाव लड़ाना चाहते हैं। इस तरह के सवाल के जवाब में देते हुए मीडिया से जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार कहते हैं कि सायन कुणाल को विधानसभा का टिकट नहीं मिल सकता है। ये मेरा दावा है।

अगर टिकट मिल जाता है तो एमएलसी के पद से इस्तीफा दे दूंगा। वे यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि अशोक चौधरी को हिम्मत है कि नीतीश कुमार के सामने ये प्रस्ताव रख सकें कि हम अपने दामाद सायन कुणाल को फलाने विधानसभा सीट से चुनाव लड़ाना चाहते हैं। आप टिकट दे दीजिए। ये बात नीरज कुमार तब बोल रहे हैं, जब अशोक चौधरी ने ये सार्वजनिक मंच से कहा कि जिस इलाके में जाता हूं, चर्चा होने लगती है कि दामाद सायन कुणाल को विधानसभा चुनाव लड़ाना चाहते हैं। भाई सायन कुणाल अपने क्षेत्र में अच्छा काम कर रहे हैं, उन्हें वो करने दीजिए। राजनीति में क्यों घसीटते हैं !जहानाबाद की एक सभा में मंत्री अशोक चौधरी अप्रत्यक्ष रूप से जहानाबाद लोकसभा सीट पर जेडीयू उम्मीदवार चंदेश्वर चंद्रवंशी की हार के लिए भूमिहारों को दोषी ठहराया था। उनके निशाने पर अप्रत्यक्ष रूप से जगदीश शर्मा और राहुल शर्मा थे।

खैर, अपनी बात को जारी रखते अशोक चौधरी ने कहा था, 'जो सिर्फ पाने के लिए नीतीश जी के साथ रहते हैं, हमें वैसे नेता नहीं चाहिए। पार्टी जब अति-पिछड़ा को उम्मीदवार बनाते हैं तो भूमिहार लोग भाग जाते हैं कि हम अति पिछड़ा को वोट नहीं देंगे। राजनीति करनी है तो मुद्दों के साथ राजनीति कीजिए। हमारे नेता ने जब फैसला कर लिया तो उस निर्णय के साथ खड़े रहिए। लेकिन टिकट नहीं मिलने पर जो नेता दिल्ली-बॉम्बे करते रहे, पार्टी ऐसे लोगों को चिन्हित कर चुकी है। ऐसे लोगों को पार्टी टिकट नहीं देगी।'

लोकसभा में जब वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पेश किया गया, तब जदयू से केंद्रीय मंत्री बने राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने साफ कहा कि ये संशोधन मुस्लिम विरोधी नहीं। ये बिल्कुल गलत बात है। आपकी मस्जिद से छेड़छाड़ का प्रयास नहीं किया जा रहा है। ये कानून से बनी संस्था को पारदर्शी बनाने के लिए है। कोई भी संस्था निरंकुश होगी तो सरकार को कानून बनाने का पूरा अधिकार है। इसकी तुलना मंदिर से करना गलत है। मैं इस बिल का समर्थन और स्वागत करता हूं।

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने जिस दिन सदन में वक्फ संशोधन विधेयक 2024 का न केवल स्वागत किया, बल्कि इसे मुस्लिम विरोधी होने से साफ-साफ इनकार किया। उसी दिन बिहार में कैबिनेट मंत्री जमा खान ने मुस्लिम समाज की नाराजगी की वजह को आलाकमान तक पहुंचा दिया था। फिर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह के नेतृत्व में शिया और शुन्नी वक्फ बोर्ड के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। इस में जिन बिंदुओं पर वक्फ पदाधिकारियों को ऐतराज था, उसे जेपीसी में मजबूती से रखने का संकल्प लिया गया।

ताकि वक्फ बोर्ड संशोधन पूरी तरह से मुस्लिम के हक-हुकूक की बात करे। वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश अश्क मानते हैं कि जदयू के भीतर कड़क बयानबाजी तो हो रही है। जिसे देखिए निजी हित के साथ पार्टी फोरम पर बयान दिए जा रहा है। मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार के बयान हो या अशोक चौधरी के। कुछ अपना प्रकटीकरण ज्यादा था, पार्टी का कम।

ऐसा करना जदयू के स्वास्थ्य को प्रभावित तो करेगा। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन को यू-टर्न लेना पड़ा। मंत्री अशोक चौधरी को बार-बार सफाई देनी पड़ी। इससे कहीं न कहीं पार्टी के भीतरी अनुशासन का 'पता' बता देता है। ये विधानसभा चुनाव को लेकर अच्छे संकेत तो नहीं कहा जा सकता।

नेपालः वैश्य युवा संघ ने आयोजित की तीज महोत्सव

दीपक/मधुकर।
जनकपुरधाम। नेपाल बैश्य युवा संघ ने बुधवार को रौनियार सेवा सदन के सभागार में तीज महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया था।इस कार्यक्रम का प्रमुख अतिथि संविधान सभा सदस्य पूर्व मंत्री विधायक सुरीता साह थी।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तीज पति को दीघार्यु के लिए निर्जला उपवास कर कठिन व्रत रखकर गौरी पार्वती को आराधना करती है। इसलिए महिलाओं को दाम्पत्य जीवन में छोटी मोटी बातें पर कलह नहीं करना चाहिए। विनोद साह की अध्यक्षता में संपन्न इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री भरत साह, बैश्य कल्याण संघ के सलाहकार ई.प्रकाश चंद्र साह, बैश्य युवा संघ के केन्द्रीय सदस्य रंजीत चौधरी, जनमत पार्टी के वरिष्ठ नेता रमाशंकर पूर्वे,जसापा के नगर बरिष्ट उपाध्यक्ष राम चंद्र पंजियार, नेपाल बैश्य युवा संघ का प्रदेश अध्यक्ष राजू साह,प्रमोद साह ,तीज कार्यक्रम का संयोजक पूनम साह सहित कई लोगों ने विचार रखें। कार्यक्रम में महिलाओं ने तीज गीत गायी तथा एक दुसरे को शुभकामना दी।

7 अक्तूबर को इस्राइल पर किए हमलों पर घिरा हमास, अमेरिका ने छह नेताओं के खिलाफ लगाए 'आतंकवाद' समेत कई आरोप

वॉशिंगटन अमेरिका के फेडरल कोर्ट (संघीय न्यायालय) ने फलस्तीन संगठन हमास पर इस्राइल में आतंकी हमले करने का आरोप लगाया है। फेडरल कोर्ट में हमलों को लेकर दाखिल की गई चार्जशीट में हमास प्रमुख याह्या सिनवार और राजनीतिक नेता इस्माइल हानिया समेत छह नेताओं के नाम सामने आए हैं। इस्माइल की हाल ही में तेहरान में हत्या कर दी गई थी।

एक फरवरी कोर्ट में दाखिल की गई चार्जशीट में छह आरोपियों पर आतंकी हमले करने और हमलों के लिए सहायता करने का आरोप है। इसमें आरोपियों की गिरफ्तारी करने के लिए कहा गया है। अमेरिकी अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने बताया कि आरोप हमास की हर गतिविधि के हर पहलू को उजागर करने का एक हिस्सा मात्र हैं। हमारी कार्रवाई अंत तक जारी रहेगी। चार्जशीट में याह्या सिनवार और हमास के अन्य नेताओं पर दशकों से सामूहिक हिंसा और आतंकी हमले करने का आरोप लगाया गया है।

हमास ने 7 अक्तूबर, 2023 को इस्राइल की अभेद्य मानी जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था को तोड़ते हुए इसके इलाकों में हमला किया था। इस हमले में करीब 1200 इस्राइलियों की मौत हो गई थी और 5000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इस दौरान हमास लड़ाके करीब 250 लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले गए थे। इन बंधकों में से कई लोगों को छुड़ा लिया गया है जबकि 101 लोग अभी भी गाजा में बंधक हैं।

वहीं इस्राइल के जवाबी हमलों में दावे के अनुसार 40,000 से ज्यादा फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, गाजा के 24 लाख लोगों में से 20 लाख से ज्यादा को अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं, उनमें आधे बच्चे शामिल हैं। 7 अक्तूबर, 2023 के हमले के बाद इस्राइल ने हमास को जड़ से मिटाने का संकल्प लिया था।

ब्रिटिश हथियारों के साथ या बिना भी इस्राइल युद्ध को जीतेगा, नेतन्याहू ने हमास की तुलना नाजी से की

तेल अवीव इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ब्रिटिश सरकार के तीस हथियारों के लाइसेंस निलंबित करने पर आलोचना की है। नेतन्याहू ने कहा कि ब्रिटिश के समर्थन ना करने पर भी इस्राइल इस युद्ध में विजयी होने के अपने दृढ़ संकल्प पर कायम है।

इस्राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट किया, "ब्रिटिश हथियारों के साथ या उसके बिना, इस्राइल इस युद्ध को जीतेगा और हमारे साझा भविष्य को सुरक्षित करेगा। उन्होंने ब्रिटेन के फैसले को शर्मनाक बताते हुए कहा, "ब्रिटेन का यह कदम हमास को हराने के लिए इस्राइल के दृढ़ संकल्प को नहीं बदलेगा। बर्बरता के खिलाफ खुद की रक्षा करने वाले साथी इस्राइल के साथ खड़े होने के बजाय, ब्रिटेन का गुमराह निर्णय केवल हमास को प्रोत्साहित करेगा। गौरतलब है कि हमास ने सात अक्तूबर को 14 ब्रिटिश नागरिकों सहित 1200 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी थी। इसके अलावा, हमास ने अभी भी पांच ब्रिटिश नागरिकों सहित 100 से अधिक लोगों को बंधक बना रखा है। ब्रिटेन ने इस्राइल को 350 हथियार निर्यात लाइसेंसों में से 30 को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही ब्रिटेन ने कहा कि इन हथियारों का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के गंभीर उल्लंघनों में किया जा सकता है।

नेतन्याहू ने आगे कहा, 'इस्राइल सही तरीकों से एक सही युद्ध कर रहा है। नागरिकों को नुकसान से दूर रखने के लिए अभूतपूर्व उपाय कर रहा है और अंतरराष्ट्रीय कानून का भी पूरी तरह से पालन कर रहा है।

द्वितीय विश्व युद्ध से कू तुलना

नेतन्याहू ने इस युद्ध की तुलना द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी शासन और ब्रिटेन की लड़ाई से की। उन्होंने कहा, "जिस तरह नाजियों के खिलाफ ब्रिटेन का वीरतापूर्ण रुख आज हमारी आम सभ्यता की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, उसी तरह इतिहास हमास और ईरान की आतंक धुरी के खिलाफ इस्राइल के रुख का भी आकलन करेगा।

नीतीश से मुलाकात के बाद तेजस्वी की आरजेडी के विधायकों-नेताओं संग बंद कमरे में मीटिंग क्यों?

दीपक कुमार तिवारी।
पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के ठीक एक दिन बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपनी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सांसदों और विधायकों के साथ बुधवार को बंद कमरे में बैठक की। इस बैठक को लेकर पटना के राजनीतिक गलियारों में गहमा गहमी बनी रही। लोगों के मन में तरह-तरह के सवाल उठ रहे थे कि आखिर बंद कमरे में हुई तेजस्वी यादव की इस मीटिंग में क्या बातें हुई। बिहार की राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले लोगों की भावनाओं का ख्याल करते हुए हमने मीटिंग के अंदर हुई बातों के बारे में पता लगाने की कोशिश की।

आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव के खासमखास माने जाने वाले पूर्व मंत्री शिव चंद्र राम ने बताया कि पार्टी के सारे जिलाध्यक्ष, प्रधान महासचिव, विधायक, पूर्व विधायक, एमएलसी, पूर्व एमएलसी समेत पार्टी के तमाम नेता जुटे। सभी लोगों ने संगठन को मजबूत करने को लेकर बातें की। लालू यादव ने जो गरीबों को आवाज दी, सामाजिक न्याय किया। उन्होंने ब्लॉक दिखाया, अनुमंडल दिखाया, जिला दिखाया। इन तमाम बातों को गांव-गांव पहुंचाने की जरूरत है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की विचारधारा को जमीन पर उतारने को लेकर बात की गई। शिव चंद्र राम ने कहा कि हम लोग लगातार चुनाव में रहते हैं, इसलिए 2025 के विधानसभा चुनाव के लिए अलग से बात करने की क्या बात है। आरजेडी गरीब, गुरबा, शोषित, वंचितो की पार्टी है, इसलिए हमेशा इन्हीं के काम में जुटी रहती है। हालांकि जब उनसे सीएम नीतीश की तेजस्वी से मुलाकात पर सवाल पूछे गए तो उन्होंने इस पर कुछ भी बोलने के बजाय बात को टाल गए।

तेजस्वी यादव की बैठक में मौजूद रहे आरजेडी विधायक सतीश दास ने बताया कि यह यह मीटिंग पहले से प्रस्तावित थी। उन्होंने बताया कि तेजस्वी यादव की जन आभार यात्रा शुरू होने वाली है, जिसमें कार्यकताओं से संवाद स्थापित करना है। उसी की तैयारी को लेकर मीटिंग में समीक्षा हुई। इसके अलावा 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी बात हुई। संगठन में हम कैसे मजबूत हो सकें, बूथ पर हमारी कहां कमी रह जाती है, इन तमाम बातों पर बात हुई।

हमने इसको लेकर बात की कि जनता की ताकत से कैसे विरोधियों के धन बल को रोका जा सके। 10 सितंबर को समस्तीपुर से यात्रा प्रस्तावित है। पहले चरण में तेजस्वी यादव को समस्तीपुर, मधुबनी, दरभंगा समेत मिथिलांचल के तमाम हिस्सों को दौरा करना है। सतीश दास ने बताया कि लोकायुक्त की नियुक्ति के संदर्भ में मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष की मुलाकात हुई है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार जातीय जनणगना और 65 फीसदी आरक्षण की नाकामियों पर यह सरकार गिरेगी।

वहीं इस मीटिंग को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि यह पार्टी की रूटीन बैठक थी। हालांकि इस दौरान उन्होंने बिहार में खराब कानून व्यवस्था का आरोप लगाते हुए खूब हमले किया। साथ ही लालू-राबड़ी सरकार में अपराधियों को सरकार की ओर से दिए जाने वाले सह के सवाल पर तेजस्वी यादव ने उल्टा केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से सबूत की मांग कर दी। उन्होंने कहा कि मांझी जी अगर कोई आरोप लगा रहे हैं तो वह इसका सबूत दें, क्योंकि उस वक्त वह भी उसी सरकार का हिस्सा रहे हैं। नीतीश कुमार के साथ मुलाकात पर तेजस्वी यादव ने कहा कि सरकार कुछ नियुक्तियां करेगी, अधिकारिक जानकारी जल्द ही दी जाएगी। बिहार में आरक्षण पर भी बातचीत हुई। यह मामला अभी कोर्ट में है। इस बारे में उन्होंने कहा, 'सीएम से बात हुई है। मामला कोर्ट में है। हमने भी कहा कि हम भी कोर्ट पहुंच गए हैं। आप अपनी बात को कोर्ट में रखिए, हम भी अच्छे से अपनी बात रखेंगे।'

संक्षिप्त खबरें

बिल प्रबंधन प्रणाली एक अक्तूबर से शुरू होगी, सही आईटीसी का लाभ उठाने के लिए रिकॉर्ड का कर पाएंगे मिलान

नई दिल्ली। जीएसटी नेटवर्क एक अक्तूबर से बिल प्रबंधन प्रणाली (आईएमएस) की शुरूआत करेगा। इसकी मदद से करदाता सही इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाने के लिए आपूर्तिकताओं की तरफ से जारी रिकॉर्ड/बिलों का मिलान कर पाएंगे।

जीएसटी नेटवर्क ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) भुगतानकताओं को जारी परामर्श में कहा, करदाता पोर्टल के माध्यम से अपने आपूर्तिकताओं के साथ रिकॉर्ड/बिलों में सुधार/संशोधनों का कुशल प्रबंधन कर सकें, इसके लिए ?आईएमएस नाम की नई संचार सुविधा शुरू की जा रही है। जीएसटी रिटर्न भरने और कर देनदारियों के भुगतान मंच के तौर पर जीएसटी नेटवर्क का इस्तेमाल होता है।

सभी कार्रवाइयों का रहेगा विस्तृत रिकॉर्ड

परामर्श फर्म मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा, चालान पर की गई सभी कार्रवाइयों का विस्तृत रिकॉर्ड रखने से आईएमएस जीएसटी ऑडिट के लिहाज से एक मजबूत आधार तैयार करता है। यह सुविधा कर अधिकारियों को आईटीसी दावों के प्रबंधन में प्राप्तकर्ता की उचित सावधानी का स्पष्ट सबूत देती है।

चालान स्वीकार-अस्वीकार की भी होगी अनुमति

जीएसटी नेटवर्क ने कहा, आईएमएस सुविधा से करदाताओं को सही आईटीसी का लाभ उठाने के लिए अपने आपूर्तिकताओं की ओर से जारी किए गए रिकॉर्ड/ बिल का मिलान करने में भी सुविधा होगी। यह सुविधा करदाताओं को चालान को स्वीकार या अस्वीकार करने या इसे प्रणाली में लंबित रखने की अनुमति देगी, जिसका लाभ बाद में उठाया जा सकता है।

इस्पात आयात शुल्क बढ़ाने के लिए वित्त मंत्रालय को मनाने का प्रयास करेंगे- ल्ठऊ कुमारस्वामी

दिल्ली। केंद्रीय इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने बुधवार को कहा कि वह वित्त मंत्रालय को इस्पात आयात पर शुल्क मौजूदा 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10-12 प्रतिशत करने के लिए मनाने का प्रयास करेंगे। इस कदम का उद्देश्य घरेलू इस्पात उद्योग को चीन जैसे देशों से सस्ते आयात में वृद्धि से बचाना है। मंत्री ने चीन द्वारा भारत में इस्पात डंप करने के तरीके पर चिंता व्यक्त की और कहा कि पिछले दो महीनों में इस्पात उद्योग के कई खिलाड़ी उनसे मिलने आए और इस्पात उद्योग के विकास में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की।उन्होंने भारतीय इस्पात संघ द्वारा आयोजित पांचवें इस्पात सम्मेलन में बोलते हुए कहा, "चीन से आपको जो समस्या आ रही है, उसके लिए मैं वित्त मंत्रालय को 7.5 प्रतिशत कर से 10-12 प्रतिशत कर (इस्पात आयात पर शुल्क बढ़ाने) पर विचार करने के लिए मनाने का प्रयास करूंगा।" भारतीय इस्पात उद्योग ने 2023-24 में भारत के इस्पात का शुद्ध आयातक बनने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश के लिए एक "चेतावनी संकेत" है जो आत्मनिर्भर बनने का प्रयास कर रहा है। कुमारस्वामी ने कहा, "चीन द्वारा इस्पात डंप करने, अतिरिक्त इस्पात की वजह से...हमारे इस्पात उद्योग को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वे पीड़ित हैं।

वे कई कदम उठाने का अनुरोध कर रहे हैं।" मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि उद्योग ने इस्पात मंत्रालय से सस्ते आयात को रोकने के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया है। आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया के सीईओ और आर्सेलर मित्तल के कार्यकारी उपाध्यक्ष दिलीप ओमन ने कहा, "चीन ने पिछले कैलेंडर वर्ष में करीब 1.1 बिलियन टन इस्पात का उत्पादन किया। तो यह अतिरिक्त इस्पात कहां जा रहा है? इसलिए, मैं माननीय मंत्रालय से अनुरोध करता हूं और मुझे यकीन है कि वह पहले से ही इसे पहचानते हैं, कि हम भारतीय इस्पात उद्योग की रक्षा के लिए कदम उठाएं।"

दोपहिया वाहन निमार्ताओं को वाहन खरीदारों को हेलमेट उपलब्ध कराने चाहिए

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि दोपहिया वाहन निमार्ताओं को वाहन खरीदने वालों को छूट या उचित दर पर हेलमेट उपलब्ध कराना चाहिए, क्योंकि कई लोग हेलमेट न पहनने की वजह से सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि 2022 में देश में दुर्घटनाओं में 50,029 लोगों की जान चली जाएगी, जब उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था। उन्होंने कहा, "मैं दोपहिया वाहन निमार्ताओं से अनुरोध करने के बारे में सोच रहा हूं... अगर वे वाहन खरीदने वालों को हेलमेट पर कुछ उचित छूट दे सकते हैं तो हम लोगों की जान बचा सकते हैं।" सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने स्कूल बसों के लिए पार्किंग व्यवस्था की योजना बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2019 में यातायात उल्लंघनों पर भारी जुमार्ना लगाया गया है, "लेकिन वास्तव में, प्रभावी प्रवर्तन भी एक बड़ी चुनौती है।" गडकरी ने कहा कि उनकी महत्वाकांक्षा देश के हर तालुका में ड्राइविंग स्कूल शुरू करना है।स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संकलित "अनजाने में चोट की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय रणनीति" नामक एक नई रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अनजाने में लगी चोटों के कारण सबसे अधिक मौतें सड़क दुर्घटनाओं के कारण होती हैं, जो ऐसी मौतों का 43 प्रतिशत से अधिक है, जिसमें तेज गति से गाड़ी चलाना सबसे बड़ा कारण है। रिपोर्ट में कहा गया है, "भारत में 2022 में अनजाने में लगी चोटों से 4,30,504 मौतें और जानबूझकर लगी चोटों के कारण 1,70,924 मौतें हुईं। 2016 से 2022 तक, अनजाने और जानबूझकर लगी चोटों के कारण होने वाली मौतों में मामूली वृद्धि हुई है। सड़क यातायात दुर्घटनाएँ अनजाने में लगी चोटों का सबसे बड़ा कारण (43.7 प्रतिशत) हैं।

जैक्सन समूह ने सौर विनिर्माण कारोबार के लिए निवेश की योजना बनाई

नई दिल्ली ।जैक्सन समूह की शाखा जैक्सन इंजीनियर्स ने बुधवार को कहा कि वह अपने सौर विनिर्माण व्यवसाय के विस्तार के लिए लगभग 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है।जैक्सन इंजीनियर्स लिमिटेड (जेईएल) - जो कि प्रमुख ऊर्जा और बुनियादी ढांचा समूह जैक्सन समूह का हिस्सा है - ने अपने सौर विनिर्माण व्यवसाय के महत्वपूर्ण विस्तार की घोषणा की, कंपनी के एक बयान में कहा गया है। बयान के अनुसार, कंपनी 2,500 मेगावाट की सौर सेल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए लगभग 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है, जिसे दो चरणों में विकसित किया जाएगा और साथ ही साथ अपनी मौजूदा सौर मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा को 2,000 मेगावाट तक विस्तारित कर रही है।यह विस्तार जैक्सन इंजीनियर्स के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर है, जो सौर ऊर्जा समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने समर्पण को मजबूत करता है।अपनी विनिर्माण क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाकर, जैक्सन का लक्ष्य अपने बढ़ते ग्राहक आधार को बेहतर ढंग से सेवा प्रदान करना और नवीकरणीय ऊर्जा की ओर वैश्विक बदलाव में सार्थक योगदान देना है।

ब्रुनेई की राजधानी से चेन्नई के लिए सीधी विमान सेवा रक्षा व अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग के लिए भी समझौते

नई दिल्ली ब्रुनेई की राजधानी बांदर सेरी बेगावान और भारत के चेन्नई के बीच सीधी विमान सेवा शुरू होगी। यह एलान प्रधानमंत्री नरेंद्र की ब्रुनेई यात्रा के दौरान की गई है। सीधी विमान सेवा के अलावा दोनों देशों ने रक्षा, अंतरिक्ष और लोगों के लोगों के बीच संबंध के क्षेत्र में भी अपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है।

पीएम मोदी की यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच हुए समझौतों से भविष्य में द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होने का अनुमान है। विदेश मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा कि भारत और ब्रुनेई ने सैटेलाइट और लॉन्चिंग वाहनों के लिए टेलिमैट्री, ट्रैकिंग और टेलीकमांड स्टेशन के संचालन में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षर किए।

पीएम मोदी और ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया ने बुधवार को एक द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के दौरान द्विपक्षीय संबंधों से से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। दोनों नेताओं ने बांदर सेरी बेगावान और चेन्नई के बीच सीधी विमान सेवा शुरू होने का भी स्वागत किया।

विदेश मंत्री जयशंकर और ब्रुनेई के परिवहन मंत्री ने किया एमओयू पर हस्ताक्षर...विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और ब्रुनेई के परिवहन और सूचना संचार मंत्री महामहिम पेंगिरन दातो शमहारी पेंगिरन दातो मुस्तफा ने उपग्रह और प्रक्षेपण वाहनों के लिए टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और टेलीकमांड स्टेशन के संचालन में सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस दौरान पीएम मोदी और ब्रुनेई के सुल्तान भी मौजूद रहे। वार्ता के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी।

संयुक्त वक्तव्य के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के टेलीमेट्री ट्रैकिंग और टेलीकमांड (टीटीसी) स्टेशन की मेजबानी जारी रखने के लिए ब्रुनेई दारुस्सलाम की गहरी सराहना की। इस संस्थान ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की ओर से चल रहे प्रयासों में योगदान दिया है।

साझा बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने दोनों सरकारों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत लंबे समय से चली आ रही व्यवस्था और एमओयू के तहत आपसी हित के क्षेत्रों में आगे सहयोग का स्वागत करते हुए नए एमओयू की सराहना की। दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार और निवेश, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण और संस्कृति के साथ-साथ लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित कई विषयों पर द्विपक्षीय वार्ता की।

जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद के मुद्दे पर भी हुई चर्चा...पीएम मोदी और ब्रुनेई सुल्तान ने पेरिस समझौते जैसे अंतरराष्ट्रीय जलवायु उद्देश्यों के अनुसार जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने और इस बढ़ती चुनौती के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के प्रयासों को बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। वे आईसीटी, फिनटेक, साइबर सुरक्षा, नई और उभरती प्रौद्योगिकियों और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग की खोज और उसे आगे बढ़ाने पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री मोदी और ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने आतंकवाद की भी निंदा की। दोनों नेताओं नेआतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों का विरोध किया और राष्ट्रों से इसे अस्वीकार करने का आह्वान किया गया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी देश को अपने नियंत्रण वाले क्षेत्र का उपयोग आतंकवाद के लिए नहीं करने देना चाहिए, किसी भी देश को आतंकवादियों को पनाह नहीं देनी चाहिए। दोनों नेताओं ने आतंकवादी कृत्यों के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध के बीच संबंधों को स्वीकार करते हुए दोनों नेताओं ने इस संबंध में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्ष आतंकवाद से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय मंचों पर मिलकर काम करने पर सहमत हुए।

क्रेडिट कार्ड का बाजार 2028-29 तक हो सकता है दोगुना, पर डेबिट कार्ड का इस्तेमाल घट रहा

नई दिल्ली भारत में क्रेडिट कार्ड की संख्या 15 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर के साथ 20 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है, पीडब्ल्यूसी की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रेडिट कार्ड उद्योग ने पिछले पांच वर्षों में जारी किए गए क्रेडिट कार्ड की संख्या को दोगुना करते हुए महत्वपूर्ण विस्तार हासिल किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह गति जारी रहने की उम्मीद है, आने वाले वर्षों में बाजार यह वृद्धि दोहरा सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है, "भारत में क्रेडिट कार्ड बाजार में वित्त वर्ष 28-29 तक कार्डों की संख्या दोगुनी होने की उम्मीद है, और यह आंकड़ा 20 करोड़ कार्ड तक पहुंच जाएगा। क्रेडिट कार्ड उद्योग में पिछले पांच वर्षों के दौरान 100 प्रतिशत की वृद्धि दिखी है। अगले पांच वित्तीय वर्षों के भीतर बाजार इस वृद्धि को दोहरा सकती है।"

रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रेडिट कार्ड जारी करने के अलावे इनसे होने वाली लेन-देन गतिविधियों में भी पर्याप्त वृद्धि आई है। लेन-देन की मात्रा या संख्या में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि लेन-देन के मूल्य में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में इस वृद्धि का श्रेय नए उत्पादों की शुरूआत, अभिनव पेशकशों और ग्राहक खंडों के विस्तार को दिया गया है।

हालांकि, रिपोर्ट में डेबिट कार्ड के उपयोग में गिरावट का भी उल्लेख किया गया है। डेबिट कार्ड लेन-देन की मात्रा और मूल्य दोनों में कमी आई है। यह उपभोक्ता वरीयताओं में बदलाव को दशार्ता है। वित्त वर्ष 23-24 में, डेबिट कार्ड के लिए लेन-देन की मात्रा पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत कम हो गई, और डेबिट कार्ड पर खर्च साल-दर-साल 18 प्रतिशत कम हो गया।

रिपोर्ट में कहा गया है, "देश में डेबिट कार्ड ने कार्ड जारी करने के मामले में धीमी वृद्धि देखी है। डेबिट कार्ड की मात्रा और मूल्य में वित्त वर्ष 23-24 के दौरान महत्वपूर्ण गिरावट आई है"। इस गिरावट का श्रेय यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (वढक) की बढ़ती लोकप्रियता को दिया जाता है , जो उपयोग में आसान है और अपने शून्य मर्चेंट डिस्काउंट रेट (टऊफ) के कारण छोटे से मध्यम व्यापारियों के लिए पसंदीदा भुगतान पद्धति बन गया है।

क्या भारत निर्यात के मामले में बांग्लादेश-वियतनाम से पिछड़ा? विश्व बैंक ने रिपोर्ट में दिया जवाब

नई दिल्ली। भारत का वैश्विक व्यापार इसकी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ तालमेल नहीं रख पाया है। देश कम लागत वाले विनिर्माण निर्यात केंद्रों के रूप में बांग्लादेश और वियतनाम जैसे प्रतिद्वंद्वियों से पिछड़ रहा है। विश्व बैंक ने एक रिपोर्ट में यह बात कही है। बहुपक्षीय ऋणदाता विश्व बैंक ने मंगलवार को एक अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि पिछले एक दशक में भारत के सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार में गिरावट आई है। बावजूद इसके यह आर्थिक रूप से मजबूत है।

विश्व बैंक के अनुसार, परिधान, चमड़ा, वस्त्र और जूते के वैश्विक निर्यात में देश की हिस्सेदारी 2002 के 0.9% से बढ़कर 2013 में 4.5% के शिखर पर पहुंच गई। लेकिन उसके बाद 2022 में यह घटकर 3.5% रह गई। इसके विपरीत, इन वस्तुओं के वैश्विक निर्यात में बांग्लादेश की हिस्सेदारी 5.1% तक पहुंच गई, जबकि वियतनाम की हिस्सेदारी 2022 में 5.9% रही। ऋणदाता ने कहा कि निर्यात को बढ़ावा देने और गहन श्रम आधारित विनिर्माण के मामले में चीन के पिछड़ने की स्थिति का लाभ उठाने के लिए जल्दी कदम उठाने चाहिए। भारत को व्यापार लागत कम करने, टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करने और व्यापार समझौतों को संशोधित करने की आवश्यकता होगी। विश्व बैंक की एक वरिष्ठ अर्थशास्त्री नोरा डिहेल ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा, "यह एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर भारत ध्यान केंद्रित कर सकता है।" यह कदम उठाने का समय है।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षा भारत को विनिर्माण केंद्र बनाने की है। कारोबार जगत चीन से अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता ला रहा है। मोदी सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप-मेकिंग जैसे उद्योगों में निवेश आकर्षित करने के लिए अरबों डॉलर की सब्सिडी खर्च की है। विश्व बैंक के अनुसार, भारत के निर्यात क्षेत्र तेजी से पूंजी का प्रवाह हो रहा है पर यह देश में लाखों बेरोजगार लोगों को काम पर रखने में असमर्थ हैं। विश्व बैंक ने अनुमान लगाया है कि निर्यात से संबंधित प्रत्यक्ष रोजगार 2012 में कुल घरेलू रोजगार के 9.5% के शिखर से गिरकर 2020 में 6.5% हो गया है। विश्व बैंक को उम्मीद है कि पिछले साल 8% से अधिक विस्तार के बाद भारत की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में मार्च 2025 तक 7% की तीव्र गति से बढ़ती रहेगी। ऋणदाता ने कहा कि 2025-26 और 2026-27 में विकास दर संभवतः औसतन 6.7% होगी।

भ्रष्टाचार की शिकायतों में रेलवे अव्वल दिल्ली स्थानीय निकाय दूसरे नंबर पर

नई दिल्ली। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में उसे विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की कुल 74,203 शिकायतें मिलीं। इसमें से 10,447 यानी करीब 14 फीसदी अकेले रेलवे कर्मचारियों के खिलाफ थीं। वहीं, दिल्ली के स्थानीय निकाय इस मामले में दूसरे नंबर हैं, जिनके कर्मचारियों के खिलाफ 7,665 शिकायतें मिलीं।

रेलवे कर्मियों के खिलाफ मिली शिकायतों में से 9,881 का निपटारा कर दिया गया, 566 लंबित हैं। दिल्ली के स्थानीय निकायों, जिनमें दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विभाग निगम, दिल्ली परिवहन निगम, दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड, दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद शामिल हैं, के खिलाफ मिली शिकायतों में से 7,278 का निपटारा कर दिया गया और 387 लंबित हैं।

किसके खिलाफ कितनी शिकायतें...4,476 शिकायतें आवासीय एवं शहरी मामले, 4,420 कोयला मंत्रालय, 3,217 श्रम मंत्रालय, 2,749 पेट्रोलियम मंत्रालय और 2,309 शिकायतें गृह मंत्रालय कर्मियों के खिलाफ दर्ज की गईं हैं।

7,830 शिकायतों का नहीं हुआ निपटारा...रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में मिली भ्रष्टाचार की कुल 74,203 शिकायतों में से 66,373 का निपटारा हो गया है और 7,830 लंबित हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कर्मचारियों के खिलाफ 7,004 शिकायतें मिलीं जिनमें 6,667 का निस्तारण कर दिया गया। दिल्ली सरकार के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की 6,638 शिकायतों में से 6,246 का निपटारा हो गया। दिल्ली के पुलिस कर्मियों के खिलाफ 5,313 शिकायतों में से 3,325 का निस्तारण कर दिया गया।

ईपीएस पेंशनभोगियों के लिए बड़ा एलान, 1 जनवरी से भारत में कहीं भी किसी भी बैंक शाखा से मिलेगी पेंशन

नई दिल्ली ईपीएस पेंशनभोगियों को 1 जनवरी 2025 से भारत में कहीं भी किसी भी बैंक, किसी भी शाखा से पेंशन मिलेगी। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने बुधवार को यह एलान किया। मंडाविया ने बताया कि ईपीएफ कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के लिए केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। सीपीपीएस के जरिए राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीकृत प्रणाली स्थापित की जाएगी जो पूरे भारत में किसी भी बैंक, किसी भी शाखा के माध्यम से पेंशन वितरण को सक्षम बनाएगा।

सरकार पेंशनभोगियों की मदद के लिए प्रतिबद्ध: मंडाविया...केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा, "केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) की मंजूरी ईपीएफओ के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।" मंडाविया ने कहा कि यह कदम यह ईपीएफओ को अधिक मजबूत, उत्तरदायी और तकनीक-सक्षम संगठन में बदलने के हमारे प्रयासों की दिशा एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि हम ईपीएफओ सदस्यों और पेंशनभोगियों की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

78 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को मिलेगा लाभ...श्रम व रोजगार मंत्रालय के अनुसार केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली से ईपीएफओ के 78 लाख से अधिक ईपीएस पेंशनभोगियों को लाभ होने की उम्मीद है। उन्नत आईटी और बैंकिंग प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके, यह पेंशनभोगियों को अधिक कुशल, निर्बाध और उपयोगकर्ता के लिहाज से अनुकूल अनुभव प्रदान करेगा।

सीपीपीएस पूरे भारत में पेंशन का वितरण करेगा सुनिश्चित...सीपीपीएस पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में स्थानांतरित करने की आवश्यकता के बिना पूरे भारत में पेंशन का वितरण सुनिश्चित करेगा, भले ही पेंशनभोगी एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट हो जाएं या अपना बैंक या शाखा बदल लें। यह उन पेंशनभोगियों के लिए एक बड़ी राहत होगी जो सेवानिवृत्ति के बाद अपने गृहनगर चले जाते हैं। यह सुविधा 1 जनवरी 2025 से ईपीएफओ के चल रहे आईटी आधुनिकीकरण प्रोजेक्ट सेंट्रलाइज्ड आईटी इनेबल्ड सिस्टम (सीआईटीईएस 2.01) के हिस्से के रूप में शुरू की जाएगी।

अगले चरण में आधार आधारित भुगतान प्रणाली भी शुरू होगी...श्रम व रोजगार मंत्रालय ने बताया कि अगले चरण में, सीपीपीएस एक आधार आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) को भी सक्षम करेगा। सीपीपीएस मौजूदा पेंशन संवितरण प्रणाली से एक आदर्श बदलाव है जो विकेंद्रीकृत है, जिसमें ईपीएफओ का प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय केवल 3-4 बैंकों के साथ अलग-अलग समझौते रखता है। पेंशनभोगियों को पेंशन शुरू होने के समय किसी भी सत्यापन के लिए शाखा में जाने की भी आवश्यकता नहीं होगी और पेंशन जारी होने पर तुरंत जमा कर दी जाएगी। इसके अलावा, ईपीएफओ को उम्मीद है कि नई प्रणाली में जाने के बाद पेंशन वितरण की उल्लेखनीय लागत में कमी आएगी।

भारत की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ी, व्यापार लागत घटी, एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात लक्ष्य

नई दिल्ली वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत निर्यात के मोर्चे पर अच्छी स्थिति में है। देश वैश्विक व्यापार में लगातार अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है। विश्व बैंक ने कहा, भारत 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर का वस्तु निर्यात लक्ष्य हासिल करने में सक्षम है। हालांकि, इसके लिए तीन उपाय करने होंगे। ये उपाय हैं...व्यापार लागत को घटाना, कारोबारी बाधाएं कम करना और अधिक-से-अधिक देशों तक पहुंच बढ़ाना। इसके अलावा, भारत को अपने निर्यात बास्केट में विविधता लाने के साथ वैश्विक मूल्य शृंखलाओं का लाभ भी उठाना होगा। विश्व बैंक ने मंगलवार को जारी ह्यइंडिया डेवलपमेंट अपडेटह्न रिपोर्ट में कहा, अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए व्यापार की महत्वपूर्ण भूमिका है। महामारी के बाद वैश्विक मूल्य शृंखलाओं के पुनर्गठन ने भारत के लिए कारोबार के मोर्चे पर अवसर पैदा किए हैं। भारत ने राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति और डिजिटल पहलों के जरिये अपनी प्रतिस्पर्धी क्षमता को बढ़ाया है, जिससे व्यापार लागत में कमी आ रही है। हालांकि, टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाएं बढ़ने से व्यापार केंद्रित निवेश की संभावनाएं सीमित हो सकती हैं।

इन क्षेत्रों में निर्यात बढ़ाने की संभावनाएं...विश्व बैंक के भारत में निदेशक ऑगस्ते तानो कोउमे ने कहा, भारत अपनी वैश्विक व्यापार क्षमता का लाभ उठाकर कारोबार को और बढ़ा सकता है। वह आईटी, व्यावसायिक सेवाओं और फार्मा निर्यात में उत्कृष्ट है। भारत के पास वस्त्र, परिधान और फुटवियर के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स व हरित प्रौद्योगिकी उत्पादों का निर्यात बढ़ाने की काफी संभावनाएं हैं। इससे निर्यात बास्केट में विविधता भी आएगी। विश्व बैंक के वरिष्ठ अर्थशास्त्री रैन ली एवं नोरा डिहेल ने कहा, उत्पादन की बढ़ती लागत व घटती उत्पादकता से वैश्विक परिधान निर्यात में भारत का हिस्सा 2022 में 3 फीसदी रह गया। 2018 में यह 4 फीसदी था।

विदेशी मुद्रा भंडार : रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा...रिपोर्ट के मुताबिक, चालू खाते के घाटे में कमी और मजबूत विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के कारण भारत का विदेशी मुद्रा भंडार इस साल अगस्त की शुरूआत में बढ़कर 670.1 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

आईटी व बैंकिंग शेयरों में कमजोरी; सेंसेक्स 203 अंक फिसला, निफ्टी 25200 से नीचे पहुंचा

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लाल निशान पर बंद हुए। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में बिकवाली दिखी। पूरे कारोबारी सत्र में लाल निशान पर कारोबार करते हुए सेंसेक्स 202.80 (0.24%) अंक टूटकर 82,352.64 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 81.15 (0.32%) अंक फिसलकर 25,198.70 पर पहुंच गया। इससे पहले, लगातार 14 दिन की तेजी में निफ्टी 1,141 अंक यानी 4.59 प्रतिशत चढ़ा था। बुधवार के कारोबारी सत्र के बाद विप्रो और कोल इंडिया लिमिटेड के शेयरों में तीन-तीन प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। बुधवार के कारोबारी सत्र के दौरान सेंसेक्स एक समय पर 722 अंक तक टूट गया पर आखिरकार यह 519 अंक रिकवर कर 203 अंकों की गिरावट के साथ 82,352 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में आईटी और वित्तीय सेवा क्षेत्र के शेयर सबसे अधिक गिरावट के साथ बंद हुए। इंडेक्स की गिरावट में सबसे अधिक आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, एलएंडटी, एक्सिस बैंक, एसबीआई, एमएंडएम और टीसीएस के शेयरों का योगदान रहा। आईटी शेयरों में जिसमें निवेश का एक बड़ा हिस्सा अमेरिकी बाजार से आता है बुधवार के कारोबारी सत्र के दौरान 3% तक टूट गए। निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स भी 1.7% तक फिसल गया। बैंक ऑफ बड़ौदा, कैनरा बैंक और इंडियन बैंक के शेयर में गिरावट आई।जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ह्यह्यअमेरिका में विनिर्माण के कमजोर आंकड़ों से वहां की अर्थव्यवस्था में चिंता बढ़ी है। इसका असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा है। घरेलू स्तर पर ठोस संकेतक के अभाव में बाजार पर वैश्विक रुख का असर देखने को मिलेगा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और अदाणी पोर्ट्स में प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

महिलाओं की ब्यूटी बकेट में जरुरी है इन चीजों का होना

सुंदर दिखना हर महिला की चाहत होती है और सुंदर दिखने के जुनून में वह लिपस्टिक से लेकर हेयर कलर और आंतरिक ब्यूहटी के लिए सभी प्रकार के ब्यूरटी प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने से पीछे नहीं हटती है। हालांकि खुद को ब्यूटी प्रोडक्ट के माध्यिम से व्यक्त करने के बहुत सारे तरीके होते है और अपने लुक को बदलकर आप अपने जीवन बदलाव ला सकती है।



सुंदर दिखना हर महिला की चाहत होती है और सुंदर दिखने के जुनून में वह लिपस्टिक से लेकर हेयर कलर और आंतरिक ब्यूहटी के लिए सभी प्रकार के ब्यूरटी प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने से पीछे नहीं हटती है। हालांकि खुद को ब्यूटी प्रोडक्ट के माध्यिम से व्यक्त करने के बहुत सारे तरीके होते है और अपने लुक को बदलकर आप अपने जीवन बदलाव ला सकती है। लेकिन महिलाएं अक्सर ऐसी चीजे छोड़ देती हैं जिससे असलियत में वह अपने लुक को चेंज कर सकती है। महिलाओं के लिये ब्यूटी बकेट में इन चीजों का होना बहुत जरुरी हैं। आइएं हम बताते है ब्यूटी बकेट लिस्टः-

बालों में कलर का इस्तेहमालः- अपने लुक को चेंज करने के लिए अपने बालों को लाल या गोल्डैन रंग से एक बार कलर करने की कोशिश करें। यह कलर स्था यी नहीं होते। इसलिए एक या दो दिन रखने के बाद अगर आपको अच्छार न लगें तो आप इसे हटा सकते हैं। एक अस्थोयी डाई की मदद से आप इसे स्वेयं करें और फिर अपना एक कलरफूल स्लैतफी क्लिक करें।

वैक्सिंग करेंः- वैक्सिंग पेनफूल लगता है, और शायद यह है भी। लेकिन कहते हैं न कि बिना दर्द के कुछ नहीं मिलता, इसलिए स्वगयं को वैक्सै करें। वैक्सी के दर्द का अनुभव मजाक से ज्यादा कुछ नहीं है। साथ ही अच्छे परिणाम को पाकर आप अगली बार वैक्सिंग से प्यावर करने लगेगी।

परफेक्ट रेड लिपस्टिक का इस्तेरमालः- हालांकि परफेक्टट रेड लिपस्टिक को लगाना आसान नहीं है, और कुछ महिलाएं इसे लगाने की कोशिश भी नहीं करती। लेकिन अगर आपने पहले इसे कभी नहीं लगाया है, तो एक बार पार्टी में रेड लिपस्टिक जरूर लगाये। हालांकि कई महिलाओं को कम आकर्षक या डरावनी लग सकती है लेकिन इससे आपकी सुंदरता और आत्मजविश्वायस में चकित करने वाला परिवर्तन देखने को मिलेगा।

अपने लिए सही खुशबू का पता लगाएंः- हो सकता है कि आपने बहुत सारी खुशबू (फ्रेग्रेन्स) को पहले से ही ट्राई किया हो, लेकिन क्याव आपने अभी तक अपने लिए सही खुशबू का पता लगाया है। हर महिला को खुद की पहचान के लिए एक अलग खुशबू होनी चाहिए। ताकी लोग आपको इस खुशबू के कारण किसी और के होने पर भी आपको याद करें।

चुनौती भी लेंः- अपने लुक को बदलने के लिए कुछ ऐसा करें जिससे बदलने से आप हमेशा डरते थे। अपने बालों को छोटा कटवा लें, नाखूनों को काले रंग की पॉलिश लगाये और आपकी आंखों को हमेशा से अच्छीं लगने वाली ड्रेस को ट्राई करें। आप इन सब बदलाव का मजा ही नहीं लेगी बल्कि अंत तक शायद इसे प्या र करेंगी।

स्वयं से करेंः- अगली पार्टी, अगली ऑफिस मीटिंग और अगली शाम को डेटिंग पर जाने से पहले तैयार होने के लिए स्वीयं तैयार होने का तरीका सीखें। अपने बालों से लेकर नाखूनों को नेलपॉलिश करने तक सब कुछ जानें। यह सब स्वायं से करें और फिर देखें कि दूसरों आपको देखकर कैसे प्रभावित होते हैं।

नेचुरल लुकः- अगर आप की सोच यह है कि सिर्फ मेकअप के सहारे ही आप सुंदर और आकर्षक लग सकती हैं तो आपका सोचना गलत है। अगर आप पार्टी में नहीं जा रही हैं तो सप्तापह में कम से कम एक बार बिना मेकअप के रहें, ऐसा करने पर भी आप कम सुंदर नहीं लग सकती क्योंहकि जिस तरह से आपने दिखना तय किया है आप वैसे ही दिख रही हैं।

बदलते मौसम में रखें अपने बालों का ख्याल, अपनाएं नाइट हेयर केयर रूटीन

बदलते मौसम का असर हमारे बालों पर भी पड़ता है। ऐसे में बालों का झड़ना, बालों का रूखा होना आम हो जाता है। यदि आप भी बालों की समस्या से परेशान हैं, तो आपको नाइट हेयर केयर रूटीन पर ध्यान देने की जरूरत है। तो आइए जानते हैं रात में सोने से पहले आपको अपने बालों की देखभाल किस तरह से करनी चाहिए सोने से पहले बालों में हल्के हाथों से मालिश करें। इससे सिर में रक्त संचार अच्छी तरह से होने लगता है। यदि आप भी वर्क फ्रॉम होम हैं और दिनभर के काम व तनाव से राहत पाना चाहती हैं, तो रात में सोने से पहले सिर की मालिश आपको बहुत आराम पहुंचाएगी। इससे तनाव भी कम होगा और नींद भी अच्छी आएगी, साथ ही बालों को पोषण भी मिलेगा। यदि आपके बाल बहुत ज्यादा उलझे और रूखे हैं, तो बालों को ऐसे में सुलझाने पर बाल ज्यादा झड़ते हैं। तब ऐसे में आपको सीरम का इस्तेमाल करना चाहिए। यदि आप उन लोगों में शुमार हैं जिन्हें तेल सिर पर लगाना पसंद नहीं है तो आप सीरम का इस्तेमाल कर सकती हैं। रात में सोते समय यदि आप बाल धो रही हैं, तो बालों को अच्छी तरह से सुखाकर ही सोएं। अगर आप गीले बालों में ही सो जाती हैं तो इससे आपकी बालों की जड़ें कमजोर होने लगेंगी और बाल झड़ने लगेंगे। यदि आप अपने लंबे बालों को सोते समय टाइट बांधकर सोती हैं तो इस आदत को तुरंत सुधार लें। रात में सोते समय ढीला जूड़ा या चोटी बनाकर ही सोएं। बालों को कसे रहने देने से या फिर खुला छोड़ देने से उनके कमजोर होकर टूटने का डर रहता है, ऐसे में बालों के उलझने और टूटने का डर रहता है। हफ्ते में 1 बार हेयर पैक का इस्तेमाल जरूर करें। आप घर पर ही हेयर पैक बना सकती हैं। इसके लिए आपको 1 केला, शहद और दही की जरूरत पड़ेगी। हेयर पैक बनाने का तरीका : 1 केले को अच्छी तरह से मिक्स कर लें।

शोल्डर लेंथ हेयर्स पर बेहद अच्छे लगते हैं यह हेयरस्टाइल्स



अमूमन इंटरनेट पर छोटे या लंबे बालों और उनके हेयरस्टाइल्स की ही चर्चा होती है, लेकिन मिड लेंथ हेयर या यूं शोल्डर लेंथ हेयर्स के बारे में कोई बात नहीं करता। दरअसल, इस तरह के हेयर्स ना तो बेहद छोटे और ना ही लंबे बालों की श्रेणी में आते हैं। हो सकता है कि आप बालों को बहुत अधिक छोटा रखना पसंद ना करती हों, वहीं लंबे बाल अतिरिक्त केयर मांगते हैं। ऐसे में शोल्डर लेंथ हेयर आपके लिए एक परफेक्ट ऑप्शन है। अब सवाल यह उठता है कि शोल्डर लेंथ हेयर्स को किस तरह स्टाइल किया जाए। तो चलिए आज हम आपको हेयरस्टाइलिंग एक्सपर्ट अप्रूव्ड कुछ बेहतरीन हेयरस्टाइल्स के बारे में बता रहे हैं, जो शोल्डर लेंथ हेयर्स पर काफी अच्छे लगते हैं... हेयरस्टाइलिस्ट बताते हैं कि अगर आपके हेयर्स कर्ली हैं और आपके पास इतना समय नहीं है कि आप घंटों अपने हेयर्स को स्टाइल करने में बिताएं। तो शोल्डर लेंथ कर्ली हेयर को स्टाइल करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप बालों की साइड पार्टिंग करें पिन का इस्तेमाल करें। आजकल मार्केट में कई तरह की स्टाइलिश पिन मिलती हैं, जो आपके हेयर के लुक को पूरी तरह बदल सकती हैं।

स्लीक हेयर लुक

यह भी एक सिंपल लेकिन बेहतरीन हेयरस्टाइल है। अगर आप ओपन हेयर लुक रखना चाहती हैं तो ऐसे में आप पहले स्टेटनर की मदद से बालों को एक स्लीक लुक दें। वहीं अगर आपके बाल नेचुरली स्टेट हैं तो ऐसे में आप ब्लो...डाई की मदद से बालों को वाल्यूम दें और फिर ब्रश की मदद से बालों को स्टेट लुक दें। बालों की लेंथ के आखिरी में आप राउंड ब्रश को बाहर की तरह घुमाते हुए कॉम्ब करें। यह आपके हेयर्स को और भी खूबसूरत लुक देगा। यह एक ऐसा हेयरस्टाइल है, जिसे शोल्डर लेंथ की लड़कियां आसानी से बना सकती हैं। हेयरस्टाइलिस्ट कहते हैं कि यह हेयरस्टाइल वेस्टर्न वियर या फिर केजुअल वियर में आपको एक चिक लुक देता है। इसके लिए आप पहले बालों को कॉम्ब करें। इसके बाद आप फ्रंट से हेयर लेते हुए उसे पीछे ले जाएं। इसके बाद आप उसे पोनीटेल लुक दें। आखिरी में पोनीटेल से बन बनाएं।

कुदरती उपाय से पाएं चमकती व दमकती त्वचा

आपके किचन में ही ऐसे अनोखा फॉमूर्ले है जिन्हें आजमाकर आप अपनी चमकती व दमकती त्वचा वासप पा सकती हैं। फल, अंडा और शहद ना केवल हमारी बॉडी के लिये ही अच्छे होते हैं बल्कि इन्हें खाने और लगाने से चेहरे पर निखार भी आता है। भले ही फलों का फेस पैक हो या फिर आप उसे अपनी डाइट में लेती हों, फल पूरी तरह से चेहरे के लिये उपयुक्त होता है।

शहद

इसे आप चेहरे पर हर रोज यूज कर सकते हैं। यह चेहरे से मुंहासा हटाता है और स्किन को कोमल बनाता है। इसे केवल पांच मिनट के लिये लगाएं और फिर चेहरा धो लें। आप एक पैक भी बना सकती हैं, जिसमें शहद, नींबू और चंदन पाउडर मिला हो।

आम

इसमें विटामिन ए और एंटी ऑक्सीडेंट होता है जो कि स्किन में एजिंग से लडता है। साथ ही यह स्किन में खिंचाव पैदा करता है और नई परत लाने में मदद करता है।

पपीता

इसमें एंटीऑक्सीडेंट तथा पपेन नामक इंजाइम होता है, जो कि स्किन की सारी गंदगी को बाहर निकालता है और मृत्य कोशिकाओं को साफ करता है। एक गिलास पपीता पीजिये या फिर पपीते को मैश कर के चेहरे पर लगाये।

संतरा

यह विटामिन सी से भरा होता है जो कि स्किन की बनावट को सुधारता है। इसको खाने से चेहरे पर जल्द झुर्रियां नहीं पडेगी। आप इसके छिलके का पाउडर एक स्क्रबर के रूप में प्रयोग कर सकती हैं।

केला

यह एक प्रभावी मॉइश्चराजर होते हैं, जो कि चेहरे को रिफ्रेश करते हैं। बस एक केला पीसिये और उसमें थोडा सा शहद मिलाइये और चेहरे पर 10 मिनट के लिये लगा कर छोड दीजिये।

नींबू का रस

यह खाने में जितना अच्छा लगता है उसी प्रकार से यह त्वचा के लिये भी अच्छा माना जाता है। यह आपकी स्किन के पोर्स को टाइट करता है, चेहरे से तेल हटाता है और चेहरा एकदम साफ और चमकदार बना देता है। इसे अपने चेहरे पर डायरेक्ट लगाइये और फिर कुछ ही मिनट में धो डालिये।

अंडा

अंडे के सफेद भाग को अपने चेहरे पर लगाइये और कुछ देर में इसे धो लीजिये। यह आपके चेहरे से झुर्रियां मिटाएगा और त्वचा को नमी भी प्रदान करेगा।

स्ट्रॉबेरी

यह एक क्लीजिंग मास्क के तौर पर काम आ सकता है। इसमें विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट होता है। आप स्ट्रॉबेरी को पीस कर सीधे ही चेहरे पर रगड सकती हैं।

छुट्टी के दिन कुछ इस ढंग से करें घर की साफ सफाई

कामकाजी महिलाओं के लिए हर रोज घर की साफ-सफाई अच्छे ढंग से करना थोड़ा मुश्किल होता है। ऐसे में सारे घर की सफाई आप छुट्टी वाले दिन करके अपने घर को चमका सकती हैं। घर के फर्श, दीवारों, टाइल्स, सीढ़ियों तथा उनकी रेलिंग या फर्नीचर की यदि लंबे समय तक सफाई न की जाए तो उन पर पड़े दाग-धब्बे उनकी चमक को धुंधला कर देते हैं। इस लिए जरूरत है कि सप्ताह में एक बार इनकी अच्छी तरह से सफाई करनी चाहिए।

खिड़कियां और दरवाजे

घर में सबसे पहले इन्हें साफ करें, क्योंकि यहां धूल-मिट्टी भी बहुत जमा होती है। अगर दरवाजे लकड़ी के हैं तो उन्हें सूखे कपड़े से साफ करें और खिड़कियों के शीशे को पेपर से साफ करें।मुख्य दरवाजे के पास जूता, चप्पल, पुराने अखबार या अन्य रद्दी का सामान बिल्कुल न रखें।

लिविंग रूम

फर्नीचर को सर्फ की झाग से साफ कर सूखे कपड़े से पोंछ दें। अच्छे से डस्टिंग करें। शो-पीस एवं वास इत्यादि को अच्छे से साफ करें, ताकि कमरा चमकता हुआ लगे।

फ्लोर

घर के फ्लोर को बेकिंग सोडा या फिर नींबू का रस मिले हुए पानी और स्पंज से साफ करें। आप चाहें तो कुछ बूंदें व्हाइट विनेगर की भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे टाइल्स वाला फ्लोर बिल्कुल चमक उठेगा।

बाथरूम

बाथरूम में कीड़े-मकौड़े और कॉक्रोच को मारने के लिए सबसे पहले कीटनाशक स्प्रे का प्रयोग करें। टॉयलैट सीट को भी क्लीनर डाल कर कुछ देर छोड़ दें और फिर उसे साफ करें। बाथरूम की टाइल्स पर से फफूंदी निकालने के लिए उन्हें हाइड्रोजन पैरोक्साइड से साफ करें। इसे सीधा फफूंदी पर डालें, ताकि वह थोड़ी सी नर्म हो जाए और फिर उसे किसी साफ कपड़े के साथ पोंछ दें।

किचन

किचन के सारे डिब्बों को सप्ताह में एक बार गीले कपड़े से साफ करें तथा माह में एक बार अवश्य धो दें। शैल्फ एवं खिड़कियों को साफ कर सिंक को बेकिंग सोडा एवं सिरका से साफ करें तथा फ्लोर को अच्छे से धो लें। एक डब्बी में बेकिंग सोडा डाल कर उसे फ्रिज में रख दें, जिससे उसमें रखी चीजों में ताजगी बनी रहे। इसी तरह कुकिंग रेंज, माइक्रोवेव अवन एवं चिमनी आदि पर भी बेकिंग सोडा मिले पानी में भीगे कपड़े को मलने से इन की गंदगी से छुटकारा पाया जा सकता है।

बैडरूम

बैडरूम में ताजगी लाने के लिए सारी खिड़कियों को छुट्टी वाले दिन खोल दें, ताकि ताजी हवा भी अंदर आ सके। कंबल पर थोड़ा-सा बेकिंग सोडा बुरक कर उसे जोर-जोर से झाड़ दें, इससे उस में से आने वाली बदबू भी दूर हो जाएगी। एयर फ्रैशनर जब घर साफ हो जाए तब एयर फ्रैशनर छिड़कना न भूलें, ताकि घर में आपको खुशबू एवं ताजगी का अहसास हो।

मॉडल्स जैसी खूबसूरती पानी है तो करें ऐसा



जब भी आप किसी मॉडल को देखती हैं तो मन में एक ही सवाल उठता है कि इनमें और हमारी पर्सनैलिटी में कोई ज्यादा फर्क नहीं, फिर भी ये हमसे अलग क्यों दिखती हैं। ये भी वही मेकअप प्रोडक्ट इस्तेमाल करती हैं, जो हम करती हैं या फिर जिन ब्यूटी प्रोडक्ट्स का यह विज्ञापन करती हैं, हम उन्हें खरीद कर इस्तेमाल करती हैं फिर भी जब देखो ये मॉडल्स हमेशा अलग-सी ही नजर आती हैं। बात केवल यह नहीं कि वे कौन-सा ब्यूटी प्रोडक्ट इस्तेमाल करती हैं, परंतु यह जानना बहुत जरूरी है कि वे अपने मेकअप के लिए कौन सी ट्रिक इस्तेमाल करती हैं। मॉडलिंग ग्लैमर का फील्ड है, जहां हर समय खूबसूरत एवं प्रैजेंटिंग दिखना बेहद जरूरी होता है, सो हर मॉडल अपने हिसाब से ही मेकअप करती है और इसके लिए वह पूरी तरह से डैडीकेटेड रहती है। उनके मेकअप टिप्स को सीखने एवं फॉलो करने के बाद आप भी उनके जैसी दिख सकती हैं।



डार्क एवं लाइट मेकअप कांबीनेशन

मॉडल्स के चेहरे या उनकी तस्वीरों को ध्यान से देखेंगी तो पता चलेगा कि कोई भी मॉडल जब अपने लिप्स पर डार्क मेकअप करती है, तो वह चेहरे पर हल्का मेकअप रखती है। जब चेहरे पर मेकअप डार्क होता है, तो वे होंठों पर नैचुरल कलर की लिपस्टिक को इस्तेमाल करती हैं। यही नहीं वे अपने चेहरे के दाग-धब्बों को हटाने के लिए थोड़ा सा कंसीलर इस्तेमाल करती हैं, जिस से उनका चेहरा उभर कर सामने आता है।

कंसीलर के दो शेड

मॉडल्स हमेशा कंसीलर के दो शेड्स इस्तेमाल करती हैं। इस से मेकअप की लुक अच्छी आती है। लाइट कंसीलर को आंखों के पास लगाएं तथा डार्क कंसीलर को चेहरे के बाकी हिस्सों पर अप्लाई करें। इससे आपके चेहरे पर काफी नैचुरल लुक आएगी, जो आपकी खूबसूरती को अलग पहचान देगी।

ड्रामैटिक और सिडक्टिव लिप्स

आपने हमेशा देखा होगा कि मॉडल्स के लिप्स बहुत आकर्षक दिखते हैं। यदि आप भी ऐसे ही लिप्स चाहती हैं, तो सबसे पहले लिप्स पर कंसीलर लगाएं, उसके बाद ही लिपस्टिक अप्लाई करें। आप चाहें तो रैड पैंसिल लाइनर से आऊटिंग दे सकती हैं। रैड कलर की लिपस्टिक ज्यादा हॉट दिखती है।

भरे हुए लिप्स

होंठों की वास्तविक शेप से हट कर लाइनिंग करना और उसके बाद होंठों पर ग्लॉसी लिपस्टिक लगा कर उन्हें निखारना ही भरे हुए लिप्स वाला मेकअप कहलाता है। इस प्रकार लिप्स बड़े और हॉट दिखने लगते हैं।

स्मोकी आइका

आंखों का मेकअप करने से पहले बेस तैयार कर लें। इसके लिए लाइट कलर का फाऊंडेशन लें और इसे लगाएं। फिर हल्के ग्रे कलर के पैंसिल लाइनर से ऊपर से नीचे की ओर अप्लाई करें। बाद में इसे हल्के हाथों से स्मज कर लें। इससे स्मोकी लुक आती है। यह सब करने के बाद ही मस्कारा लगाएं।

बालों के लिए

रूखे बालों पर थोड़ी सी मात्रा में फेस क्रीम लगाने से उनमें चमक आ जाती है, जिससे बाल अच्छी तरह सैट हो जाते हैं।

पेरिस पैरालंपिक: दीप्ति को कांस्य पदक, अवनि पदक से चूकी

#PLAYBOLD
AJEET SINGH
GURJAR
KUMAR

पेरिस, एजेंसी। विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता भारत की दीप्ति जीवनजी ने मंगलवार को यहां पेरिस पैरालंपिक की एथलेटिक्स की महिला 400 मीटर टी20 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता लेकिन स्टार निशानेबाज अवनि लेखरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस एसएच1 स्पर्धा के फाइनल में पांचवें स्थान पर रहते हुए मौजूदा खेलों का दूसरा पदक जीतने से चूक गईं।

इसी महीने 21 बरस की होने वाली दीप्ति ने 55.82 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। वह यूक्रेन की यूलिया शुलियार (55.16 सेकेंड) और विश्व रिकॉर्ड धारक तुर्की की आयसेल ओंडर (55.23 सेकेंड) के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। टी20 श्रेणी बौद्धिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों के लिए है।

भारत के कुल पदकों की संख्या अब 16 हो गई है जिसमें तीन स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य पदक शामिल हैं। भारत को अब तक ट्रैक एवं फील्ड में छह पदक मिले हैं। भारत अभी पदक तालिका में 18वें स्थान पर है।

तेलंगाना के वारंगल जिले के कल्लेडा गांव के खेतिहर मजदूर की बेटी दीप्ति को स्कूल स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उनके एक शिक्षक द्वारा देखे जाने के बाद बौद्धिक रूप से कमजोर होने का पता चला।

बड़े होने पर उनकी इस कमजोरी के कारण उन्हें और उनके माता-पिता को उनके गांव के लोगों के ताने सुनने पड़े। हालांकि पिछले साल एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण जीतने और इस साल मई में पैरा विश्व चैंपियनशिप में विश्व रिकॉर्ड तोड़कर एक और स्वर्ण पदक जीतने के बाद से यही गांव जश्न मना रहा है।

अवनि 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस एसएच1 स्पर्धा के फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं:

अवनि महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस एसएच1 स्पर्धा के फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं।

राजस्थान की 22 साल की यह निशानेबाज कार दुर्घटना में कमर के नीचे के हिस्से में लकवा मारने के कारण 11 साल की उम्र से व्हीलचेयर पर निर्भर हैं। उन्होंने आठ खिलाड़ियों के फाइनल में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग में 420.6 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहते हुए अपना अभियान खत्म किया।

जर्मनी की नताशा हिल्ट्रोप ने कुल 456.5 के साथ स्वर्ण पदक जीता, स्लोवाकिया की वेरोनिका वाडोविकोवा ने 456.1 के साथ रजत और चीन की झांग ने 446.0 के साथ कांस्य पदक जीता।

अवनि ने अच्छी शुरूआत की थी लेकिन वह प्रोन चरण के बाद छठे स्थान पर खिसक गयी। व्हीलचेयर पर निर्भरता के कारण प्रोन निशानेबाजी उनका मजबूत पक्ष नहीं है। उन्होंने इसके बाद स्टैंडिंग चरण में वापसी की कोशिश की लेकिन 8.3 अंक वाला एक निशाना साधने के बाद वह पिछड़ गयी। एसएच1 में खिलाड़ी बिना किसी मुश्किल के बंदूक पकड़ सकते हैं तथा खड़े होकर या बैठकर निशाना लगा सकते हैं।

इससे पहले क्वालीफाइंग चरण में अवनि ने नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग में 1159 स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। इस स्पर्धा में भारत की एक अन्य निशानेबाज मोना अग्रवाल क्वालीफाइंग में 13वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं थी। मोना ने कुल 1147 का स्कोर बनाया था। क्वालीफिकेशन में शीर्ष आठ स्थान पर रहने वाले निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनायी।

अवनि ने मौजूदा खेलों में महिलाओं की 10 मीटर राइफल एसएच 1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था जिसमें मोना को कांस्य पदक मिला था। अवनि ने तोक्यो पैरालंपिक में भी इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था।

भाग्यश्री महिलाओं की एफ34 महिला गोला फेंक में पांचवें स्थान परः

भाग्यश्री जाधव महिलाओं की एफ34 महिला गोला फेंक के फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं।

पैरालंपिक में दूसरी बार हिस्सा ले रही भाग्यश्री ने गोले को 7.28 मीटर की दूरी तक फेंका लेकिन यह पोडियम पर जगह दिलाने के लिए नाकाफी था।

चीन की लिजुआन झोउ ने 9.41 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि पोलैंड की लुसीना कोनोर्बीस ने 8.33 मीटर के प्रयास से रजत पदक अपने नाम किया।

महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले की रहने वाली 39 साल की भाग्यश्री 2006 में दुर्घटना के बाद अपने पैरों का इस्तेमाल नहीं कर पाती। इस घटना के बाद वह अवसाद में चली गईं थी और परिवार तथा मित्रों के उत्साहवर्धन के बाद पैरा खेलों से जुड़ी।

एफ34 वर्ग के खिलाड़ियों को हाइपरटोनिया (कठोर मांसपेशियां), एटैक्सिया (खराब मांसपेशी नियंत्रण) और एथेटोसिस (अंगों या धड़ की धीमी गति) सहित समन्वय संबंधी कमियों से निपटना पड़ता है।

तीरंदाज पूजा 4-0 की बढ़त बनाने के बावजूद क्वार्टर फाइनल में हारीः

विश्व पैरा चैम्पियनशिप की रजत पदक विजेता पूजा जटियां महिला रिकर्व ओपन क्वार्टर फाइनल में पहले दो सेट जीतकर 4-0 की बढ़त बनाने के बावजूद चीन की दिग्गज वू चुनयान के खिलाफ 4-6 की हार के साथ पेरिस पैरालंपिक से बाहर हो गईं।

रियो 2016 में टीम स्वर्ण पदक सहित पैरालंपिक में चार पदक जीतने वाली चीन की 34 साल की दिग्गज चुनयान ने खराब शुरूआत के बाद जोरदार वापसी की। वह पहले सेट में दो बार सात अंक से 23 अंक ही जुटा पाईं थी।

नवारो, सबालेंका और फ्रिट्ज अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में

न्यूयॉर्क, एजेंसी। अमेरिका की एम्मा नवारो ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूनार्मेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना आर्यना सबालेंका से होगा।

पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूनार्मेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली 13वीं वरीयता प्राप्त नवारो ने मंगलवार को फ्लशिंग मीडोज में हमवतन पाउला बडोसा को 6-2, 7-5 से हराया।

नवारो क्वार्टर फाइनल के इस मैच के दूसरे सेट में एक समय पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने आखिरी छह गेम जीत कर पासा पलट दिया। उन्होंने पिछले मैच में गत चैंपियन कोको गॉफ के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन किया था।

दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका को पिछले महीने पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक जीतने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन को 6-1, 6-2 से पराजित करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर भी इस मैच के गवाह बने। संन्यास लेने के बाद पहली बार वह दर्शक के रूप में अमेरिकी ओपन में पहुंचे थे।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका साल का दूसरा और कुल मिलाकर तीसरा ग्रैंड स्लैम टूनार्मेंट जीतने की कवायद में हैं। वह अमेरिकी ओपन में लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में पहुंची हैं। सबालेंका पिछले साल उपविजेता रही थी।

भारत को निचली रैंकिंग वाले मॉरीशस ने गोलरहित ड्रॉ पर रोका

22
17
6
18
9
5
15
INTERCONTINENTAL CUP 2024

हैदराबाद, एजेंसी। भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच के रूप में मनोलो मार्केज का कार्यकाल मंगलवार को यहां इंटरकांटिनेंटल कप के उद्घाटन मैच में निचली रैंकिंग वाले मॉरीशस के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ के साथ शुरू हुआ। फीफा रैंकिंग में 124वें स्थान पर मौजूद भारत ने यहां के जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में शुरू से ही गेंद पर अधिक पकड़ बनाये रखी लेकिन मॉरीशस ने आक्रामक शुरूआत की।

भारतीय खिलाड़ियों के खेल से लग रहा था कि टीम 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने में विफलता से अभी उबरी नहीं है। अपने से 55 स्थान नीचे 174वें पायदान पर काबिज मॉरीशस के खिलाफ जीत दर्ज करने में विफल रहने से राष्ट्रीय टीम के प्रशंसकों को एक बार फिर से निराशा का सामना करना पड़ा।

भारतीय रक्षापंक्ति को आठवें मिनट में भी कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा जब मॉरीशस के जेरेमी विलेन्यूवे सेट-पीस पर गेंद को गोल पोस्ट के करीब ले जाने में सफल रहे लेकिन पहले से सतर्क जैक्सन सिंह शानदार बचाव किया।

मॉरीशस ने इसके बाद भी आक्रमण करना जारी रखा लेकिन उनके खिलाड़ी भारतीय रक्षापंक्ति से पार नहीं पा सकें।

भारतीय टीम को मैच के 34वें मिनट में बढ़त बनाने का मौका मिला। अनिरुद्ध थापा के प्रयास पर मनवीर सिंह गेंद को लेकर गोल पोस्ट की ओर बढ़े लेकिन मॉरीशस के गोलकीपर केविन ओह्म ब्रायन ने अच्छा बचाव किया।

इसके बाद लल्लियानजुआला छांगते ने दायें छोर से टीम के लिए दूसरा मौका बनाया लेकिन थापा ठीक से हेडर लगाने में विफल रहे।

मॉरीशस ने इसके बाद जवाबी हमला किया और टीम बेहद मामूली अंतर से बढ़त बनाने से चूक गयी।

भारतीय टीम ने दूसरे हाफ में बेहतर खेल दिखाया। खिलाड़ियों ने बेहतर समन्वय के साथ मौके बनाये और मॉरीशस की टीम को दबाव में रखा।

थापा की जगह मैदान पर उतरे सहल अब्दुल समद ने मैच के 51वें मिनट में टीम के लिए मौका बनाया लेकिन मॉरीशस के डिफेंडरों ने उसे विफल कर दिया।

दोनों टीम इसके बाद भी कुछ मौके बनाने के बाद उसे गोल में बदलने में विफल रही।

दिमित्रोव के रिटायर होने से टियाफो सेमीफाइनल में

न्यूयॉर्क, एजेंसी। फ्रांसिस टियाफो ने ग्रिगोर दिमित्रोव के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में जीत के बाद यूएस ओपन के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दिमित्रोव को चोट के कारण रिटायर होने के लिए मजबूर होना पड़ा, उस समय टियाफो यहां आर्थर ऐश स्टेडियम में 6-3, 6-7(5), 6-3, 4-1 से आगे थे।

बुल्गारियाई, जो पूरे मैच में वर्चस्व के लिए संघर्ष कर रहा था, तीसरे सेट के बाद के चरणों में काफी संघर्ष करने लगा। आठवें गेम के दौरान, दिमित्रोव के लिए खेलना बहुत अधिक कठिन हो गया और अंततः उन्होंने फिजियो को बुलाया। खेल जारी रखने के अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, दिमित्रोव तीन घंटे और चार मिनट के संघर्ष के बाद रिटायर हो गए।

टियाफो ने मैच के बाद कहा, "मैं नहीं चाहता था कि यह इस तरह खत्म हो, लेकिन मैं आगे बढ़ने से स्पष्ट रूप से खुश हूं। यहां एक और सेमीफाइनल में जगह बनाना अविश्वसनीय है।"

मैच जिस तरह से समाप्त हुआ, उसके बावजूद टियाफो ने अपने प्रदर्शन से खुश होकर कहा, "यह वास्तव में उच्च स्तरीय मैच था।"

टियाफो दो सेटों में लव की बढ़त लेने के करीब थे, जब वह दूसरे सेट में 6-5 पर पहुंच गए, लेकिन दिमित्रोव को टाई-ब्रेक के लिए मजबूर होना पड़ा। एक प्रतिकूल मोड़ में, दिमित्रोव, जो टाई-ब्रेक में 6-3 से आगे थे, ने बैक-टू-बैक पॉइंट पर डबल-फॉल्ट किया। टियाफो ने अपनी ही दोहरी गलती से उसकी बराबरी कर ली, लेकिन अंततः मैच एक-एक सेट पर बराबर हो गया।

टियाफो के आक्रामक रवैये का फायदा मिलता रहा और उन्होंने 14 ब्रेक मौकों के साथ मैच समाप्त किया, जिसमें से छह को भुनाया। दोनों खिलाड़ियों ने अपने सर्वश्रेष्ठ टेनिस का प्रदर्शन किया, जिसमें दिमित्रोव ने शानदार एक-हाथ वाले बैकहैंड फ्लिक और पासिंग शॉट्स दिए, जबकि टियाफो का चतुर स्पर्श और नेट पर त्वरित प्रतिक्रिया पूरे जोरों पर थी।

आगे देखते हुए, टियाफो 2005 यूएस ओपन के बाद पहले पूर्ण अमेरिकी पुरुष प्रमुख सेमीफाइनल में अपने देश के टेलर फ्रिट्ज से भिड़ने के लिए तैयार हैं। 20वीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज अपने आमने-सामने के रिकॉर्ड 6-1 से आगे हैं, हालांकि टियाफो ने 2016 में इंडियन वेल्स में उनके बीच पहला मुकाबला जीता था।

डब्ल्यूटीसी फाइनल तीन मैचों का होना चाहिए : नाथन लियोन

सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल प्रारूप का एक अनोखा और नया तरीका बताया है, जिसमें उन्होंने कई देशों में तीन मैचों की श्रृंखला खेलने का सुझाव दिया है। उनका मानना है कि एक फाइनल मैच के आयोजन के स्थान पर, जहां श्रृंखला का भाग्य एक ही सत्र पर निर्भर हो सकता है, कई मैचों का फाइनल टेस्ट क्रिकेट की भावना और रोमांच को बेहतर ढंग से दर्शाएगा।

आईसीसी ने लियोन के हवाले से बताया, "यह कोई टूनार्मेंट नहीं है। जहां आप सेमीफाइनल में पहुंचकर दो गेम हारकर या कुछ और करके नहीं रह सकते। आपको दो साल के चक्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

"एक चीज जो मैं देखना चाहूंगा, वह यह कि मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल संभावित रूप से तीन मैचों की सीरीज में देखना चाहूंगा। यह थोड़ा बेहतर हो सकता है क्योंकि आप संभावित रूप से एक सत्र में टेस्ट मैच हार सकते हैं, जहां (तीन मैचों की सीरीज में) यह टीमों को वापसी करने, अपना दबदबा दिखाने और 3-0 से जीतने का मौका दे सकता है। वैसे भी हमारे पास समय की कमी है और यह एक चुनौती होगी, लेकिन यह एक चीज है जिसे मैं बदलना चाहूंगा।"

"आप संभावित रूप से इंग्लैंड में एक, भारत में एक, ऑस्ट्रेलिया में खेल सकते हैं।

संग्राम सिंह पाकिस्तान के अली रजा नासिर के खिलाफ करेंगे एमएमए पदार्पण

PRO KUSHTI
USI

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व राष्ट्रमंडल हैवीवेट चैंपियन संग्राम सिंह इस महीने के अंत में जॉर्जिया में गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में पाकिस्तान के अली रजा नासिर के खिलाफ मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) में पदार्पण करेंगे।

एमएमए द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, संग्राम सिंह, एमएमए में शामिल होने वाले पहले भारतीय और भारतीय कुश्ती महासंघ के पहले पुरुष पहलवान (2014-2015), 21 सितंबर को जॉर्जिया के टिबिलिसी में हीरोज स्क्वायर में नासिर के खिलाफ मुकाबला करेंगे। हालांकि, वह पूजा तोमर के बाद एमएमए फाइटर के रूप में प्रतिस्पर्धा करने वाले दूसरे भारतीय होंगे।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि संग्राम सिंह के करियर का यह महत्वपूर्ण अवसर न केवल कुश्ती से मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में उनके सफल बदलाव का प्रतीक है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि एमएमए में अपने पदार्पण के माध्यम से वह इस खेल को भारत में युवा लोगों के करीब लाने के लिए कितने समर्पित हैं। सिंह को उम्मीद है कि एमएमए में शामिल होकर वह उन युवा एथलीटों को एक स्पष्ट रास्ता देंगे जो लड़ाकू खेलों में अपना करियर बनाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, मैं एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता हूं, जहां भारतीय एथलीट अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गर्व से खड़े हों और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में अपना करियर विकसित कर सकें। कुश्ती से एमएमए तक का मेरा अपना सफर सिर्फ. मेरे लिए नहीं है; मैं भारत में इस खेल को आगे बढ़ाना चाहता हूं और हमारे युवा भारतीय सेनानियों के लिए जगह-जगह यात्रा करने और भाग लेने के लिए मार्ग प्रशस्त करना चाहता हूं। मैं उन्हें यह विश्वास दिलाने की उम्मीद करता हूं कि प्रतिबद्धता और प्रयास से वे भी विश्व स्तर पर महानता हासिल कर सकते हैं।

संग्राम सिंह अपने बेहतरीन कुश्ती रिकॉर्ड के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है और भारतीय खेलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। उम्मीद है कि सिंह के मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में संभावित प्रवेश से अंतरराष्ट्रीय लड़ाकू खेल समुदाय में भारतीय एथलीटों का कद बढ़ाने में मदद मिलेगी।

सिंह ने अपनी सफलता की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए कहा, एक खिलाड़ी के तौर पर यह मेरे स्वभाव में है कि मैं इस खेल या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके बारे में अच्छी तरह से जानता हूं। इसके अलावा, मैं मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स को मुक्केबाजी और कुश्ती के साथ-साथ सभी लड़ाकू खेलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हुए देखता हूं।

एमएमए की विज्ञप्ति में कहा गया है कि 2012 में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पेशेवर पहलवान का खिताब जीतने वाले इस एथलीट ने 2015 और 2016 के कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैम्पियनशिप में भी जीत दर्ज की है।

एक नजर

बोपन्ना और सुत्जियादी की मिश्रित युगल जोड़ी सेमीफाइनल में हारी

न्यूयॉर्क, एजेंसी। भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार अल्डिला सुत्जियादी यहां मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में डोनाल्ड यंग और टेलर टाउनसेंड की अमेरिकी जोड़ी से 3-6, 4-6 से हारकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूनार्मेंट से बाहर हो गए। भारत और इंडोनेशिया की जोड़ी ने इससे पहले एक घंटे 30 मिनट से अधिक समय तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में मैथ्यू एबडेन और चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा को हराया था। 44 वर्षीय बोपन्ना पहले ही पुरुष युगल से बाहर हो गए थे। उनकी और एबडेन की जोड़ी तीसरे दौर में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की अर्जेंटीना की 16वीं वरीय जोड़ी से 1-6, 5-7 से हार गई थी। इससे पहले टूनार्मेंट में, सुमित नागल पुरुष एकल के पहले दौर में हार गए थे, जबकि युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी भी पुरुष युगल के अलग-अलग चरणों में हारकर बाहर हो गए थे।

अजीत ने भाला फेंक स्पर्धा में रजत और सुंदर ने कांस्य पदक जीता

पेरिस, एजेंसी। भारतीय एथलीट अजीत सिंह ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पेरिस पैरालंपिक की भाला फेंक एफ46 वर्ग की स्पर्धा में रजत पदक और हमवतन सुंदर सिंह गुजर ने कांस्य पदक जीता। मंगलवार देर रात हुये मुकाबले में अजीत सिंह ने 65.62 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। स्पर्धा के दौरान सुंदर सिंह गुर्जर 64.96 मीटर के अपने चौथे थ्रो के बाद दूसरे स्थान पर थे, लेकिन अजीत सिंह ने वापसी करते 65.62 मीटर का थ्रो करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। मुकाबले के बाद अजीत ने कहा, मैंने टोक्यो (2020) में पैरालंपिक में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, इसलिए इस बार मैंने पदक पर ध्यान केंद्रित किया उसके रंग के पदक पर नहीं। उन्होंने कहा, मेरा ध्यान स्वर्ण पर नहीं था, मैं बस कोई भी पदक जीतना चाहता था, इसलिए मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने, मैं पिछले वर्ष विश्व चैंपियन था, लेकिन इस साल कोबे में विश्व चैंपियनशिप में मुझे केवल कांस्य पदक मिला। मैं उस समय अच्छी स्थिति में नहीं था, क्योंकि मेरा ध्यान पेरिस (2024) के लिए तैयार होने पर था। उन्होंने कहा, तो इस एक रजत पदक का मतलब सबकुछ है। अभी भी सुधार की गुंजाइश है, लेकिन यहां मैं एक पदक जीतना चाहता था और रजत पदक बहुत अच्छा है।

करुणाकरन और सुब्रमण्यम ताइपे ओपन के क्वार्टर फाइनल में

ताइपे, एजेंसी। भारत के सतीश कुमार करुणाकरन और शंकर सुब्रमण्यम ने बुधवार को यहां संघर्ष पूर्ण मुकाबलों में जीत दर्ज करके ताइपे ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन महिला एकल खिलाड़ियों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। करुणाकरन ने थाईलैंड के कांताफोन वांगचारोएन को 24-22, 23-21 से जबकि सुब्रमण्यम ने फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ को 21-12, 19-21, 21-11 से हराया। पुरुष एकल में किरण जॉर्ज पहला गेम जीतने के बावजूद इंडोनेशिया के योहानेस सॉट मार्सेलिनो से 15-21, 21-8, 21-16 से हार गए। महिला वर्ग में थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकीवोंग ने आकर्षी कश्यप को सीधे गेम में 19-21, 18-21 से जबकि दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपे की ताई त्जु यिंग ने तान्या हेमंथ को केवल 27 मिनट में 21-11, 21-10 से हरा दिया। अनुपमा उपाध्याय ने लॉरेन लैम के खिलाफ पहला गेम जीतकर अच्छी शुरूआत की, लेकिन अमेरिकी खिलाड़ी ने शानदार वापसी करके 17-21, 21-19, 21-11 से मैच अपने नाम कर दिया।

पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में शरद ने रजत और मरियप्पन ने कांस्य पदक जीता

पेरिस, एजेंसी। भारतीय एथलीट शरद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद में रजत और मरियप्पन थंगावेलु ने कांस्य पदक जीता। मंगलवार देर रात हुई स्पर्धा में शरद कुमार ने ऊंची कूद टी63 के फाइनल में मुकाबले में 1.88 मीटर की छलांग लगाकर पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ रजत पदक जीता। यह शरद कुमार का दूसरा पैरालंपिक पदक था। उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में 1.83 मीटर की छलांग के साथ कांस्य पदक जीता था। अमेरिका के एजरा फ्रेच ने 1.94 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मरियप्पन थंगावेलु ने ऊंची कूद टी63 के फाइनल में 1.85 मीटर की छलांग लगाते हुए कांस्य पदक जीता। इसी के साथ वह लगातार तीन खेलों में पदक जीतने वाले पहले भारतीय पैरा-एथलीट बन गये है। उन्होंने रियो 2016 में 1.89 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक और टोक्यो 2020 में 1.86 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता था।

बेडोसा को हराकर नवारो पहली बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में

न्यूयॉर्क, एजेंसी। एम्मा नवारो ने मंगलवार को अमेरिकी ओपन टेनिस टूनार्मेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में पाउला बेडोसा को 6-2, 7-5 से हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अमेरिका की 13वीं वरीयता प्राप्त नवारो बृहस्पतिवार को होने वाले सेमीफाइनल में दूसरे नंबर की खिलाड़ी एरिना सबालेंका और सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। नवारो ने मौजूदा टूनार्मेंट से पहले अपने घरेलू ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में कभी कोई मैच नहीं जीता था। चौथे दौर में गत चैंपियन कोको गॉफ को हराने वाली नवारो ने पहला सेट 29 मिनट में जीता लेकिन 26वीं वरीयता प्राप्त बेडोसा ने दूसरे में 5-1 की बढ़त बना ली जिसके बाद नवारो ने लगातार छह अंक जीतकर अंतिम चार में जगह बनाई।

ज्वेरेव पर शानदार जीत से फ्रिट्ज अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में

न्यूयॉर्क, एजेंसी। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने नंबर 4 सीड और 2020 यूएस ओपन उपविजेता जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव पर 7-6(2), 3-6, 6-4, 7-6(3) से जीत दर्ज की और अपने करियर की 33वीं ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता में पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मंगलवार की रात से पहले, फ्रिट्ज ने 2022 की शुरूआत के बाद से मेजर टूनार्मेंटों में अपने सभी चार क्वार्टर फाइनल मैचों में से प्रत्येक में हार का सामना किया था। फ्रिट्ज के हवाले से यूएस ओपन वेबसाइट ने कहा, "मुझे अद्भुत महसूस हो रहा है. पिछले कुछ वर्षों में मैंने क्वार्टर फाइनल पर बहुत नजर डाली है। आज अलग महसूस हुआ. मुझे वास्तव में ऐसा महसूस हुआ कि इसे एक कदम आगे ले जाने का समय आ गया है, और यह उचित ही है कि मैं इस कोर्ट पर इस भीड़ के सामने ओपन में ऐसा कर रहा हूं। इस ग्रैंड स्लैम सीजन में यह दूसरी बार है कि फ्रिट्ज ने जर्मन खिलाड़ी से बेहतर प्रदर्शन किया है, क्योंकि विंबलडन में 16वें राउंड में अमेरिकी खिलाड़ी ने दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ज्वेरेव को हराया था। 2005 में आर्थर ऐश स्टेडियम के अंदर आंद्रे अगासी और रॉबी गिनेप्री के बीच पांच-सेटर की लड़ाई के बाद से कोई भी प्रमुख अमेरिकी सेमीफाइनल नहीं हुआ है। फ्रिट्ज का सेमीफाइनल में हमवतन फ्रांसिस टियाफो से मुकाबला होगा। ज्वेरेव के साथ अपनी एटीपी हेड-टू-हेड श्रृंखला को 5-5 से बराबर करके, फ्रिट्ज ने दूसरी बार एटीपी फाइनल में पहुंचने की अपनी संभावनाओं को भी बढ़ा दिया।

अली गोनी ने किया खुलासा, क्यों नहीं की नताशा स्टेनकोविन से शादी

अली गोनी इन दिनों 'लाफ्टर शैफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' में नजर आ रहे हैं। इसमें सिंगर राहुल वैद्य उनके जोड़ीदार बने हैं। अली लंबे समय से एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन के साथ रिलेशनशिप में हैं। हालांकि कई दफा उनके ब्रेकअप को लेकर खबरें आईं लेकिन ये सब झूठी साबित हुईं। अली हाल ही में कॉमेडियन भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट रूरुमें दिखाई दिए। वहां उन्होंने अपनी जिंदगी की कई अनसुनी बातें शेयर कीं।

अली ने कहा कि मेरा जो इससे पहले रिश्ता था, जो बहुत ही सीरियस था, वो मतलब, उसका कारण ही यही था कि कहीं ना कहीं उसने मुझे बोला कि यार हम जब शादी करेंगे ना फ्यूचर में, तो हम अलग रहेंगे। मैं एक ही लड़का हूं अपने परिवार में, तो इस वजह से मैं अपने परिवार को साथ लेकर चलूंगा। मैं नहीं छोड़ सकता उनको, दुनिया की कोई भी ताकत आ जाएगी। तो यही वजह रही कि हम एक-दूसरे से अलग हो गए।

माना जा रहा है कि अली यहां जिसकी बात कर रहे थे वो उनकी एक्स गर्लफ्रेंड सर्बियाई मॉडल व एक्ट्रेस नताशा स्टेनकोविक थीं। अली और नताशा साल 2018 में डांस रियलिटी शो नच बलिए 9 में नजर आए थे। शो में अली ने कई बार नताशा के साथ ब्रेकअप के बारे में बात की थी। एक बार उन्होंने खुलासा किया था कि ब्रेकअप ने उन्हें बुरी तरह प्रभावित किया, जिससे उनका दिल टूट गया। तब अली ने यह भी बताया था कि उनकी एकमात्र गलती यह थी कि वे नताशा से बहुत प्यार करते थे और जब उनका ब्रेकअप हुआ तो वे तबाह हो गए। अली और नताशा अलग होने से पहले 5 साल तक साथ रहे थे।

बता दें नताशा ने साल 2020 में भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के साथ शादी कर ली थी। हालांकि पिछले महीने उनका तलाक हो गया। नताशा बेटे अगस्त्य को लेकर सर्बिया चली गईं।

किल में राघव जुयाल की एक्टिंग देख डर गई थीं कृतिका कामरा

पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस रहीं कृतिका कामरा अब फिल्मों के साथ-साथ ओटीटी की दुनिया में भी छाई हुई हैं। वह एकदम हटकर किरदार निभा रही हैं और दर्शकों की चहेती बन चुकी हैं। हाल ही वह वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह में नजर आईं, जिसमें उन्हें काफी पसंद किया। इसमें कृतिका कामरा के अलावा राघव जुयाल और धैर्य करवा भी थे। कृतिका ने हाल ही खास बातचीत में पहाड़ों और मुंबई में शूट करने का एक्सपीरियंस शेयर किया।

आपने अपने को-स्टार राघव जुयाल की फिल्म किल देखी है क्या? फिल्म देखने के बाद राघव के साथ शूटिंग करते वक्त आपको डर नहीं लगा?

बिल्कुल, हम अपनी सीरीज ग्यारह ग्यारह की शूटिंग खत्म कर चुके थे। उसके बाद किल फिल्म रिलीज हुई। हमने इसके प्रीमियर में जाकर तालियां बजाई और सीटी बजाई। बेशक राघव का काम इतना जबरदस्त था कि एक बार को मैं डर गई थी। स्क्रीनिंग के बाद मुझे राघव को गले मिलने में डर लग रहा था। बहुत ही कन्विंसिंग रोल था उनका।

आपकी हालिया रिलीज वेब सीरीज एक फैंटसी थ्रिलर है, जिसमें अलग तरीके की घटनाएं घटती हैं। क्या असल जिंदगी में भी कभी आपने महसूस किया कि इस तरीके की घटनाएं आपके साथ कभी घटीं?

यह फिलॉसफी बहुत फैसिनेटिंग है, लेकिन ह्यूमन माइंड बहुत ज्यादा फैसिनेटिंग है। अगर हम किसी चीज के बारे में ज्यादा सोचें, तो हमें वो चीजें ज्यादा दिखने लग जाती हैं। अब जैसे जब से हम लोग ग्यारह ग्यारह से जुड़े हैं और जब से हम शो की बातें कर रहे हैं, तब से बार-बार घड़ी में ग्यारह ग्यारह दिखता रहता है। बजता तो पहले भी दिन में दो बार था, पर अब ज्यादा दिखता है। तो अब लगता है कि कुछ स्पेशल है, एक अलग-सा कनेक्शन हो गया है। एक जिंदगी भर का कनेक्शन हो गया है। वही बात है कि मानो तो भगवान ना मानो तो पत्थर वो वाली बात है।

जब आपको इस शो के लिए अप्रोच किया गया, तो आपकी फीलिंग क्या थी?

मैंने, राघव और धैर्य तीनों ने इस शो के लिए ऑडिशन दिए। ऑडिशन देते वक्त आपके पास थोड़ी इंफॉर्मेशन होती है, लेकिन पूरी स्क्रिप्ट नहीं होती। मुझे शुरू में लगा कि ऐसे शो हम देख चुके हैं। लेकिन जब मैंने पढ़ना शुरू किया, तो मुझे महसूस हुआ कि इसके अंदर जो ये मिस्टिकल एंगल है, ये हमने अभी तक इंडियन सिनेमा में या हृञ्ञ पर नहीं देखा है। इसके अलावा, जो मेरा कैरेक्टर था, वह भी मुझे बहुत पसंद आया। मैंने इससे पहले एक गैंगस्टर का रोल किया था। फिर मुझे पुलिस वाली का रोल करने का मौका मिल रहा था। मैं दोनों टाइमलाइंस में हूं, तो अलग-अलग उम्र के रोल प्ले करना। उसके बाद जब मैं उमेश सर से मिली, तो मुझे लगा कि उनके साथ मुझे काम करना ही करना है।

पैन इंडिया फिल्म कुबेर में बिजनेसमैन की भूमिका में नजर आएंगे जिम सर्भ

जिम सर्भ की अगली फिल्म कुबेर है। यह पैन इंडिया फिल्म है, जिसे नेशनल अवॉर्ड विजेता निर्माता शेखर कम्मुला बना रहे हैं। इसमें जिम सर्भ एक बिजनेसमैन की भूमिका अदा करते दिखाई देंगे। फिल्म से एक्टर का लुक सामने आ चुका है। इस फिल्म की स्टारकास्ट काफी धांसू है। इसमें नागार्जुन, धनुष, रश्मिका मंदाना जैसे सितारे नजर आने वाले हैं।

फिल्म से जिम सर्भ का लुक उनके जन्मदिन के अवसर पर रिलीज हुआ। कल मंगलवार को अभिनेता का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर फैंस को तोहफा मिला। सामने आई तस्वीर में जिम सर्भ कैश के बीच खड़े नजर आ रहे हैं। वे महत्वाकांक्षी बिजनेसमैन की तरह नजर आ रहे हैं। फिल्म में वे ऐसे बिजनेसमैन की भूमिका में हैं, जो अपने पिता के व्यवसाय को आगे बढ़ाता है। जिम ऐसे बिजनेसमैन के रोल में हैं, जो अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाते हुए राह में आने वाली हर चीज को हटाने में वह किसी भी हद तक जा सकता है। इस फिल्म को तमिल और तेलुगु दोनों में भाषाओं में व्यापक स्तर पर रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का साउंडट्रैक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीत निर्देशक देवी श्री प्रसाद तैयार करेंगे। शानदार कहानी, धांसू स्टारकास्ट और नेशनल पुरस्करा विजेता निर्देशक, कुल मिलाकर कुबेर शानदार फिल्म होने वाली है। दर्शकों के बीच इसका उत्साह बन गया है। पोस्टर पर भी यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं और सकारात्मक कमेंट कर रहे हैं।

कार्तिक सुब्बाराज की फिल्म में डांस नंबर में दिखाई देंगी श्रिया सरन

अभिनेत्री श्रिया सरन को आखिरी बार 2024 की हिंदी वेब सीरीज शोटाइम में देखा गया था। अब अभिनेत्री के वर्कफ्रंट को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट की मानें तो वह फिल्म निर्माता कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित अस्थायी शीर्षक वाली फिल्म सूर्या 44 का हिस्सा बन गई हैं। इस फिल्म में वह इसके मुख्य कलाकार सूर्या के साथ एक डांस नंबर में दिखाई देंगी। सूर्या और कार्तिक सुब्बाराज की अगली फिल्म सूर्या 44 का फिल्मांकन पूरे जोरों पर चल रहा है। हालिया रिपोर्टों से पता चलता है कि अभिनेत्री श्रिया सरन, सूर्या अभिनीत फिल्म में डांस नंबर पर थिरकती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने कथित तौर पर ऊटी शेड्यूल के दौरान अपने हिस्से का फिल्मांकन पूरा कर लिया है और कार्तिक सुब्बाराज निर्देशित इस फिल्म में तमिल स्टार के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। हालांकि, निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर फिल्म में श्रिया की भागीदारी की घोषणा नहीं की है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह पहली बार होगा जब श्रिया सूर्या के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। फिल्म के लिए संगीत संतोष नारायणन तैयार कर रहे हैं। सूर्या 44 का फिल्मांकन तेजी से आगे बढ़ रहा है। टीम ने हाल ही में ऊटी में एक शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। प्रोडक्शन अब एक छोटे शेड्यूल के लिए केरल चला गया है। लोकेशन से हाल ही में तमिल अभिनेता सूर्या की एक तस्वीर वायरल हुई थी, जिसमें उनका विंटेज लुक देखने को मिला था।रिपोर्ट्स की मानें तो कुछ दिनों की शूटिंग के बाद टीम एक छोटा ब्रेक लेगी।

फिल्म सूर्या 44 की शूटिंग लगभग 70 प्रतिशत तक पहले ही हो चुकी है और पूरा प्रोडक्शन अक्तूबर तक पूरा होने की उम्मीद है। कार्तिक सुब्बाराज द्वारा लिखित और निर्देशित सूर्या 44 सूर्या और निर्देशक के बीच पहला सहयोग है। फिल्म के एक्शन से भरपूर रोमांटिक कॉमेडी होने की उम्मीद है। हालांकि, टीम ने अभी तक कलाकारों और चालक दल के बारे में अन्य महत्वपूर्ण जानकारी नहीं साझा की है।



अपारशक्ति खुराना ने बांधे अक्षय कुमार की तारीफों के पुल



दंगल और स्त्री जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से अपारशक्ति खुराना ने लोगों के दिलों में अलग छाप छोड़ी है। वह इन दिनों स्त्री 2 की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। इस फिल्म में वह बिट्टू के किरदार के लिए खूब वाहवाही बटोर रहे हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने भी उनके साथ काम किया है। हाल ही में अपाशक्ति ने एक बातचीत में बॉलीवुड के खिलाड़ी की खुलकर तारीफ की है। फिल्म में अक्षय ने सरकटा वंश के आखिरी जीवित सदस्य की भूमिका निभाई है। हालांकि, उनके किरदार को लेकर अभी कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है। बातचीत के दौरान अपारशक्ति खुराना ने अक्षय की हंसाने की कला पर बात करते हुए कहा कि कोई भी उनकी कॉमिक टाइमिंग से मेल नहीं खा सकता।

उन्होंने अमेरिका में शूटिंग के दौरान अक्षय के साथ बिताए 20 दिनों को याद करते हुए कहा कि वह वह असीम ऊर्जा, अनुशासन और इंडस्ट्री में उनके अब तक सफर से अचंभित हैं। स्त्री 2 के सेट पर अक्षय की ऊर्जा और काम के प्रति उनके समर्पण की तारीफ करते हुए अपारशक्ति ने कहा, फ्रजब वह एक सीन भी करने आते हैं, तो भी उनमें ऐसी उर्जा होती है जैसे वह पूरी फिल्म का हिस्सा हों। वह बहुत दिल से काम करते हैं। अपारशक्ति ने अक्षय के कैमियो रोल में भी अपनी छाप छोड़ने पर आश्चर्य व्यक्त किया।

गौरतलब है कि स्त्री 2 में अक्षय कुमार को विशिष्ट भूमिका में देखकर फैंस भी हैरान रह गए थे। लोगों को उनकी कॉमिक टाइमिंग खूब पसंद आई थी।

अभिनेता नानी ने कमल हासन को बताया सिनेमा के लिए उपहार

नानी साउथ के लोकप्रिय और मशहूर अभिनेता हैं। फैंस उन्हें प्यार से नैचुरल स्टार बुलाते हैं। नानी इन दिनों अपनी फिल्म सारिपोधा सानिवारम को लेकर चर्चा में हैं। अभिनेता को साउथ में पसंद करने वाले फैंस की लंबी कतार है। हालांकि, उन्होंने हाल में ही एक अन्य दिग्गज अभिनेता कमल हासन की प्रशंसा की है। उन्होंने दिग्गज अभिनेता के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की है। अभिनेता ने कहा कि वह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक हैं। बातचीत के दौरान अभिनेता नानी से पूछा गया कि उन्हें सबसे ज्यादा किन अभिनताओं ने सबसे ज्यादा प्रेरित किया है। इसका जवाब देते हुए सारिपोधा सानिवारम अभिनेता ने कमल हासन का नाम लिया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सिनेमा ने हमें और निर्देशकों को बहुत कुछ दिया है और अगर हमने सिनेमा को कुछ वापस दिया है, तो वह हैं कमल हासन, सर। मुझे लगता है कि वह सिनेमा के लिए ही एक उपहार हैं। उन्होंने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में कई चीजों में महारत हासिल की है। उन्होंने अपना जीवन सिनेमा को दे दिया है। नानी ने कमल हासन की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने कई चीजों में महारत हासिल की है। इसके साथ ही कई तरह के नए-नए प्रयोग भी किए हैं। उन्होंने आगे कहा,जिस समय में उन्होंने काम किया है, उन्होंने हर चीज सबसे पहले देखी है। उन्होंने सबसे पहले डिजिटल, मेकअप ट्रायल देखा है। अब आगे से जो भी बदलाव होंगे, वो उस पैमाने पर नहीं होंगे। सिनेमा के इस पूरे विकास की प्रक्रिया में कमल सर का योगदान काफी ज्यादा है। अभिनेता नानी शुरू में बतौर निर्देशक ही फिल्मी करियर आगे बढ़ाना चाहते थे। इस इंटरव्यू के दौरान उनसे पूछा गया कि किस चीज ने उन्हें निर्देशन को लेकर प्रेरित किया, तो उन्होंने जवाब दिया कि अलग-अलग समय पर उन्हें अलग-अलग निर्देशकों ने प्रेरित किया। उन्होंने कहा, अलग-अलग समय पर अलग-अलग निर्देशकों ने मुझे प्रेरित किया, लेकिन अगर आप मुझसे मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा के बारे में पूछें, तो वह अमिताभ बच्चन सर हैं। उनकी फिल्म अग्निपथ देखना एक प्रमुख कारण था, जिसके बाद मैं फिल्म निर्देशित करना चाहता था।

बताते चलें कि विवेक अथ्रेया द्वारा निर्देशित, सारिपोधा सानिवारम को तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी और मलयालम में रिलीज किया जा रहा है। हिंदी में ये फिल्म सूर्या का सैटरडे शीर्षक से रिलीज हो रही है। फिल्म में उनके अलावा प्रियंका अरुल मोहन, एसजे सूर्या, मुरली शर्मा, प्रियंका अरुलमोहन, अदिति बालन और अन्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है, जिसे विवेक अथरेया ने ही लिखा भी है। फिल्म का निर्माण डी.वी.वी. द्वारा किया गया है। फिल्म 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

नागा चैतन्य ने अपनी दूसरी शादी पर तोड़ी चुप्पी

नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला ने 8 अगस्त को सगाई कर ली थी। इसके बाद से ही दोनों की शादी की योजनाओं को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि वे अगले साल यानी 2025 में राजस्थान में सात फेरे ले सकते हैं। अब इन अफवाहों पर अभिनेता की प्रतिक्रिया सामने आई है। शादी को लेकर लगाए जा रहे कयासों पर बात करते हुए उन्होंने हाल ही में कहा कि अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है। कार्यक्रम में अभिनेता से पूछा गया कि क्या यह शोभिता के साथ उनकी आगामी शादी की रिहर्सल है, तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा, यह कहा जा सकता है कि मेरी शादी की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। वहीं, जब अभिनेता से यह सवाल किया गया कि वह भव्य तरीके से शादी करना चाहते हैं या फिर सादगी से? इस पर उन्होंने कहा कि यह एक भव्य शादी नहीं होगी, लेकिन लोगों को संस्कृतियों और परंपराओं को ध्यान में रखना चाहिए। इसलिए मैं इसी तरह की शादी चाहता हूं।